114	डॉ. बलिगा सत्येन्द्र सुरेंद्र
115	डॉ. महाजन राहुल यादव
116	डॉ. रोली श्रीवास्तव
117	डॉ. एम. पी. प्रेमनिवास
118	डॉ. वसीम युसुफ कवूस
119	डॉ. अवनीश कुमार सिंह
120	डॉक्टर प्रेम हरिदास मेनन

121	डॉ. गोपालकृष्णाकुरूप राजेश
122	डॉ. गौरव सैनी
123	डॉ. वेंकटेशन एस.
124	डॉ. सुरेश एस.
125	डॉ. काशिफ ए. डब्ल्यू. एस. जे. अनवर
126	डॉ. प्रियदर्शी अमित
127	डॉ. हितेश डावर
128	डॉ. विपुल गर्ग
129	डॉ. ज्योति
130	डॉ. वैशाली जैन
131	डॉ. प्रणव गुप्ता
132	डॉ. दलजीत सिंह
133	डॉ. वल्लुवन आर.
134	डॉ. चिद्रवार राघवेंद्र शशिकांत
135	डॉ. प्रभा कुमारी
136	डॉ. बसवराज कानाजी
137	डॉ. परवीन मल्होत्रा
138	डॉ. बालाजी एम. डी.
139	डॉ. जैन अमित कुमार पवन कुमार
140	डॉ. दिव्या अवस्थी
141	डॉ. गुणजोतिकर शांतनु अनिल
142	डॉ. समरजित सिंह बंसल
143	डॉ. निवेदिता सिंह
144	डॉ. बाबर अश्विन दीपक
145	डॉ. पटेल हेमंतकुमार भीखूभाई
146	डॉ. कपूर सौरभ प्रेमनाथ
147	डॉ. विपन गुप्ता

148	डॉ. मनोज गुप्ता
149	डॉ. खान अशरफ इदरिस
150	डॉ. बिनीता गोस्वामी
151	डॉ. शेख अल्तमश मोहम्मद यूसुफ
152	डॉ. आम्रपाली जयाचंद्रा
153	डॉ. अविशेक दास
154	डॉ. सुधीर कुमार
155	डॉ. मौमिता नाहा
156	डॉ. मीरा लक्ष्मी जे.
157	डॉ. अंकुर गोयल
158	डॉ. तूतनके निर्मला माधव
159	डॉ. सुरभि
160	डॉ. हेमंत सलूजा
161	डॉ. सब्यसाची बर्धन
162	डॉ. अरुण भीकाजी चिंचोले
163	डॉ. अखिलेश राठी
164	डॉ. मीर फैसल मजीद
165	डॉ. दीपू के.
166	डॉ. प्रभु वी.
167	डॉ. हरप्रीत कौर इशर
168	डॉ. शेख फहद मकबूल
169	डॉ. प्रबुद्ध ज्योति दास
170	डॉ. अविका कनथिया
171	डॉ. एलिजाबेथ पृथी वर्गीज
172	डॉ. बिपल्ब मुखोपाध्याय
173	डॉ. बिनीत सिंह
174	डॉ. सुहानी

175	डॉ. मनीषा जना
176	डॉ. ऋषम सिंगला
177	डॉ. गगन कंसल
178	डॉ. संगीता शर्मा
179	डॉ. संचित चौधरी
180	डॉ. आराधना
181	डॉ. रुद्र नारायण पांडे
182	डॉ. नवरत्न रानी गोयल
183	डॉ. प्रशांत लावनिया
184	डॉ. प्रेम सागर
185	डॉ. सारंग शेटे
186	डॉ. अदनान जहूर
187	डॉ. शाफिया अशरफ
188	डॉ. बिनीत सुरेका
189	डॉ. नेहा सूद
190	डॉ. विनीत त्यागी
191	डॉ. निशिकांत कुमार
192	डॉ. सुजीत नारायण
193	डॉ. अनिल सक्सेना
194	डॉ. अपु सतीश
195	डॉ. नेत्रावली हितेश प्रकाश
196	डॉ. मोनिका पुरी
197	डॉ. सुंदरावधनन शशिवधनन
198	डॉ. कपिल गोयल
199	डॉ. ज्योत्सना रानी
200	डॉ. अनुश्री एस.
201	डॉ. एम अजित
202	डॉ. राजेश कुमार लोगिथासन

203	डॉ. राहुल राल्फ सिमा
204	डॉ. ससीनदर एस.
205	डॉ. अभिषेक उपाध्याय
206	डॉ. राणादिवे दत्ताप्रसाद शिवाजी
207	डॉ. इमरान नजीर सालरू
208	डॉ. गोपालकृष्णन आर.
209	डॉ. नीरज गुप्ता
210	डॉ. पुष्पेंद्र नारायण सिंह
211	डॉ. पवन कुमार के. एम.
212	डॉ. निमाड़े अमित सहदेव
213	डॉ. जैन भरत रतनलाल
214	डॉ. पिंटु कुमार सिंह
215	डॉ. विवेक कुमार छिम्पा
216	डॉ. मोहित कुमार
217	डॉ. विधुश्री एस. नायर
218	डॉ. विवेक पाठक
219	डॉ. अनुराग नरूला
220	डॉ. मुशाहिद अली
221	डॉ. शिवांजलि कुमार
222	डॉ. पवन ओझा
223	डॉ. भटनागर नवनीत चंद्रमोहन
224	डॉ. घटावत गौरव भंवरलाल
225	डॉ. विशाल कुमार
226	डॉ. सोमा मुखर्जी
227	डॉ. शैलेंद्र लालवानी
228	डॉ. अभिनव गुलियानी
229	डॉ. रेणु गुप्ता
230	डॉ. पी.आर. प्रमीदा के. प्रभाकरण

231	डॉ. फरहान रसूल
232	डॉ. अनूप मित्तल
233	डॉ. कमल किशोर करनानी
234	डॉ. संजय सिंह
235	डॉ. रचिता शाह
236	डॉ. परीन लालवानी
237	डॉ. गांधी सौरीन प्रदीप
238	डॉ. आशीष रुस्तगी
239	डॉ. सबा अहद
240	डॉ. लक्ष्मी विजय
241	डॉ. अमित दुआ
242	डॉ. कनिका चंद्रा

243	डॉ. सौंकुसरे शिप्रा सुदाम
244	डॉ. हल्के संदीप मेघनाद
245	डाक्टर आनंद हलयाल
246	डॉ. सिंघल अनुज
247	डॉ. अमृता पौलोसे
248	डॉ. पीयूष कुमार सिंह
249	डॉ. नम्रता सेठ
250	डॉ. रितु चौहान
251	डॉ. एस. कल्याणी
252	डॉ. ई. वेंकटचलपति
253	डॉ. महालक्ष्मी बालासुब्रामण्यम
254	डॉ. ईश्वर राजा टी.

दिनांक 27 सितंबर, 2013 को आयोजित परिषद की बैठक में अनुमोदित नाम

1	डॉ. परितोष गोगना
2	डॉ. अंकिता प्रसाद
3	डॉ. अक्षय कुमार सक्सेना
4	डॉ. विवेक बिंदल
5	डॉ. अनुज जैन
6	डॉ. एलिजा मित्तल
7	डॉ. कार्तिकेयन के.
8	डॉ. अभिषेक घाटगे
9	डॉ. मालपे अमित सुरेश
10	डॉ. सुरभि व्यास
11	डॉ. जिशा नाहर मुस्तफा
12	डॉ. गायत्री विजयन बी.

13	डॉ. स्मिता नवानी
14	डॉ. बलराम रविशंकर
15	डॉ. रविशेखर एन. हिरेमठ
16	डॉ. बिजयराज राजनबाबू
17	डॉ. नायर दिव्या मोहनचंद्रन
18	डॉ. दिव्या वी.
19	डॉ. चंद्रमोहन आर.
20	डॉ. रूद्रजीत कांजीलाल
21	डॉ. तन्मय दत्ता
22	डॉ. रीतेंद्र नाथ तालपत्रा
23	डॉ. टुटेजा सनेश विजय
24	डॉ. जयदीप मुखर्जी

25	डॉ. शिवरामन जी.
26	डॉ. बनुश्री सी. एस.
27	डॉ. सायन पॉल
28	डॉ. अवधेश ओली
29	डॉ. नितेश गहलोत
30	डॉ. बिनीथा दास सी. ए.
31	डॉ. विवेक शर्मा
32	डॉ. श्रीराम प्रसाद ए. वी.
33	डॉ. विकास सिंघल
34	डॉ. शर्मिष्ठा गुप्ता
35	डॉ. पल्लवी गुप्ता
36	डॉ. काकोली भट्टाचार्य
37	डॉ. हरवानी योगेश पुरुषोत्तम
38	डॉ. अर्पित गोयल
39	डॉ. श्रेयस लक्ष्मण पलव
40	डॉ. मोरे अंजली अनंत
41	डॉ. पाठक अभिषेक डी. के.पाठक
42	डॉ. लाईफ्रकपम रणजीत सिंह
43	डॉ. राजीव वशिष्ठ
44	डॉ. तरुण भटनागर
45	डॉ. मनीष सिंह
46	डॉ. देवांग एंग्मो
47	डॉ. हरि प्रसाद सीनप्पा
48	डॉ. गौथम सी.
49	डॉ. संजय शर्मा
50	डॉ. त्रेहन विक्रम

51	डॉ. द्रोणाचार्य राउत
52	डॉ. सतविंदर सिंह बख्शी
53	डॉ. मोहम्मद उस्मान खान
54	डॉ. दीपक मिश्रा
55	डॉ. गिनोया श्वेता रमणीकभाई
56	डॉ. गेडिया हेतल कमलेशकुमार
57	डॉ. कबीर ए.
58	डॉ. दास आशीषकुमार प्रमोदभाई
59	डॉ. अनवर सालेह के. के.
60	डॉ. रमेश कुमार आर.
61	डॉ. राजेश रेड्डी सन्नारेड्डी
62	डॉ. रवि वी.
63	डॉ. नितिन पुरी
64	डॉ. संध्या ए. के.
65	डॉ. सत्यम
66	डॉ. प्रीत मोहिंदर सिंह
67	डॉ. बोरले अनुराधा पुरुषोत्तम
68	डॉ. प्रमोद रंजन रॉय
69	डॉ. सीना के.
70	डॉ. हरिकृष्णा डी.
71	डॉ. तनवीर हुसैन
72	डॉ. असलम अजीज रिजवी
73	डॉ. अपूर्व ग्रोवर
74	डॉ. अनुजा जयंत जोशी
75	डॉ. बी. रॉय विल्सन आर्मस्ट्रांग
76	लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) विशाल विष्णु तिवारी

77	डॉ. डिंपल अजमेरा
78	डॉ. सुबोध बंसल
79	डॉ. सौरभ जैन

अकादमी की सूची में अध्येता/सदस्य

	मानद अध्येता	अध्येता एफएएमएस	सदस्य एमएएमएस	सदस्य एमएनएएमएस
दिनांक 31.03.2013 की यथास्थिति	3	822	1685	3707
दिवंगत (2013-2014 की अवधि के दौरान)	-	(-) 8	(-) 4	-
वर्ष 2013 में निर्वाचित	-	(+) 30*	(+) 58	-
वर्ष 2013 में सदस्यगण जिन्होंने अध्येतावृत्ति प्राप्त की	-	-	(-) 12	-
वर्ष 2013 में डीएनबी परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने के बाद विनियमन-V द्वारा प्रवेश दिए गए सदस्य	-	-	-	333
दिनांक 31.03.2013 की यथास्थिति रोल पर	**3**	**844**	**1727**	**4040**

* इसमें अध्येतावृत्ति को प्रोन्नत 12 सदस्य सम्मिलित हैं।

चिकित्सा वैज्ञानिकों का व्याख्यान तथा पुरस्कार के लिए नामांकन-2013-14

व्याख्यान तथा पुरस्कार समिति की सिफारिशों के आधार पर परिषद् ने वर्ष 2013-14 के लिए निम्नलिखित वैज्ञानिकों को व्याख्यान तथा पुरस्कार प्रदान करना अनुमोदित कियाः

व्याख्यान	
डॉ. बलदेव सिंह व्याख्यान	डॉ. अजीत कुमार बनर्जी अवकाशप्राप्त आचार्य, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, तंत्रिकाशल्य विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली निवास: ए -3, सेक्टर 26 नोएडा - 201301 (उत्तर प्रदेश)।
व्याख्यान का शीर्षक	तंत्रिकाशल्यक प्रशिक्षण और मूल्यांकन: एक बदलाव की आवश्यकता
डॉ. बी.के. आनंद व्याख्यान	डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ नीति विश्लेषक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, भारत सरकार, मुनीरका, नई दिल्ली।
व्याख्यान का शीर्षक	मान्य अधिगम संसाधन सामग्री के माध्यम से शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने के द्वारा चिकित्सा पुनर्वास में जनशक्ति विकास

डॉ. वी.आर. खानोल्कर व्याख्यान	डॉ. सुब्रत सिन्हा, एफएएमएस निदेशक, राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, नैनवाल मोड़, मानेसर-122050।
व्याख्यान का शीर्षक	ट्यूमर के आणविक पुनः वर्गीकरण के संदर्भ में तंत्रिकाबंधार्बुद में जीन की खोज

कर्नल संघम लाल स्मारक व्याख्यान	डॉ. संजीव मिश्रा, एफएएमएस निदेशक और सीईओ, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, समीप काज़री फाटक, जोधपुर - 342005, राजस्थान।
व्याख्यान का शीर्षक	पित्ताशय के कार्सिनोमा के प्रबंधन में वर्तमान दृष्टिकोणः भारतीय अनुभव

जनरल अमीर चंद व्याख्यान	डॉ. गायत्री रथ, एफएएमएस निदेशक आचार्य, शरीर रचना विभाग, वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज एवं सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली-110029।
व्याख्यान का शीर्षक	स्तन कैंसर में डब्लयूएनटी / β-केटेनिन संकेतकों पर करक्यूमिन का प्रवलीकरण

डॉ. प्राण नाथ छुट्टानी व्याख्यान	डॉ. डी. नागेश्वर राव आचार्य, जैवरसायन विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029
व्याख्यान का शीर्षक	चिकनगुनिया और डेंगू के निदान के लिए आंतरिक अभिकर्मकों का विकास

डॉ. आर.वी. राजम व्याख्यान	डॉ. अमरिन्दर जीत कंवर, एफएएमएस आचार्य और विभागाध्यक्ष, त्वचारोग, रतिजरोग एवं कुष्ठ रोग विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012
व्याख्यान का शीर्षक	विटिलिगो - एक भारतीय परिप्रेक्ष्य

डॉ. के.एल. विग व्याख्यान	डॉ. पीयूष गुप्ता, एफएएमएस आचार्य, बालरोग विभाग विश्वविद्यालय आयुर्विज्ञान कॉलेज दिलशाद गार्डन, दिल्ली-110095
व्याख्यान का शीर्षक	चिकित्सा शिक्षा में आकलन: आगे बढ़ने का समय

अचंता लक्ष्मीपति व्याख्यान	डॉ. एन. श्रीनिवास मूर्ति, एफएएमएस आचार्य एवं निदेशक, अनुसंधान एवं पेटेन्ट प्रभाग गोकुल शिक्षा प्रतिष्ठान (चिकित्सा) एम.एस. रमैया स्वास्थ्य एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान अकादमी, गेट नं. 04, प्रोन्नत अधिगम केंद्र द्वितीय तल, बेंगलुरु-560054
व्याख्यान का शीर्षक	कैंसर महामारी विज्ञान और आहार और पोषण पर बल देते हुए कैंसर के खतरे को कम करने के लिए जीवन शैली संशोधन

अकादमी व्याख्यान	डॉ. भानु एस. वर्मा, एफएएमएस प्रतिष्ठित आचार्य, त्वचारोग, रतिजरोग एवं कुष्ठ रोग बड़ौदा मेडिकल कॉलेज, निर्वाण, एस.आर.पी. मैदान के सामने, मकरपुरा मार्ग, बड़ौदा-390009
व्याख्यान का शीर्षक	त्वचीय अभिव्यक्तियों के संदर्भ में एचआईवी / एड्स

डॉ. एस. जानकी स्मारक व्याख्यान (2013 के लिए)	डॉ. प्रतिभा सिंघी, एफएएमएस आचार्य, प्रधान, बाल तंत्रिका एवं तंत्रिका विकास, बालरोग विज्ञान विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012

व्याख्यान का शीर्षक	भारत में बच्चों में मस्तिष्क संबंधी बीमारियों के बोझ को कम करना - मिशन संभव

डॉ. एस. जानकी स्मारक व्याख्यान (2014 के लिए)	डॉ. प्रमोद कुमार पाल तंत्रिकाविज्ञान आचार्य, क्रिया विकार विशेषज्ञ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिकाविज्ञान संस्थान (निम्हान्स), बेंगलूरू-560029
व्याख्यान का शीर्षक	आनुवंशिकी, तंत्रिकाशरीरक्रियाविज्ञान, संरचनात्मक और कार्यात्मक न्यूरोइमेजिंग के माध्यम से घूमने-अनुमस्तिष्कीय गतिविभ्रमों की विकारी-शरीरक्रिया को समझना

पुरस्कार

डॉ. एस. एस. मिश्रा स्मारक पुरस्कार	डॉ. के.एन. चिदम्बर मूर्ति, अध्यक्ष अनुसंधान एवं सीएएम, अनुसंधान एवं पेटेन्ट प्रभाग एम.एस. रमैया स्वास्थ्य एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान अकादमी, एमएसआरएएलसी बिल्डिंग, एमएसआरआईटी पोस्ट बेंगलुरु-560054
डॉ. आर. एम. कासलीवाल पुरस्कार	डॉ. किम वैफी आचार्य, ऊतक विकृतिविज्ञान विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012

डॉ. विमला विरमानी पुरस्कार	डॉ. पी.एस. जॉन निदेशक, फातिमा माता स्पाइनल कॉर्ड पुनर्योजी केंद्र, विभागाध्यक्ष पुनर्योजी चिकित्सा, सेंट थॉमस अस्पताल, चंगनाचैरी, केरल
श्याम लाल सक्सेना स्मारक पुरस्कार	डॉ. टी. सामराज, एफएएमएस, 24/ 12 सी, लक्ष्मीपुरम, गाँधी रोड, सलेम-636007
दांतव्य लोक स्वास्थ्य पुरस्कार	डॉ. महेश वर्मा, एफएएमएस निदेशक-प्रधानाचार्य मौलाना आज़ाद दंत विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली-110002
डॉ. एस.एस. सिद्धू पुरस्कार	डॉ. ओ.पी. खरबंदा, एफएएमएस आचार्य एवं अध्यक्ष ओर्थोडोंटिक्स एवं डेंटोफेशियल विरूपता प्रभाग, दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029
डॉ. विनोद कुमार भार्गव पुरस्कार	डॉ. बिकाश मेधी अपर आचार्य, भेषजगुण विज्ञान विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़-160012

जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार

परिषद् ने 17 जुलाई, 2013 को आयोजित अपनी बैठक में नियम 35 (डी) के तहत वर्ष 2012 के लिए विशिष्ट तंत्रिकाविज्ञानी डॉ. एडी फिरोज़ भरुचा, एफएएमएस को उनके पिछले छह से अधिक दशकों की उत्कृष्ट शैक्षणिक और वैज्ञानिक उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) के लिए उनकी समर्पित सेवाओं के लिए, और उनके सतत व्यावसायिक, शैक्षिक और सामाजिक योगदान को मान्यता देते हुए, जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार प्रदान करने हेतु अनुमोदित किया है।

वर्ष 2012 के लिए डॉ. एडी फिरोज़ भरुचा, एफएएमएस को उनके 97 वें जन्मदिन पर उनके आवास पर 28 दिसंबर 2013 को जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. (श्रीमति) एस. एस. देशमुख, एफएएमएस एवं पूर्व नैम्स अध्यक्ष ने यह पुरस्कार नैम्स की ओर से प्रदान किया।

स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान

साख समिति की अनुशंसा के आधार पर और परिषद् की सहमति से, वर्ष के दौरान अध्येता चुने गए सबसे युवा जैवचिकित्सा वैज्ञानिक को अकादमी की वार्षिक सभा में स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

डॉ. अशोक कुमार, आचार्य, प्रसूतिविज्ञान और स्त्रीरोगविज्ञान विभाग, मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल, नई दिल्ली, वर्ष 2012 के दौरान अध्येता चुने गए सबसे युवा जैवचिकित्सा वैज्ञानिक थे। उन्होंने 26 अक्तूबर 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में स्वर्ण जयंती स्मारक पुरस्कार व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का विषय था “पोषक तत्वः जिसकी महिलाओं को सर्वाधिक आवश्यकता है” ।

इमारत का रख-रखाव

इमारत के रख-रखाव पर होने वाले व्यय की भागीदारी 50:50 आधार पर एनएएमएस और एनबीई द्वारा की जाती है। गृह-सज्जा और सुरक्षा के कार्य संविदा आधार पर सौंपे गए हैं।

(सभागार इमारत के चित्र के लिए कृपया वार्षिक रिपोर्ट के पृष्ठभाग को देखिए)

वर्ष वृत्तांत (एनल्स) का प्रकाशन

1. खंड 46 संख्या 4 (अक्टूबर - दिसंबर) 2010 अंक मुद्रित और वितरित किया गया था।
2. 2011 और 2012 का कोई अंक अभी तक प्रकाशित नहीं किया गया।
3. खंड 49 संख्या 3 व 4 (जुलाई - दिसंबर, 2013) निद्रा चिकित्सा के लिए समर्पित था मुद्रित और और नैम्स के सभी अध्येताओं / सदस्यों को वितरित किया गया।

   खंड 49 संख्या 3 व 4 (निद्रा चिकित्सा) अंक के अतिथि संपादक आचार्य जे. एस. बजाज और डॉ. वी मोहन कुमार हैं।

मृत्युलेख

अकादमी के निम्नलिखित प्रतिष्ठित अध्येताओं/ सदस्यों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया गया हैः

अध्येताः

1. डॉ. विद्या एन. आचार्या
2. डॉ. श्याम स्वरूप अग्रवाल
3. डॉ. सनत नटवरलाल भगवती
4. डॉ. उमा गोयल
5. डॉ. जे. जी. जॉली
6. डॉ. देवकी नंदन
7. डॉ. परनतपा सेन
8. डॉ. जितेंद्र कुमार त्रिवेदी

सदस्यः

1. डॉ. एच. आर. लूथरा
2. डॉ. आर. एन. मिश्रा
3. डॉ. राम गोपाल शर्मा
4. डॉ. धरनी श्रीनिवास

अनुबंध- I

जोधपुर में दिनांक 26 अक्तूबर, 2013 को आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में डॉ. सी. एस. भास्करन, अध्यक्ष, एनएएमएस द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

हमारे आज के समारोह में आदरणीय मुख्य अतिथि प्रो. आर. चिदंबरम, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और पूर्व अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग, हमारे सम्मानित अतिथि प्रो. जे. एस. बजाज, प्रतिष्ठित अध्यक्ष और सभापति, शैक्षणिक परिषद, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत), प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ और पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. पद्मावती, नैम्स आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्तकर्ता, परिषद के गणमान्य सदस्य, डॉ. संजीव मिश्रा, निदेशक, एम्स - जोधपुर एवं अध्यक्ष आयोजन समिति, डॉ. संजय वधवा, मानद सचिव, नैम्स और डॉ. कुलदीप सिंह, सचिव, आयोजन समिति, गणमान्य अध्येता और सदस्य, नव निर्वाचित अध्येता और सदस्यों, साथियों, प्रतिनिधियों, अतिथियों, देवियों और सज्जनों, मैं नैम्स के 23 वें राष्ट्रपति के रूप में आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और आप सभी का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) के 53 वें वार्षिक सम्मेलन में स्वागत करता हूँ। महोदय, हम वास्तव में आप के आभारी हैं कि आपने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद आज के समारोह में मुख्य अतिथि बनने के हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया और समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए समय निकाला है। हम आपके समर्थन और सद्भावना के लिए धन्यवाद करते हैं।

हमें प्रसन्नता है कि यह सम्मेलन जोधपुर, के इस ऐतिहासिक शहर में आयोजित किया जा रहा है जो कि मारवाड़ राज्य की पूर्व राजधानी और राजस्थान राज्य का वर्तमान में दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यह भारत में उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रमुख शैक्षिक केंद्रों में से एक बन गया है। हमारे सम्मेलन का आयोजन स्थल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान - जोधपुर, नवारंभ छह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों में से एक है। प्रो. संजीव मिश्रा के निदेशन के तहत इस परिसर ने इस वार्षिक सम्मेलन के लिए हमें एक उत्कृष्ट वातावरण और सुविधाएँ प्रदान की हैं। सम्मेलन के वैज्ञानिक कार्यक्रम में दो संगोष्ठियाँ, व्याख्यान श्रृंखला, स्वतंत्र और पुरस्कृत लेख प्रस्तुतियाँ और पोस्टर प्रस्तुतियाँ सम्मिलित हैं।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत) को चिकित्सा के क्षेत्र में ज्ञान और संबद्ध विषयों को बढ़ावा देने, व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, अनुसंधान क्षमता की पहचान करने, पेशेवर और नैतिक आचरण के उच्च मानकों को बनाए रखने, हमारे देश में चिकित्सा और जैव चिकित्सा वैज्ञानिकों को उनके काम को पहचानने और प्रोत्साहित करने और सर्वोच्च क्रम के अनुसंधान को आगे बढ़ा कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के लिए इसके अनुप्रयोग का विस्तार करने और सक्रिय रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की योजना और निर्माण में भाग लेने के लिए स्थापित किया गया है । हमारी अकादमी देश में चिकित्सीय और पराचिकित्सीय पेशेवरों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए सतत चिकित्सा शिक्षा के लिए नोडल एजेंसी के रूप में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है।

वर्ष 1959 में आंध्र प्रदेश सरकार ने आयुर्विज्ञान अकादमी की स्थापना के लिए प्रस्ताव की पहल की थी। भारत सरकार ने आवश्यकता को पहचानते हुए भारत के अन्य राष्ट्रीय संस्थानों के साथ बराबरी पर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की स्थापना की थी। इसे 1961 में भारतीय विज्ञान अकादमी के रूप में पंजीकृत किया गया था जिसे बाद में "राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (भारत)" में परिवर्तित किया गया और तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। प्रथम दीक्षांत समारोह 8 दिसंबर 1963 को आयोजित किया गया था जिसे भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन ने संबोधित किया था। अपने दीक्षांत भाषण में उन्होंने कहा, "मुझे आशा है कि यह आयुर्विज्ञान अकादमी जो अपने संबंधित क्षेत्रों में उपलब्धि-प्राप्त विज्ञान की विभिन्न शाखाओं के व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करती है, जो प्रतिभासंपन्न व्यक्तियों को अपने लक्ष्यों को पाने का प्रोत्साहन प्रदान करती है, इसकी ओर हमारे सभी युवा आशा की दृष्टि से देखेंगे"। उन्होंने आगे कहा, "अकादमी की अध्येतावृत्ति सम्मान की बात होनी चाहिए न कि चालों या साज़िश की बात और यह पूरी तरह कार्य की बात है जिसे प्रकृति में प्रथम श्रेणी के रूप में स्वीकार किया गया है। हमें केवल इसी गुणवत्ता को प्रोत्साहित करना चाहिए"। यही अकादमी का आज तक निर्देशक सिद्धांत है और आशा है कि आगे भी रहेगा।

अकादमी ईमानदारी से हमारे प्रख्यात पूर्ववर्तियों द्वारा निर्धारित परंपराओं का पालन करते हुए पिछले पांच दशकों से अपने उद्देश्यों को पूरा कर रही है। अनुसरण में, हर साल हम चिकित्सा में विभिन्न विषयों और संबद्ध विज्ञान से संबंधित हमारी जैव चिकित्सा वैज्ञानिकों द्वारा उत्कृष्ट

योगदान के लिए मान्यता और प्रतिभा को पोषित एवं प्रोत्साहित करने के लिए अध्येतावृत्ति और सदस्यता प्रदान करना, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं और संबंधित विज्ञानों में उत्कृष्ट योगदान के लिए अकादमी व्याख्यान प्रदान करना और जैव चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिक उन्नति को बढ़ावा देने के लिए अकादमी पुरस्कार और अन्य प्रशस्तियां प्रदान करते हैं। अकादमी की ये प्रशस्तियाँ और पुरस्कार एक कठोर समकक्ष समीक्षा प्रक्रिया के बाद प्रदत्त एक उच्च पोषित गौरव के लिए एक ब्रांड नाम बन गया है और यह हमारा प्रयास रहा है कि हम उत्कृष्टता को अपने प्राथमिक लक्ष्य के रूप में बनाए रखें। वर्तमान में हमारे पास 3 मानद अध्येता, 822 अध्येता, 1685 निर्वाचित सदस्य (एमएएमएस) और अकादमी के जीवित रजिस्टर पर 3707 पंजीकृत सदस्य (एमएनएएमएस) हैं। इस वर्ष 30 अध्येता और 58 सदस्य चुने गए थे।

अकादमी ने पिछले कई दशकों से जैव चिकित्सा विज्ञान के वृद्धि और विकास के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले अध्येताओं को सम्मानित करने के लिए एक आजीवन उपलब्धि पुरस्कार की स्थापना की है और हम वास्तव में बहुत प्रसन्न हैं कि प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ, एक बहुत ही वरिष्ठ साथी और अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. सिवारामाकृष्ण पद्मावती को इस दीक्षांत समारोह में वर्ष 2011 के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है और अकादमी को यह पुरस्कार स्वीकार करके उन्होंने बहुत सम्मानित किया है और हम इस के लिए उनके आभारी हैं।

इस वार्षिक सम्मेलन के दौरान हम प्रख्यात व्यक्तियों द्वारा 10 व्याख्यान और नैम्स पुरस्कृत 7 लेख प्रस्तुतियाँ और वर्ष के सबसे कम आयु के अध्येता द्वारा स्वर्ण जयंती स्मरणोत्सव पुरस्कार व्याख्यान सुनने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। इनमें से डॉ. जानकी स्मारक व्याख्यान और डॉ. एस. एस. सिंधु पुरस्कार और डॉ. विनोद कुमार भार्गव पुरस्कार इस साल से आरंभ किए गए हैं। इसके अलावा विशेषज्ञता के तेजी से विकसित होते क्षेत्रों में दो अन्य महत्वपूर्ण अच्छी तरह से संरचित कार्यक्रम एक "निद्रा चिकित्सा" पर सीएमई - क्षेत्रीय संगोष्ठी के रूप में और दूसरा "पुनर्योजी चिकित्सा" पर नैम्स वैज्ञानिक संगोष्ठी के रूप में क्रमश: कल और आज सुबह आयोजित किए गए।

मुझे आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने नैम्स की 12 वीं पंचवर्षीय योजना के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उल्लेख किया है कि नैम्स जैसे

अभिकरण देश में सतत चिकित्सा शिक्षा के लिए कार्यक्रमों को विकसित करने में उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं। हम, यह सुनिश्चित करने में कि एनडीसी द्वारा नैम्स की भूमिका को मान्यता प्रदान की जाए, प्रोफेसर बजाज के प्रयासों की सराहना करते हैं। 12 वीं योजना दस्तावेज में आरोपित प्रस्तावों को लागू करने के लिए आगे कदम उठाए जा रहे हैं।

सीएमई कार्यक्रम:

जनादेश को पूरा करने के लिए, अकादमी सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और अलग-अलग विषयों में देश के विभिन्न हिस्सों में सम्मेलन, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं के रूप में उन का आयोजन और कार्यक्रमों पर नज़र रखती है। सभी सीएमई विषयों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए चुना जाता है। हमारे दो प्रकार के सीएमई कार्यक्रमों हैं - पहला राष्ट्रीय / क्षेत्रीय / अंतःस्थानिक कार्यक्रम जिनकी नैम्स शैक्षणिक समिति द्वारा योजना बनाई जाती है और निगरानी की जाती है और दूसरा संस्थाओं / मेडिकल कॉलेजों द्वारा आयोजित बाह्यस्थानिक कार्यक्रम जिनकी नैम्स सीएमई कार्यक्रम समिति द्वारा जांच और समीक्षा की जाती है।

2012 -13 वर्ष के दौरान, दो अंतःस्थानिक सीएमई कार्यक्रम, "बच्चों और किशोरों में गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग" विषय पर नैम्स-पीजीआई राष्ट्रीय संगोष्ठी और "सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी" पर नैम्स-एनएफआई राष्ट्रीय संगोष्ठी क्रमश: पीजीआई, चंडीगढ़ और भारतीय पोषण फाउंडेशन, नई दिल्ली में आयोजित किए गए और 18 बाह्यस्थानिक सीएमई कार्यक्रम देश में विभिन्न चिकित्सा संस्थाओं द्वारा आयोजित किए गए।

इस वर्ष 2013-14 से हर साल, स्वास्थ्य में प्राथमिकता वाले चिन्हित क्षेत्रों में कम से कम 5 राष्ट्रीय / क्षेत्रीय संगोष्ठियाँ/ अंतःस्थानिक सीएमई कार्यक्रम और 20 बाह्यस्थानिक सीएमई कार्यक्रम आयोजित करवाने का प्रस्ताव है। अब तक तीन अंतःस्थानिक कार्यक्रम, "स्पाइना बिफिडिया", "नैदानिक अनुसंधान के क्षेत्र में आचार" पर सीएमई कार्यक्रम और "निद्रा चिकित्सा" पर एक संगोष्ठी क्रमशः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश, भुवनेश्वर और जोधपुर में आयोजित किए गए और 5 प्रस्ताव विचाराधीन हैं। इसी प्रकार 5 बाह्यस्थानिक सीएमई कार्यक्रम इस साल अब तक आयोजित किए गए और 3 पर प्रक्रिया जारी है। नैम्स सीएमई कार्यक्रमों को राज्य चिकित्सा परिषदों और एमसीआई द्वारा मान्यता दिलवाने और नैम्स

सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को उनसे समर्थन दिलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

हमारे द्वारा नैम्स वेब साइट / मोनोग्राफ आदि के माध्यम से अधिगम संसाधन सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने, एक अधिगम संसाधन सामग्री पुस्तकालय स्थापित करने और अकादमी के वर्ष वृत्तांतों के प्रकाशन को कारगर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

टेली संयोजकता:

नैम्स ने टेली-सम्पर्कों की स्थापना के माध्यम से सीएमई कार्यक्रमों की पहुँच में सुधार करने के लिए एक प्रमुख प्रयास किया है। स्वास्थ्य विज्ञान में टेली-शिक्षा के लिए नैम्स-पीजीआई केंद्र पंजाब, हरियाणा के मेडिकल कॉलेज और पंजाब और हिमाचल प्रदेश में कुछ जिला अस्पतालों से जुड़ने वाला पहला केंद्र है। इस सफल परिणाम से उत्साहित हो इस साल नैम्स-पीजीआई संगोष्ठी को शिमला और टांडा के साथ सफलतापूर्वक दूरसंपर्क से जोड़ा गया था। हम आईटी समर्थित सेवाओं का बेहतर उपयोग कर राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के माध्यम से सीएमई कार्यक्रमों को अधिक से अधिक मेडिकल कॉलेजों तक पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं।

नैम्स - एम्स अधिशासी मंडल

जोधपुर, भोपाल, रायपुर, पटना, भुवनेश्वर और ऋषिकेश में नव स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों के सहयोग से अकादमी ने नैम्स और एम्स के बीच शैक्षिक सहयोग बढ़ाने के लिए और शैक्षिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए एक नैम्स - एम्स अधिशासी मंडल का गठन किया है। फिलहाल, 12 वीं पंचवर्षीय योजना में चिह्नित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के आधार पर चयनित विषयों पर वर्ष के दौरान प्रत्येक एम्स द्वारा एक संगोष्ठी / सीएमई का आयोजन किए जाने का प्रस्ताव है।

विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग:

वर्ष 2007 में नैम्स ने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसी तर्ज पर, एक समझौता ज्ञापन पर इस साल केंद्रीय विश्वविद्यालय भटिंडा, पंजाब के साथ अकादमी द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। विभिन्न उन्नत तकनीकों में मध्यम स्तर के वैज्ञानिकों के प्रशिक्षण के लिए अन्य विश्वविद्यालयों के साथ एक समझौता करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। देश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के

लिए समग्र और व्यापक रणनीति विकसित करने के क्रम में भारत में स्वास्थ्य विज्ञान के विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षिक सहयोग के विकास की संभावना का पता लगाने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

इस वर्ष के दौरान प्रो. बजाज, अध्यक्ष, नैम्स शैक्षणिक परिषद के अथक प्रयासों के कारण ही महत्वपूर्ण विकासात्मक गतिविधियाँ और उपलब्धियाँ विशेषकर निम्न संभव हो पाई हैं - क) इस सम्मेलन में आयोजित दोनों संगोष्ठियों की अवधारणा, ख) नैम्स 12 वीं योजना दस्तावेज़ का अनुमोदन, ग) नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल का गठन और घ) केंद्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा, पंजाब के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर। हम उनके बहुत आभारी हैं और अब तक की उनको अकादमी को दी गई सेवाओं को मान्यता देते हूए तथा अकादमी को मजबूत करने के लिए उनके निरंतर प्रयासों की प्रशंसा करते हूए आचार्य जे. एस. बजाज को "संरक्षक" के पद पर नियुक्ति प्रदान करने का संकल्प नैम्स परिषद ने अपनी पिछली बैठक में किया है।

अकादमी ने प्रतिष्ठित आचार्य और अकादमी के वरिष्ठ अध्येताओं की विशेषज्ञता का उपयोग करके विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न विषयों में संकाय के स्नातकोत्तर और युवा सदस्यों, कनिष्ठ और मध्य स्तर के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन करना, उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए और चुने हुए उत्कृष्ट केन्द्रों पर नए कौशल प्राप्त करने के लिए यात्रा अध्येतावृत्ति प्रदान करना, वैज्ञानिक और शोध पत्र पेश करने के लिए युवा पेशेवरों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नैम्स पुरस्कार विजेताओं को यात्रा के लिए वित्तीय अनुदान देने की योजनाएं तैयार की हैं। कई पेशेवरों को पहले ही इन कार्यक्रमों से लाभान्वित किया गया है। अकादमी भारत सरकार की विशेषज्ञ समूह की बैठकों और परामर्शदात्री विचार-विमर्श में भाग लेने के द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के तहत नीति रणनीतियों के निर्माण और कार्यक्रमों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाती है।

वर्तमान में, कुछ अपवादों के साथ हमारे देश में मेडिकल कॉलेजों को सबसे बड़ी कठिनाई सही गुणवत्ता और मात्रा की चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में हो रही है, इसके बहुत से और विविध कारण हैं जिनमें हमें इस मोड़ पर जाने की जरूरत नहीं है। हालांकि समय की मांग है कि हम अपने आप को नवीनतम रुझानों के साथ अद्यतन करें और आधुनिक नवीन तकनीकी प्रथाओं और निदान विधियों के साथ अग्रसर रहें। हालांकि हमारी अकादमी 50 साल से अधिक पुरानी है, परंतु यह फिर भी बड़े पैमाने पर जनता की और विशेष रूप में चिकित्सा पेशे की मांग और

आकांक्षा को पूरा करने के लिए इन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार आदर्श संगठन है।

हम ने अभी नव निर्वाचित अध्येताओं और सदस्यों को स्क्रॉल प्रदान किए हैं और जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार सहित व्याख्याताओं और विजेताओं को सम्मानित किया है। इस यादगार अवसर पर अकादमी द्वारा उनको प्रदत्त उपाधियों के लिए मैं अकादमी और अपनी ओर से उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं।

हम बहुत आभारी हैं कि डॉ संजीव मिश्रा, संस्थान के निदेशक और डॉ कुलदीप सिंह, अपर आचार्य एवं अध्यक्ष बाल रोग विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर और उनकी टीम ने अपने अथक प्रयासों से इस सम्मेलन को वास्तव में यादगार बनाया।

समापन से पहले, मैं अपने पिछले अध्यक्षों प्रो. जे. एस. बजाज, डॉ स्नेहलता देशमुख, डॉ पी. के. दवे, डॉ प्रेमा रामचंद्रन, उपाध्यक्ष डॉ मनोरमा बेरी, कोषाध्यक्ष डा कुसुम वर्मा और परिषद के अन्य सदस्यों, नैम्स के मानद सचिव डा संजय वधवा और अकादमी के सभी कर्मचारियों को उनके मार्गदर्शन, सहायता और सहयोग के लिए आभार प्रकट करता हूँ।

मैं प्रो. जे. एस. बजाज को विशेष धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने एक दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में मुझे प्रेरणा और दिशा दी है जिसके कारण मैं इस वर्ष के दौरान अपने कृत्यों का निर्वहन करने में सक्षम हो सका। अंत में मैं अकादमी की ओर से और अपनी ओर से हमारे सम्मानित मुख्य अतिथि प्रो. आर. चिदंबरम को साभार धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने आज हमारे साथ अपने ज्ञान और विचार साझा करने के लिए अपना अमूल्य समय दिया जिससे हमारी अकादमी को मजबूत बनाने में बहुत सहायता मिलेगी।

धन्यवाद।

अनुबंध- //

जोधपुर में दिनांक 26 अक्तूबर, 2013 को आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. आर. चिदम्बरम, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार, द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

"स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा अनुसंधान"

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (नैम्स) के अध्येताओं और सदस्यों तथा इतने सारे प्रतिष्ठित डॉक्टरों और जैव चिकित्सा वैज्ञानिकों के साथ होना बहुत गर्व की बात है। मैं आपकी शैक्षिक परिषद के अध्यक्ष प्रो. जे. एस. बजाज का बहुत आभारी हूँ जिन्होंने मुझे राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के वार्षिक सम्मेलन के भाग इस दीक्षांत समारोह में मुझे आमंत्रित किया। मैं पुरस्कार विजेताओं और नव निर्वाचित अध्येता और सदस्यों को बधाई देता हूँ। चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी शोध उपलब्धियों के बारे में सुनना बहुत सुखद था।

2. जोधपुर का अब भारत की चिकित्सा परिदृश्य में एक विशेष स्थान है क्योंकि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित छह नए एम्स में से एक है। 1974 और 1998 में परमाणु परीक्षण की तैयारियों के दौरान, हम हमेशा जोधपुर के रास्ते से पोखरन गए इसलिए निजी तौर पर भी इसकी मेरे दिल में एक खास जगह है।

3. एक अस्पताल में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। एक तरफ, एक अच्छे अस्पताल को मरीजों को उत्कृष्ट और सस्ती स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करनी चाहिए। अग्रणी न्यूरोसर्जन स्वर्गीय डॉ बी. रामामूर्ति ने कुछ दशक पहले मुझे बताया था कि जब उन्होंने मद्रास मेडिकल कॉलेज का नेतृत्व किया था तब उन्होंने वहाँ के डॉक्टरों से कहा था कि जब वे विकृति विज्ञान जांच का आदेश देते हैं तब दस में से नौ जांचों को असामान्यता दिखानी चाहिए। यह हमारे सीमित विकृति संसाधनों के

उपयोग का सबसे अच्छा तरीका होगा। अब की तुलना में जबकि वे अधिक है थे। इसी प्रकार एक अग्रणी अस्पताल को नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए शीघ्रता करनी चाहिए।

4. हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हम उच्च श्रेणी के निदान और उपचार के अधिकांश चिकित्सा उपकरणों को अब आयात कर रहे हैं। हालांकि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा विकसित सह-60 विकिरण चिकित्सा इकाई भाभाट्रान जैसे कई शानदार अपवाद भी हैं। देश में डॉक्टरों और इंजीनियरों को एक साथ मिल कर अधिक से अधिक इस तरह के उन्नत उपकरणों का स्वदेशीकरण करना चाहिए। डॉक्टरों को अकेले ब्रांडिंग पर नहीं जाना चाहिए।

5. यदि हम एक ज्ञान अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं तो भारत में बुनियादी अनुसंधान, अनुप्रयुक्त अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास, नवाचार और निर्माण कौशल का एक विवेकपूर्ण मिश्रण होना चाहिए। उच्च प्रौद्योगिकी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उत्पादों का स्वदेशीकरण आवश्यक है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर के बारे में विशेष रूप से सच है जहाँ हम, मिशन उन्मुख अभिकरणों को छोड़कर, पीछे हैं। जैसा कि मैंने उन्नत रक्षा उपकरणों के अलग संदर्भ में कहा कि आप अगर आने वाले समय में एक वैश्विक नेता बनना चाहते हैं, तो आपको अक्सर अल्पावधि तक कम विशिष्टताओं के उपकरणों के साथ रहने के लिए तत्पर होना चाहिए जब तक कि वे आपकी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को संतुष्ट करते हैं । यह बात 'चिकित्सा उपकरणों' के क्षेत्र मे भी लागू होती है।

6. मैं समझता हूँ कि विश्व स्तर पर उपलब्ध लगभग 3200 प्रकार के चिकित्सा उपकरणों में से भारत में केवल 100 के आसपास बनाते हैं। यहाँ फिर हमने कुछ उत्कृष्ट पहल है। श्री चित्रा तिरूनल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान में बनाये गये डॉ एम. एस. वालियाथन के यांत्रिक हृदय वाल्व के साथ आरंभ हो कर कई अन्य उपकरणों और जैव उत्पादों का उनके जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी विंग में निर्माण किया गया है। संस्थान ने उद्योगों के साथ अपनी भागीदारी को मजबूत करना जारी रखा है। आईआईटी मद्रास और कुछ अन्य संस्थानों में चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में उद्योगों के साथ संपर्क वाले कुछ अच्छे समूह आ रहे हैं। संयोग

से मैं शासी निकाय और संस्थान निकाय के अध्यक्ष के रूप में श्री चित्रा तिरूनल संस्थान के साथ संबद्ध हूँ।

7. एक अस्पताल को एक अनुसंधान केंद्र भी होना चाहिए। नैदानिक और बुनियादी अनुसंधान दोनों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। भारत में उच्च रोगी भार के कारण यहाँ उच्च गुणवत्ता वाला चिकित्सा अनुसंधान सीमित है। इसे बढ़ाने में नैम्स को काफी हद तक अहम भूमिका निभानी चाहिए। भारत में वैज्ञानिक संस्थानों के बीच सहयोग के साथ विज्ञान का अंतर्राष्ट्रीयकरण भी बढ़ रहा है। विद्युतीय संयोजकता भी इस सहयोग का एक महत्वपूर्ण कारण है।

8. राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क बहु -10 गीगाबिट्स प्रति सेकंड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क वाली राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा कार्यान्वित की जा रही एक परियोजना है जो अंततः भारत में 1500 ज्ञान संस्थानों को आपसे में जोड़ेगी जिनमें से 1100 पहले से ही जुड़े हुए हैं।

9. राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क की उच्च बैंडविड्थ और कम विलंबता की क्षमताओं का प्रदर्शन करने के क्रम में राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न अनुप्रयोगों की मॉडल परियोजनाओं की एक श्रृंखला शुरू की है उनमें से कई चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल पर केंद्रित हैं। प्रत्येक परियोजना सावधानीपूर्वक एक विशिष्ट चुनौती से निपटने के लिए बनायी गई है। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में, राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क ने प्रधान अन्वेषक के रूप में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ एक मॉडल परियोजना का शुभारंभ किया है। आठ संस्थान इस प्रयोग में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ शामिल हो गए और आपसी विमर्श और वास्तविक क्षेत्र परीक्षण के बाद समाधान लेकर आए हैं। यह दिलचस्प है कि वे "नियमित" कौशल 'हस्तांतरण के लिए एनीमेशन के साथ युग्मित उच्च श्रेणी ग्राफिक्स का उपयोग कर (रक्त और मूत्र का नमूना, रक्तचाप की निगरानी, आदि) और प्रत्यक्ष वीडियो कक्षा में विचार विमर्श के लिए भेज रहे हैं और हृदय उन्मुख शल्य चिकित्सा कौशल के बारे में ज्ञान साझा करने के लिए एक संयोजन हैं।

10. एक और मॉडल परियोजना में मूल विचार चिकित्सा जरूरतों को हल करने के लिए इंजीनियरिंग डिजाइन समाधान का उपयोग करना है। कोलैबकैड मंच जो कि मूल रूप से सभी इंजीनियरिंग बारीकियों के साथ तीन आयामी संरचनात्मक अनुकरण करने में सक्षम सॉफ्टवेयर के रूप में डिजाइन किया गया था उसे त्रिआयाम में व्यक्तिगत दंत इमेजिंग समस्या को हल करने के लिए पुनर्लक्ष्यित किया गया था। तीन प्रमुख संगठनों - एनआईसी, सीएसआईओ और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली को इकट्ठा किया गया। एनआईसी ने आईसीटी भाग का ध्यान रखा वहीं सीएसआईओ ने इमेजिंग भाग पर ध्यान केंद्रित किया, और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने अंत उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं को व्यक्त किया जिससे कि कई 2 आयामी छवियों का प्रयोग कर एक 3 आयामी आभासी वास्तविकता बनाई जा सके।

11. मेरा कार्यालय 'सिनर्जी प्रोजेक्ट्स' के लिए वित्त पोषित है जो अलग-अलग संस्थानों में से विभिन्न दक्षताओं वाले वैज्ञानिकों को एक परियोजना पर तालमेल में काम करने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस प्रकार से आर्थोपेडिक ऑन्कोलॉजी में इस्तेमाल के लिए एक पूर्णतया कृत्रिम घुटने का विकास किया गया। इसमें शामिल संस्थानों में आईआईटी बॉम्बे, एनएफटीडीसी, हैदराबाद और टीएमएच, मुंबई थे। पूर्णतया कृत्रिम घुटना अब क्लिनिकल परीक्षण के लिए तैयार है। टाइटेनियम मिश्र से अनिवार्य रूप से बनाया गया यह मेगा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण वर्तमान 'तीसरी औद्योगिक क्रांति' का एक महत्वपूर्ण घटक कहे जाने वाले 'योगात्मक विनिर्माण' के माध्यम से अनुकूलित किया जाना चाहिए जो इंटरनेट के द्वारा संचालित है।

12. तीन साल पहले जब मैं मैकगिल विश्वविद्यालय में था तो मुझे दी गई परियोजनाओं में से एक सी-मस्तिष्क या कनाडा ब्रेन थी जिसमें उनके केनारी नेटवर्क के माध्यम से अल्जाइमर में काम कर रहे सभी वैज्ञानिकों को एमआरआई छवियों को साझा करने के लिए कहा जाता था। हम उनके सहयोग से आई-मस्तिष्क या भारत-मस्तिष्क का विकास कर रहे हैं जिसमें एमआरआई छवियों की तरह सभी चिकित्सीय डाटा साझा करने के लिए एक साथ अल्जाइमर

या पागलपन या शायद स्ट्रोक में काम कर रहे सभी वैज्ञानिकों को एक साथ लाया जाएगा। के ऊपर अनुसंधान के बुनियादी ढांचे की परत के रूप में स्थापित इस मॉडल परियोजना का नेतृत्व दिल्ली के समीप मानेसर में राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र कर रहा है। आईसीएमआर इसे कई मस्तिष्क से संबंधित बहु संस्थागत अनुसंधान परियोजनाओं के लिए एक सामान्य प्रयोजन के बुनियादी ढांचे के रूप में उपयोग करने के लिए योजना बना रहा है।

13. इन मॉडल परियोजनाओं में से हर एक का एक विषय और उद्देश्य है। लेकिन ये केवल प्रदर्शन के लिए हैं और मुझे यकीन है कि राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के माध्यम से चिकित्सा समुदाय सहित वैज्ञानिक समुदाय द्वारा कई और अधिक परियोजनाओं की अवधारणा और उन्हें साकार किया जाएगा।

14. रोगियों के लिए एक शुद्ध और मिलावटरहित रूप में दवाओं की उपलब्धता अभी भी एक मुद्दा बनी हुई है। यह न केवल भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अपितु पश्चिमी दुनिया में विकसित अर्थव्यवस्थाओं में भी एक वास्तविकता है। चिंता का एक प्रमुख कारण बन गया अन्य मुद्दा पर्याप्त नियंत्रण और संतुलन के बिना पूरे भारत में तथाकथित नैदानिक केन्द्रों की बाढ़ है। समस्या के महत्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में इसके प्रभाव को देखते हुए मेरे कार्यालय ने नवंबर, 2008 में मुख्य रूप में भारतीय संदर्भ में नकली और घटिया दवाओं और नैदानिक केन्द्रों का मुकाबला करने के लिए संभव वैज्ञानिक और तकनीकी उपायों पर एक कार्य समूह का गठन करने का निर्णय किया। प्रसिद्ध तंत्रिका शल्य चिकित्सक डॉ पी.एन. टंडन ने बहुत कृपापूर्वक उस समूह का अध्यक्ष बनने का मेरा निमंत्रण स्वीकार कर लिया। सचिवालय मेरा कार्यालय बना रहा, वहीं डॉ टंडन के साथ परामर्श कर चिकित्सा वैज्ञानिकों और उच्च स्तर के पेशेवरों, साथ ही स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों सहित सदस्यों को ध्यान से चुना गया है। इस समूह ने एक उत्कृष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसमें पहले से ही उपलब्ध विभिन्न वैज्ञानिक और तकनीकी उपायों या जो पाइप लाइन में थे उनका परितुलन किया गया है। उनके लाभ और हानि का मूल्यांकन करने के लिए

एक प्रयास किया गया है। यहाँ यह बताना उचित होगा कि दुनिया में कहीं भी अभी तक इस उद्देश्य के लिए किसी भी एक तकनीक को अचूक उपाय के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। इसी तरह कार्य समूह की इस रिपोर्ट में शामिल किसी विशेष तकनीक की कोई व्यक्तिगत पसंद नहीं थी। इसने केवल स्वयं की आवश्यकताओं के अनुसार दवा उद्योग के चुनने के लिए विविध स्रोतों से इकट्ठा कर विभिन्न विकल्पों की एक व्यापक सूची प्रदान की है।

15. 2004 के आरंभ में, कुछ चिकित्सा पेशेवरों द्वारा मेरे कार्यालय का ध्यान उन चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों और उपकरणों के प्रति आकर्षित किया गया जिन पर रोगाणुरहित रूप में नहीं होने के बावजूद रोगाणुरहित की मुहर लगाई गई थी। यह कम या अधिक दुनिया में सभी देशों के लिए लागू होता है। परिणामस्वरूप अक्तूबर 2004 में मेरे कार्यालय ने चिकित्सा पेशेवरों, एक विकिरण विशेषज्ञ और एक सूक्ष्म जैव विज्ञानी के एक कार्यकारी समूह के माध्यम से "भारत में विसंक्रमण आचरण का वैज्ञानिक मूल्यांकन" पर एक रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट का देश में चिकित्सा बिरादरी द्वारा स्वागत किया गया है। बाद में हमें चिकित्सा विसंक्रमण के सभी तीन रूपों - वाष्पदावी, ईथीलीन ऑक्साइड गैस और गामा विकिरण के उपयोग की जिन्हें अब हम वैज्ञानिक संचालन प्रक्रिया कहते हैं, की आवश्यकता अनुभव हुई। अक्टूबर 2008 में मेरे कार्यालय ने उस कार्य के लिए काफी हद तक पहले जैसे संरचना के साथ एक और कार्य समूह का गठन किया लेकिन इसमें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय से एक प्रतिनिधि भी शामिल था। चार वर्षों के भारी भरकम काम के बाद, दूसरे कार्य समूह ने वैज्ञानिक संचालन प्रक्रिया को एक रिपोर्ट के रूप में संकलित किया जो कि मेरा मानना है कि चिकित्सा पेशेवरों, नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल प्रशासकों के प्रयोग के लिए बहुत लाभकारी होगा। इस विषय पर मेरे कार्यालय को नैम्स के साथ राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के माध्यम से एक वेब-कास्ट कार्यशाला चलाने में प्रसन्नता होगी जिसे संग्रहीत और अनुरोध पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

16. मानव सहित सभी जीवों को इतने अद्भुत रूप में एक साथ रखा गया है कि औषधि के अतिरिक्त अनुसंधान का एक बड़ा भाग उनकी संरचनाओं और कार्यों की नकल तैयार करने के

लिए चला जाता है। हड्डियों असाधारण रूप से मिश्रित हैं। रोबोट वैज्ञानिकों अब 'सॉफ्ट रोबोटिक्स' नामक क्षेत्र में एक ऐसे रोबोट का निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं जो कि खरगोश की तरह कूद या साँप की तरह लुढ़क सकते हैं! शारीरिक समस्याओं के समाधान में अनुकूलन तकनीकों में से एक को "तंत्रिका नेटवर्क" कहा जाता है जो कुछ हद तक एक प्राथमिक तरीके से मस्तिष्क की नकल करने का प्रयास करता है। दूसरी ओर, मस्तिष्क में न्यूरॉन्स के साथ बने सर्किट के नेटवर्क में प्रत्येक सर्किट एक निर्धारित कार्य करता है परंतु जिस प्रकार यह एक बिंदु तक विनाश के बावजूद कार्य करने में सक्षम है और इस तंत्रिका सर्किट के आपस में परिवर्तित कार्य कंप्यूटर डिजाइनर की ईर्ष्या का विषय हैं जो कि केवल एक सीमा तक ही अतिरेक और दोष सहिष्णुता वाले कंप्यूटर का निर्माण करने में सक्षम हैं।

17. इसके विपरीत, तंत्रिका विज्ञान की कई प्रमुख शाखाओं में से एक कम्प्यूटेशनल न्यूरोसाइंस भी है जो कंप्यूटर विज्ञान की अवधारणाओं के आधार पर इन सर्किट के सूचना प्रोसेसिंग गुणों का अध्ययन करता है और अब इलेक्ट्रॉनिक चिप्स का प्रयोग कर इस तरह के कार्यात्मक तंत्रिका सर्किट का निर्माण करने के लिए कुछ आरंभिक प्रयास कर रही है। हमारे कार्यालय का एक 'प्रतिभाशाली बच्चे' कार्यक्रम भी है जिसमें विज्ञान और गणित के क्षेत्र में प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान और संवर्धन किया जाता है। इसमें शामिल समूहों में एक अनुप्रयुक्त मनोवैज्ञानिक और संज्ञानात्मक विज्ञान के विशेषज्ञ हैं। सवाल यह है कि क्या प्रतिभाशाली बच्चों के दिमाग अभिज्ञेयता से अलग हैं? यदि हां, तो किस प्रकार से?

18. भविष्य में संभव है कि एक व्यक्ति की जीनोटाइपिंग पूरी तरह से व्यक्तिगत उपचार की ओर ले जाए। दिलचस्प बात यह है कि आयुर्वेद, दूसरी ओर, समग्र उपचार पर बल देता है - एक व्यक्ति की जीनोटाइपिंग की जगह उसकी फीनाटाइपिंग करना। हमारे कार्यालय ने डॉ वालियाथन के नेतृत्व में "आयुर्वेद में एक वैज्ञानिक पहल" विषय पर एक बहुत ही सफल परियोजना को समर्थन दिया है। वे इस क्षेत्र को 'आयुर्वेदिक जैवविज्ञान' कहते हैं।

19. मैं इस अद्भुत अवसर पर आप के साथ होने के लिए एक बार फिर से आप सब और विशेष रूप से प्रो. जे. एस. बजाज का धन्यवाद करता हूँ। मैं समस्त चिकित्सा बिरादरी को शुभकामनाएँ देता हूँ क्योंकि जो चिकित्सकों के लिए अच्छा है वह हम सब के लिए भी अच्छा है!

धन्यवाद।

अनुबंध-III

जोधपुर में दिनांक 26 अक्तूबर, 2013 को आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में प्रतिष्ठित अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि आचार्य जे.एस. बजाज, द्वारा दिए गए अभिभाषण का पाठ

माननीय मुख्य अतिथि डॉ आर चिदंबरम; अध्यक्ष डॉ सी. एस. भास्करन; गणमान्य अतिथि, डॉ एस. पद्मावती; अकादमी के अधिकारी; निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर और आयोजन समिति के सदस्य; आदरणीय अध्येता, प्रतिनिधि और सम्मानित अतिथिगण,

मैं बहुत प्रसन्नता और गर्व के साथ इस संध्या के मुख्य अतिथि डॉ आर. चिदंबरम का स्वागत करता हूँ। डॉ चिदंबरम का परमाणु वैज्ञानिक के रूप में एक प्रतिष्ठित कैरियर रहा है। उनके कैरियर का मार्ग काफी सीमा तक जैव चिकित्सा विज्ञान के साथ गुंथा हुआ है। उन्होंने 1962 में परमाणु चुंबकीय अनुनाद (एनएमआर) में अपनी पीएचडी प्राप्त की है और उन्हें सबसे अच्छी डॉक्टरेट थीसिस के लिए मार्टिन फोर्स्टर पदक से सम्मानित किया गया था। 'चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग के विषय में उनकी खोजों के लिए', पॉल सी. लॉटरबर और सर पीटर मैन्सफील्ड को वर्ष 2003 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसका उपयोग अब हर मेडिकल छात्र भली भांति जानता है ।

विज्ञान में दर्शनशास्त्र की उपाधि के लिए उन्होंने पदार्थ विज्ञान में पढ़ाई की और विटामिन, दवाओं, प्रोटीन और डीएनए के रूप में न्यूक्लिक एसिड सहित कई जैविक अणुओं की संरचना और कार्यों को चिह्नित करने की विधि एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी के साथ काम किया। एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी अभी भी नये पदार्थों की परमाणु संरचना के निरूपण के लिए मुख्य विधि है। आपको याद होगा कि प्रोफेसर डोरोथी हॉजकिन को, एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी का उपयोग कर पेनिसिलिन और विटामिन बी 12 की संरचना समझाने के अपने काम के लिए, 1964 में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अपने द्वारा सुलझाए गए हर प्रमुख अणु के साथ क्रिस्टलोग्राफी को फिर से खोजा। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने जैविक कार्य समझाने के लिए आणविक संरचना का उपयोग कर आधुनिक विज्ञान के विशिष्ट भेदों में से एक की स्थापना करने में मदद की।

मैं दर्शकों को याद दिलाना चाहता हूँ कि डॉ चिदंबरम और में एक अनूठी समानता हैः दोनों को अमेरिका प्रवेश वीजा देने से इनकार कर दिया गया था। डॉ डोरोथी हॉजकिन के साथ यह 1953 में तब घटित हुआ जब उन्हें एक सम्मेलन में प्रोटीन अमीनो एसिड के कुंडलित संरचना की चर्चा के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता लीनुस पॉलिंग द्वारा आमंत्रित किया गया था। इसी तरह जब डॉ चिदंबरम ने जब क्रिस्टलोग्रॉफर के अंतर्राष्ट्रीय संघ के 1998 वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए वीजा के लिए अमेरिका से संपर्क किया तो उन्हें सकारात्मक उत्तर नहीं मिला हालाँकि वे उस के सदस्य थे। परिणामस्वरूप उन्होंने अपना वीजा आवेदन वापस ले लिया। प्रो डोरोथी हॉजकिन को वीजा के इनकार के 11 वर्ष बाद नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था; हमें आशा है और प्रार्थना करते हैं कि डॉ चिदंबरम के साथ भी ऐसा ही हो।

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के निदेशक, और बाद में अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग के रूप में डॉ चिदंबरम ने अनुसंधान और नैदानिक और चिकित्सीय उद्देश्यों, दोनों के लिए भली प्रकार से उच्च गुणवत्ता वाले रेडियो आइसोटोप की एक सतत और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की। पिछले कई वर्षों से वे तीव्र गति वाला साइबरवे प्रदान करने वाले राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क का नेतृत्व कर रहे हैं जो प्रधानमंत्री की वर्तमान दशक को 'नवीनता के दशक' और वर्ष 2012-13 को 'विज्ञान वर्ष' के रूप में सोच की सफलता के लिए एक महत्वपूर्ण निर्धारक बन गया है। राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान और कृषि सहित प्रमुख ज्ञान बांटने के क्षेत्रों में प्रमुख प्रस्तावों को बढ़ावा दे रहा है।

योजना आयोग द्वारा गठित तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों पर समिति के अध्यक्ष के रूप में, हम चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल के वितरण के लिए राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क को एक प्रमुख विधा के रूप में मानते हैं। मुझे दृढ़ विश्वास है कि उनके प्रेरणादायक अभिभाषण को सुनने के बाद आप भी मेरी इस बात से सहमत होंगे कि डॉ चिदंबरम न केवल एक परमाणु वैज्ञानिक हैं अपितु जैव चिकित्सा अनुसंधान की दिशा में प्रमुख योगदान के साथ और दूर-चिकित्सा व दूर-शिक्षा के माध्यम से चिकित्सा ज्ञान और स्वास्थ्य देखभाल का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए एक अग्रणी दूरदर्शी भी हैं।

डॉ एस. राधाकृष्णन द्वारा प्रथम दीक्षांत समारोह अभिभाषण:

50 वर्ष पूर्व 8 दिसंबर, 1963 को राष्ट्रपति डॉ एस. राधाकृष्णन ने अकादमी, जिसे तब भारतीय आयुर्विज्ञान अकादमी के रूप में जाना जाता था, के पहले दीक्षांत समारोह पर भाषण दिया। प्रथम दीक्षांत समारोह की स्वर्ण जयंती पर हम डॉ एस. राधाकृष्णन को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि देते हैं और उस अवसर पर उनके ज्ञानमय शब्दों की महानता दर्शाते हैं। मैं विज्ञान भवन में मौजूद था और उनके प्रबोधन से बहुत प्रेरित था:

"हमारे लड़के और लड़कियाँ, हमारे पुरुष और महिलाएँ, आसूचना या जन्मजात क्षमता में हीन नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ये वे लोग हैं जिन्हें चिकित्सा विज्ञान में प्रथम श्रेणी के शोधकर्ताओं के स्तर तक उठाया जा सकता जैसा कि उन्हें इस देश में अन्य विज्ञानों में उठाया गया है। आपको भी वातावरण, शोध का माहौल, ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेम मिलेगा। यह बात हर युवा मन में डाली जानी चाहिए। आपको उन्हें वे महत्वपूर्ण और रचनात्मक शक्तियों देने के लिए कोशिश करनी चाहिए जिनकी उनमें पूरी क्षमता है और अभिव्यक्ति के लिए पूर्ण अवसर देना चाहिए। मैं समझता हूँ कि यदि हमारे शिक्षक केवल ज्ञान संचारण न कर अनुसंधान के प्रति प्रेम की भावना संचारण करेंगे तो हमारे लड़के और लड़कियों की उनकी इस अपील के लिए पर्याप्त रूप से प्रतिक्रिया होगी।

स्वर्ण जयंती वर्ष में हमारी अकादमी संतुष्ट है कि युवा वैज्ञानिक हमारे वरिष्ठ साथियों के साथ काम करते हुए प्रथम श्रेणी की शोध कर रहे हैं जिसका साक्ष्य कल एक विशेष सत्र में होने वाली नैम्स विजेताओं की वैज्ञानिक प्रस्तुतियाँ हैं। हालांकि, यह प्रयास शायद मामूली है और इसके विस्तार की आवश्यकता है।

यह अक्सर कहा जाता है कि हमारे चिकित्सा संस्थानों में जैव चिकित्सा अनुसंधान, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपकरणों की कमी के कारण पंगु है। मेरे विचार से, यह शायद आंशिक रूप से ही सही है। एक व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो हम लेकिन वॉरेन वीवर द्वारा कहे सत्य के साथ सहमत होंगे। 'विज्ञान तकनीक नहीं है, यह उपकरणों का नहीं है, यह कुछ रहस्यमय पंथ नहीं है, यह एक विशाल मैकेनिकल राक्षस नहीं है। विज्ञान मनुष्य की आत्मा का एक साहस है। यह अनिवार्य रूप से एक कलात्मक उद्यम है, काफी हद तक जिज्ञासा से प्रेरित, काफी हद तक अनुशासित कल्पना द्वारा की गई सेवा है, और काफी हद ब्रह्मांड, जिसका मनुष्य एक भाग है, की तर्कसंगतता में आस्था, क्रम और सौंदर्य पर आधारित है। '

पिछले छह दशकों के दौरान मैं चिकित्सा का एक छात्र रहा हूँ , जैव चिकित्सा विज्ञान के हमारे ज्ञान में एक लंबी छलांग हुई है। वास्तव में यह कहना उचित होगा कि पिछले छह दशकों में वैज्ञानिक ज्ञान के क्षेत्र में जो समेकित प्रगति हुई है वह पिछली छह शताब्दियों के दौरान चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के कारण ही इतनी अधिक हुई है। वे पुरुष और महिलाएँ कौन थे जिनके कारण यह संभव हुआ है? चिकित्सा के इतिहास के एक गहरे आत्मनिरीक्षण पर, मेरा विश्वास दृढ़ हुआ है कि सबसे प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों की विशेषता जो पवित्र त्रिमूर्ति है उसमें सम्मिलित हैं:

(क) बौद्धिक ईमानदारी; (ख) ज्ञानविषयक अंतर्ज्ञान; और (iii) दृढ़ विश्वास का साहस।

बौद्धिक ईमानदारी:

मैं बौद्धिक ईमानदारी का वर्णन करने के लिए दो उदाहरण देना चाहूँगा। फ्रेडरिक ग्रांट बैंटिंग और जॉन जेम्स रिचर्ड मेक्लेओड को 'इंसुलिन की खोज' के लिए 1923 में संयुक्त रूप में नोबेल पुरस्कार मिला था। हालांकि, वास्तविकता यह है कि इंसुलिन की खोज की ओर ले जाने वाले प्रयोगात्मक कार्य की अवधारणा, डिजाइन और कार्यान्वयन फ्रेडरिक बैंटिंग और चार्ल्स बेस्ट द्वारा 1921 की गर्मियों के दौरान तब किया गया था जब शरीरक्रिया विज्ञान के प्रोफेसर मेक्लेओड स्कॉटलैंड में मछली पकड़ रहे थे और गर्मी की छुट्टी का आनंद ले रहा थे। टोरंटो में वापसी पर जब उन्होंने वह परिणाम देखा तो उन्हें महान खोज होने का अनुभव हुआ। पहली बार "अग्न्याशय का आंतरिक स्राव" नामक लेख में बैंटिंग और बेस्ट द्वारा डेटा प्रकाशित किया गया। हालांकि, बाद में एक लेख में मेक्लेओड अपना नाम शामिल करवाने में सफल रहे और इस तरह नोबेल पुरस्कार के दावेदार बन गए। यह पता चलने पर कि नोबेल पुरस्कार से उन्हें और मेक्लेओड को सम्मानित किया गया है, बैंटिंग ने एक तार भेजा: 'किसी भी बैठक या रात के खाने में कृपया निम्नलिखित पढ़ें। मैं खोज में बेस्ट का बराबर का हिस्सा मानता हूँ। मुझे कष्ट हुआ है कि यह नोबेल न्यास द्वारा स्वीकार नहीं किया गया। हम यह पुरस्कार उसके साथ साझा करेंगे।' आज वैज्ञानिकों की पीढ़ियाँ और मधुमेह के लाखों रोगी बैंटिंग और बेस्ट द्वारा की गई इंसुलिन की खोज को साभार याद करते हैं जबकि मेक्लेओड का नाम इतिहास के कूड़ेदान तक ही सीमित रहता है।

इसके विपरीत एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी का उपयोग कर पेनिसिलिन और विटामिन बी 12 की संरचना समझाने के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद डोरोथी हॉजकिन ने अपने सहयोगियों के साथ इसी तरह की तकनीक का उपयोग करते हुए इंसुलिन की संरचना के अध्ययन पर ध्यान केंद्रित किया। सबसे प्रेरणादायक वह था जो बाद में घटित हुआः 1969 में इंसुलिन की संरचना का वर्णन करने वाले नेचर लेख में हॉजकिन की टीम के सदस्यों के नाम वर्णानुक्रम में थे जिनमें उनका नाम पीछे से तीसरे नंबर पर था। युवा अन्वेषकों को मान्यता और निरंतर समर्थन देना विज्ञान की प्रगति के लिए आवश्यक है।

ज्ञानविषयक अंतर्ज्ञान:

अनुसंधान के लिए गहन जुनून अंतःप्रज्ञ बोध की ओर ले जाता है। 'तंत्रिका आवेगों की रासायनिक संचरण से संबंधित उनकी खोजों के लिए' 1936 में सर हेनरी डेल के साथ संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले ओटो लॉएवी की जीवनी से बेहतर इसे कोई नहीं समझा सकता। मैं ओटो लॉएवी के शब्दों में ही इसका वर्णन करता हूँ:

"ईस्टर रविवार (1921) से पिछली रात मैंने उठ कर रोशनी की और पतले कागज की एक छोटी सी पर्ची पर कुछ नोट लिखे। मैं फिर से सो गया। सुबह छह बजे मुझे लगा कि रात के दौरान मैंने कुछ सबसे महत्वपूर्ण लिखा था लेकिन मैं वह लिखा हुआ समझने में असमर्थ था। अगली रात, एक सपने के दौरान तीन बजे, वही विचार फिर आया। मेरे द्वारा सत्रह वर्ष पूर्व कही गई रासायनिक संचरण की परिकल्पना सही थी या नहीं, यह निर्धारित करने के लिए एक प्रयोग का डिजाइन था। मैं तुरंत उठकर प्रयोगशाला गया और रात के डिजाइन के अनुसार एक मेंढक के हृदय पर एक सरल प्रयोग किया। इसका परिणाम बाद में तंत्रिका आवेग के रासायनिक संचरण के सिद्धांत की नींव बना इसलिए मैं संक्षेप में इस प्रयोग का वर्णन करूँगा। दो मेंढ़कों के हृदयों को अलग किया गया एक की तंत्रिकाओं को नहीं छेड़ा गया और दूसरा बिना तंत्रिकाओं के था। दोनों हृदय थोड़े से रिंगर घोल से भरे स्ट्रॉब कैनुला से जुड़े थे। वेगस तंत्रिका की उत्तेजना के दौरान पहले हृदय से रिंगर घोल दूसरे हृदय की ओर गया था। जैसे ही इसकी वेगस को उत्तेजित किया गया यह धीमा हो गया और इसकी धड़कन कम हो गई। इसी प्रकार जब त्वरक तंत्रिका को उत्तेजित किया गया और इस से रिंगर घोल दूसरे में गया तब दूसरा हृदय तेज हो गया और इसकी धड़कन में वृद्धि हो गई। इन परिणामों से स्पष्ट हो गया कि तंत्रिकाएँ हृदय को

प्रत्यक्ष रुप से प्रभावित नहीं करती है लेकिन अपने टर्मिनलों से विशिष्ट रासायनिक पदार्थ छोड़ती हैं जो फिर हृदय के कार्य में भली प्रकार से ज्ञात संशोधन करते हैं जो कि इसकी तंत्रिकाओं के उत्तेजित होने की विशिष्टता है।"

ओटो लॉएवी की कहानी की भी समकालीन प्रतिध्वनि है। तीन हफ्ते पहले, 7 अक्टूबर 2013 को शरीरक्रिया विज्ञान या चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से जेम्स ई रोथमैन, रैंडी डब्ल्यू स्कैकमैन और थॉमस सी. सुडॉफ को 'हमारी कोशिकाओं में एक प्रमुख परिवहन प्रणाली पुटिका यातायात को विनियमित करने वाली मशीनरी की अपनी खोजों के लिए' दिया गया था। थॉमस सुडॉफ की दिलचस्पी इसमें थी कि तंत्रिका कोशिकाओं का मस्तिष्क में एक दूसरे के साथ संवाद कैसे होता है। उन्होंने संकेतन आण्विक न्यूरोट्रांसमीटर की खोज की जो पुटिकाओं द्वारा छोड़े जाते हैं तथा रोथमैन और स्कैकमैन द्वारा खोजी गई मशीनरी का उपयोग कर तंत्रिका कोशिकाओं की बाहरी झिल्ली के साथ जुड़ जाते हैं। इस प्रकार हेनरी डेल और ओटो लॉएवी के साथ आरंभ हुई न्यूरोट्रांसमीटर की कहानी, थॉमस सुडॉफ के कार्य द्वारा अपनी तार्किक परिणति तक पहुँच गयी।

दृढ़ विश्वास का साहस:

एक गुरु युवा प्रशिक्षु को अपनी प्रेरणा और आकांक्षा संचारित कर सकता है और न केवल एक स्थायी विश्वास अपितु दृढ़ विश्वास का साहस भी जगा सकता है। हाल ही के एक उदाहरण से मैं यह स्पष्ट करता हूँ। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में एक राज्य स्तरीय मेडिकल स्कूल में एक चिकित्सा के छात्र और प्रशिक्षु के रूप में तेईस वर्षीय बैरी मार्शल ने सोचा था कि चिकित्सा अनुसंधान लाभशून्य होगा: "जब मैं मेडिकल स्कूल में था तब मुझे लगता है कि चिकित्सा के क्षेत्र में सब कुछ पहले से ही खोजा जा चुका है और मैंने कभी नहीं सोचा कि चिकित्सा अनुसंधान दिलचस्प हो सकता है।" जब वह अपनी रेज़िडेन्सी कर रहा था तब उसके उच्च अधिकारी ने उसे अस्पताल में विकृति विज्ञान के प्रमुख डॉ वॉरेन के साथ मिलने का सुझाव दिया।

इन वर्षों में, आंत्रशोथ और पेट के अल्सर के रोगियों की आमाशय झिल्ली का बायोप्सी नमूना देखते हुए वॉरेन ने एक उल्लेखनीय संगत खोज की: सूजन के लक्षण हमेशा उसी जगह के समीप थे जहाँ सर्पिल आकार के जीवाणुओं को बड़ी संख्या में देखा गया था। जीवाणुओं को

संवर्धित करने के उनके बार-बार के प्रयास असफल रहे थे। उनके सहयोगियों ने इसे एक सनकी विचार मानाः जीवाणु पेट के अम्लीय वातावरण में कैसे जीवित रह सकता है।

आंत्रशोथ और पेप्टिक अल्सर के सभी मामलों में इन जीवाणुओं का निरीक्षण करने के लिए वॉरेन ने मार्शल को प्रेरित किया। मार्शल ने ऐसे रोगियों का व्यवस्थित अध्ययन शुरू कर दिया और पेट के रेस्पायरेट्रस का संवर्धन करने लगा। सभी प्रयास निरर्थक थे लेकिन वॉरेन हमेशा मार्शल की प्रेरणा को प्रबलित करते रहे।

1982 में ईस्टर की छुट्टी के दौरान, अगर प्लेट गलती से इनक्यूबेटर में रह गई और छुट्टी के बाद उनके निरीक्षण में पाया गया कि उनमें उन्हीं जीवाणुओं की कई कालोनियां निहित थीं जिन्हें वॉरेन ने सूक्ष्मदर्शी से देखा था । जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि एक पूर्णतया नई जीवाणु की नस्ल पृथक कर दी गई है। इसे अंततः हेलिकोबेक्टर पायलॉरी का नाम दिया गया।

मार्शल और वॉरेन ने एक बड़ा नैदानिक अध्ययन किया जिसने दिखाया कि हेलिकोबेक्टर पायलॉरी अल्सर के अधिकांश रोगियों के पेट में या तो ग्रहणी या पेट में पाया जाता है और जीवाणु हमेशा श्लेष्मा झिल्ली की सूजन के साथ जुड़े होते हैं। पृथक किए गए जीवाणु एक बीमारी का कारण बनते हैं यह सिद्ध करने के लिए मार्शल ने कोच की चौथी अभिधारणा को पूरा करने की कोशिश की। इसका तात्पर्य है कि पृथक किए गए संक्रामक एजेंट से प्रयोगात्मक पशु में वही रोग होना चाहिए जो मनुष्य में होता है।

जब कई पशु मॉडल एक निश्चित उत्तर देने में असफल रहे तो मार्शल ने वॉरेन की प्रेरणा और अपने विश्वास के साहस के साथ एक साहसी प्रयोग किया। उसने एंडोस्कोपी और गैस्ट्रिक बायोप्सी करवाई जिसमें कोई सूजन और जीवाणु नहीं दिखाई दिया। इसके बाद जुलाई 1984 में उन्होंने हेलिकोबेक्टर से युक्त एक जीवाणु संवर्ध पी लिया। परिणामस्वरूप वे दो सप्ताह तक लिए गंभीर पेट की सूजन से पीड़ित रहे। उन्हें पूरा भोजन खाने के बाद भी भूख महसूस होती थी। उनको कुछ समय तक मितली और वमन आया। पुनः एंडोस्कोपी और बायोप्सी की गई जिसने आमाशय की श्लेष्मा झिल्ली में गंभीर सूजन और उसके आसपास के क्षेत्र में जीवाणु की बड़ी संख्या दिखाई। एंटीबायोटिक दवाओं के एक संक्षिप्त कोर्स से वे पूरी तरह से हो गए। अब यह स्थापित हो गया कि हेलिकोबेक्टर पायलॉरी 90% से अधिक ग्रहणी अल्सर और 80% गैस्ट्रिक अल्सर का कारण है। पेट के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। बेरी जे. मार्शल और

जे. रॉबिन वारेन को 'हेलिकोबेक्टर जीवाणु और आंत्रशोथ और पेप्टिक अल्सर की बीमारी में इसकी भूमिका की उनकी खोज के लिए' 2005 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यदि एक 23 वर्षीय युवा प्रशिक्षु बेरी मार्शल में अपने गुरु रॉबिन वॉरेन द्वारा अनुसंधान के प्रति प्रेम प्रेषित किया जा सकता है (डॉ एस. राधाकृष्ण के शब्दों में), क्यों हमारे साथियों, हमारे संकायों, हमारे शिक्षकों, में इस प्रेरक बल का अभाव है? जब हम न्यूरोट्रांसमीटर, इंसुलिन, या पेप्टिक अल्सर के बारे में सिखाते हैं तो हम में से कितने अपने व्याख्यान से पूर्व कुछ मिनट यह और चिकित्सा के इतिहास में इसी तरह के प्रेरक मील के पत्थरों के बारे में बताने में व्यय करते हैं। यह गहरी चिंता का विषय है जिसमें हम सभी को आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है।

"प्रिय ब्रूटस, दोष हमारे सितारों में नहीं है

लेकिन हम में है"

जूलियस सीजर में शेक्सपियर

डॉ एस. राधाकृष्णन के दीक्षांत अभिभाषण की स्वर्ण जयंती पर हम स्वंय को उनके प्रबोधन के लिए पुनः समर्पित करें और युवा मन को अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाले गुरू बनें।

आज के पदक, पुरस्कार, अध्येतावृत्ति और सदस्यता प्राप्तकर्ताओं को मेरी हार्दिक बधाई। वे हमारी अकादमी की गौरवशाली परंपराओं को समृद्ध करते रहें! जैसा कि महान तमिल तिरुवल्लुवर ने 2000 से भी अधिक वर्ष पूर्व कुरल में बल देते हुए कहा:

जो लोग सही तर्ज पर और प्रतिबद्धता में किसी भी गिरावट के बिना

कड़ी मेहनत करना जारी रखते हैं

वे यहाँ तक कि भाग्य को भी जीत लेते हैं

यह ज्ञान हमारे भावी प्रयासों में हम सभी का मार्गदर्शन और प्रेरित करता रहेगा।

मैं पुनः मुख्य अतिथि डॉ आर. चिदंबरम को मेरा निमंत्रण स्वीकार करने के लिए और आयोजकों डॉ संजीव मिश्रा और डॉ कुलदीप सिंह को दीक्षांत समारोह को संबोधित करने के अवसर के लिए धन्यवाद देता हूँ।

धैर्यपूर्वक सुनने के लिए आप सभी को धन्यवाद।

शैक्षिक रिपोर्ट

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

01 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 के दौरान सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यकलापों की रिपोर्ट

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं:

1.	डॉ. प्रेमा रामाचंद्रन, एफएएमएस	-	अध्यक्ष
2.	प्रो. जे.एस. बजाज, एफएएमएस	-	अध्यक्ष, शैक्षिक समिति
3.	डॉ. कमल बक्शी, एफएएमएस	-	सदस्य
4.	डॉ. महताब एस. बामजी, एफएएमएस	-	सदस्य
5.	डॉ. मोहन कामेश्वरन, एफएएमएस	-	सदस्य
6.	डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल, एफएएमएस	-	सदस्य
7.	डॉ. राजू सिंह चीना, एफएएमएस	-	सदस्य
8.	डॉ. एम. वी. पदमा श्रीवास्तव, एफएएमएस	-	सदस्य
9.	डॉ. के.के. शर्मा, एफएएमएस	-	सदस्य
10.	डॉ. सी.एस. भास्करन, एफएएमएस	-	अध्यक्ष, नैम्स (पदेन)
11.	डॉ. संजय वधवा, एफएएमएस	-	सचिव, नैम्स

वर्ष 2013-2014 के दौरान, सीएमई कार्यक्रम समिति की चार बैठकें आयोजित की गई थीं। पहली बैठक दिनांक 26 अप्रैल, 2013 को और बाकी बैठकें 19 अगस्त, 2013, 30 दिसंबर, 2013, व 28 मार्च, 2014 को आयोजित की गई थीं।

समिति समय-समय पर, चर्चा के विषय के अनुसार विशेषज्ञ सलाह की आवश्यकता के आधार पर बैठक में भाग लेने के लिए अध्येताओं को सहयोजित करती है।

बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमः ये सीएमई कार्यक्रम अकादमी की सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। एनएएमएस द्वारा निधिपोषित बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों की गुणवत्ता और विषय-वस्तु में सुधार करने के लिए निधिपोषण हेतु प्राप्त प्रस्तावों की सबसे पहले एक विषय विशेषज्ञ, जो एनएएमएस के अध्येता भी हैं, द्वारा तकनीकी रूप से समीक्षा की जाती है। इस पद्धति का जुलाई, 2004 से ही अनुपालन किया जा

रहा है और इस प्रकार नामोदिष्ट समीक्षकों ने प्रस्तावों का मूल्यांकन किया है और कार्यक्रम की विषय-वस्तु में अगर कोई खामियाँ हैं तो उनकी पहचान की है। समीक्षकों ने कार्यक्रम में समामेलित किए जाने वाले संशोधनों/आशोधनों का भी सुझाव दिया है। ये सुझाव सूचित किए जाते हैं और ऐसे लगभग सभी सुझाव आयोजकों द्वारा स्वीकार किए गए हैं और उसके बाद ही सीएमई प्रस्तावों को निधिपोषित किया जाता है। अकादमी के अध्येताओं को बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेने और उनका मूल्यांकन करने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में नामोदिष्ट किया जाता है। अकादमी सीएमई कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में नामित अध्येताओं को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान कर रही है।

देश में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों/व्यावसायिक निकायों से प्राप्त सीएमई प्रस्तावों में से अकादमी ने वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 के दौरान 9 बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की है।

01 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 के दौरान निधिपोषित बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों का ब्यौरा अनुबंध-IV के रूप में प्रस्तुत है।

01 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 के दौरान बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों पर स्वीकृत कुल व्यय 5,61,461 लाख रुपए (केवल पाँच लाख इकसठ हजार चार सौ इकसठ रुपए) है।

अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमः ये सीएमई कार्यक्रम अकादमी की सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। सीएमई कार्यक्रम समिति समय-समय पर अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम के रूप में निधिपोषण के लिए राष्ट्रीय और शैक्षणिक संगतता के विषयों की पहचान करती है। अकादमी उन अध्येताओं को, जो पर्यवेक्षकों के रूप में सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और रिपोर्ट दाखिल करते हैं, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान करती है।

अकादमी ने वर्ष 2013-2014 के दौरान 10 अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम/ संगोष्ठी का निधिपोषण किया हैः-

1. 27 अप्रैल, 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में आयोजित "द्विमेरुता के लिए एक बहु-अनुशासनिक दृष्टिकोण" पर सीएमई कार्यक्रम
2. 20 जुलाई, 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर में आयोजित "नैदानिक अनुसंधान में आचारसंहिता" पर सीएमई कार्यक्रम
3. 25 अक्टूबर, 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित "निद्रा चिकित्सा" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

4. 24 नवम्बर, 2013 को सरकारी मेडिकल कॉलेज, चंडीगढ़ में आयोजित "गर्भावस्था में यकृत रोग" पर क्षेत्रीय संगोष्ठी

5. 28 नवम्बर, 2013 को एस. एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा में आयोजित "क्षय रोग: नए नैदानिक उपकरण और उपचार अद्यतन" पर सीएमई कार्यक्रम

6. 16 नवम्बर, 2013 को बाबा फरीद स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, फरीदकोट में आयोजित "मादक द्रव्यों का सेवन: महामारी विज्ञान, समाजशास्त्र, स्वास्थ्य पर प्रभाव और पंजाब राज्य के विशेष संदर्भ में रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन के लिए हस्तक्षेप रणनीतियाँ" पर सीएमई कार्यक्रम

7. 5 दिसंबर, 2013 को चेंगलपट्टू मेडिकल कॉलेज, चेंगलपट्टू में आयोजित "बच्चों में बधिरता पर क्षेत्रीय अद्यतन" पर सीएमई कार्यक्रम

8. 6 दिसंबर, 2013 को डॉ एस. एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर में आयोजित "चिकित्सा शिक्षा के लिए मान्य गैर प्रिंट माध्यम का उपयोग कर एक मॉडल सीएमई कार्यक्रम के तुलनात्मक प्रभाव का आकलन करना" पर सीएमई संगोष्ठी

9. 10 जनवरी, 2014 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में आयोजित "एक्यूट इस्केमिक स्ट्रोक: उन्नतिकरण की मूल बातें" पर नैम्स-एम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

10. 30 मार्च 2014 को स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित "बच्चों में दौरे और मिरगी: ज्ञान से व्यावहारिक देखभाल तक" पर नैम्स-पीजीआई अंतःसांस्थानिक संगोष्ठी

अंत-सांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम आयोजित करने में कुल व्यय 7,45,250 लाख रुपए (केवल सात लाख पैंतालीस हजार दो सौ पचास रुपए) था। ब्यौरे अनुबंध-V में दिए गए हैं।

चित्र 1 वर्ष 2012-13 और 2013-14 के दौरान बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक कार्यक्रमों पर किए गए व्यय का चित्रांकन करता है।

वर्ष 2012-13 और 2013-14 में सीएमई कार्यक्रमों पर कुल व्यय

हजार रूपयों में



चित्र 1. वर्ष 2012-13 और 2013-14 में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में किए गए व्यय का तुलनात्मक प्रदर्शन।

राज्य-चैप्टर-वार बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विवरण चित्र 2 में दिया गया है।

चित्र 2. राज्य चैप्टर-वार वर्ष 2013-14 में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का प्रदर्शन

वर्ष 2013-14 के लिए बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार विवरण चित्र 3 में दर्शाया गया है।



चित्र-3. 01 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 तक आयोजित बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार वितरण।

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

पिछले 3 वर्षों, अर्थात् 2011-12 से 2013-14 में स्वीकृत बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का राज्य-वार वितरण

बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का वर्ष 2011-14 से प्रति वर्ष राज्य-वार वितरण नीचे सारणी में दिया गया है

राज्य	2011-12	2012-13	2013-14	वर्ष 2013-14 के दौरान किया गया व्यय (रुपए)
आंध्र प्रदेश	-	2	1	52,500
असम	-	1	-	-
बिहार	-	-	-	-
चंडीगढ़	1	2	-	-
दिल्ली	-	3	2	1,28,432
गोवा	-	-	-	-
गुजरात	-	-	1	72,000
हरियाणा	-	-	-	-
हिमाचल प्रदेश	1	-	-	-
जम्मू और कश्मीर	1	1	1	49,300
कर्नाटक	2	1	1	52,229
केरल	-	-	-	-
मध्य प्रदेश	-	-	-	-
महाराष्ट्र	1	1	1	75,000
मणिपुर	-	-	-	-
ओडिशा	-	-	-	-
पुडुचेरी	1	1	1	57,000
पंजाब	1	2	-	-
राजस्थान	1	-	-	-

राज्य	2011-12	2012-13	2013-14	वर्ष 2013-14 के दौरान किया गया व्यय (रुपए)
तमिलनाडु	-	1	-	-
उत्तर प्रदेश	1	-	-	-
उत्तराखंड	-	-	1	75,000
पश्चिम बंगाल	1	3	-	-
जोड़	**11**	**18**	**9**	**5,61,461**

राज्य चैप्टर के अधीन सीएमई कार्यक्रमों के अंतर्गत समर्थित गोष्ठियों, संगोष्ठियों, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों, और कार्यशालाओं का विवरण नीचे दिया गया है।

एनएएमएस अध्यायों के बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

अकादमी की वैज्ञानिक गतिविधियों में उसके राज्य चैप्टरों की शैक्षणिक गतिविधियां शामिल होती हैं। वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन उनकी गतिविधियों की रिपोर्ट नीचे दी गई हैः

आंध्रप्रदेश

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आंध्रप्रदेश चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

दिल्ली

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान दिल्ली चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से दो बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

जम्मू और कश्मीर

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हिमाचल प्रदेश चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (जम्मू में) आयोजित किया है।

कर्नाटक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कर्नाटक चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (बेंगलुरु में) आयोजित किया है।

महाराष्ट्र

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान महाराष्ट्र चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक (पुणे में) बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया है।

पुडुचेरी

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुडुचेरी चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया है।

गुजरात

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान गुजरात चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया है।

उत्तराखंड

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उत्तराखंड चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

अनुबंध – IV

दिनांक 01.04.2013 से 31.03.2014 तक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों पर रिपोर्ट

1. **20 जुलाई 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित "प्रजनन स्वास्थ्य पर अंतःस्रावी बाधक का प्रभाव" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ आशुतोष हलदर, आचार्य, प्रजनन जीवविज्ञान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में प्रजनन स्वास्थ्य पर अंत: स्रावी बाधक के प्रभाव को समझाने के साथ उन्हें पहचानने में कौशल के विकास/ अधिग्रहण के लिए किया गया था। इससे प्रतिभागियों को प्रजनन स्वास्थ्य के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी और प्रजनन स्वास्थ्य पर अंत: स्रावी बाधक के प्रभाव से भारत में प्रजनन स्वास्थ्य और पोषण पर हमारी समझ का विस्तार होगा।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवाओं और वैज्ञानिकों और शिक्षण संकायों को प्रजनन स्वास्थ्य पर अंत: स्रावी बाधक के प्रभाव की अवधारणा से उन्हें अवगत कराने के लिए किया गया था। यह आशा की गई थी कि प्रस्तावित संगोष्ठी प्रजनन स्वास्थ्य पर अंत: स्रावी बाधक के बारे में जागरूकता पैदा करेगी। व्याख्यान और प्रदर्शन उन विशेषज्ञों के समूह के द्वारा दिए गए जो नियमित रूप से इस क्षेत्र में कई वर्षों से अनुसंधान कर रहे हैं और अपने विभिन्न शोधों के साथ उन्हें परिचित कराने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के शिक्षण और प्रशिक्षण में शामिल रहे हैं।

पर्यवेक्षक (डॉ. राधे श्याम शर्मा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

हालांकि अंत: स्रावी बाधक पशु प्रयोगों में प्रजनन पर विस्तृत भूमिका निभाते हैं फिर भी मानव रोगों के साथ इनके संबंधों को दिखाना कठिन है। अंत: स्रावी बाधक मानव रोगों

का कारण है यह दिखाना कठिन है - संगोष्ठी के विशेषज्ञ समूह के इस दृष्टिकोण को हाल ही में एक वैज्ञानिक वक्तव्य में (अमेरिका) के अंतःस्रावी सोसायटी द्वारा समर्थित किया गया था; हालांकि, यह सिफारिश की है कि एहतियाती सिद्धांत का पालन किया जाना चाहिए। अब तक मानव अध्ययन के साथ समस्या है कि ये प्रकृति में मुख्य रूप से महामारी विज्ञान के होते हैं और कई पर्यावरण के खतरों के संपर्क में आए मनुष्यों पर आयोजित किए जाते हैं। इसलिए प्रजनन रोगों के करणीय में संपर्कों के मिश्रण के यौगिक प्रभाव को निभाने वाले किसी भी, बल्कि निश्चित कारण को निर्धारित करना कठिन है। मानव अंत: स्रावी और संबंधित रोगों के साथ सीधा कारण और प्रभाव के संबंध स्थापित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण का उपयोग कर अनुसंधान के नए तरीकों को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। यह संगोष्ठी निम्नलिखित शीर्षों के साथ इस विषय को संबोधित करने के लिए पहला कदम था:

क) प्रजनन कैंसर पर अंतःस्रावी बाधकों का प्रभाव
(स्तन, प्रोस्टेट, अंडाशय, वृषण, जननांग क्षेत्र आदि)

ख) विकास के विकारों पर अंतःस्रावी बाधकों का प्रभाव
(ट्रांस-पीढ़ीगत, लिंग अनुपात, मोटापा, सेक्स विकास के विकार, वृषण अपजनन सिंड्रोम, गुप्तवृषणता, अधोमूत्रमार्ग विकार आदि)

ग) पुरुष प्रजनन पर अंतःस्रावी बाधकों का प्रभाव
(वृषण कार्य, स्तंभन दोष, यौन व्यवहार, बांझपन, यौवन आदि)

घ) महिला प्रजनन पर अंतःस्रावी बाधकों का प्रभाव
(डिम्बग्रंथि कार्य, यौवन, समय से पहले डिम्बग्रंथि विफलता / रजोनिवृत्ति, अंर्तगर्भाशय रोग, गर्भावस्था की हानि, पॉलीसिस्टिक डिम्बग्रंथि सिंड्रोम आदि)

इस संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ताओं ने निम्नलिखित विषयों पर व्याख्यान दिया:

- क्रोमियम, एक आवश्यक ट्रेस तत्व पर्यावरण अंत: स्रावी बाधक हो जाता है जब यह शारीरिक स्तर को पार कर लेता है: पुरुष प्रजनन विषाक्तता।
- अंतःस्रावी बाधक रसायन: पशुओं के प्रजनन प्रणाली पर उनके संभावित प्रभाव
- वयस्क वृषण पर एस्ट्रोजनकरण के प्रतिकूल प्रभाव और उपचारात्मक उपाय
- बाइस्फिनॉल ए के पश्चजनन सम्बन्धी प्रभाव

- अंत: स्रावी बाधक के लिए एक संभावित लक्ष्य के रूप में परऑक्सीसोम प्रफलक सक्रिय रिसेप्टर्स-गामा (पीपीएआर-गामा): एस्ट्रोजन जैवसंश्लेषण में महत्वपूर्ण जीन की आनुवंशिक और पश्चजनन सम्बन्धी नियमन से इसका संबंध
- वंशानुक्रम और सक्रिय प्रतिलेखन स्मृति को कोशिकाओं द्वारा मिटाना: लिगेंड संग्राहक प्रतिलेखन कारक से साक्ष्य
- पुरुष बांझपन में ऑक्सीडेटिव तनाव की भूमिका और आनुवांशिक कारक
- बाइस्फिनॉल ए के शुक्राणुओं की संख्या और शुक्राणु संरचना पर अंतर्जीवी प्रभाव
- पर्यावरणीय प्रभाव और पीसीओएस रोगजनन
- बाइस्फिनॉल ए के संपर्क में आने से नाइट्रिक ऑक्साइड प्रवर्तक संश्लेषण की अभिव्यक्ति में वृद्धि: नर चूहों में स्टेरॉयड उत्पत्ति में गिरावट के लिए एक संभावित कारण।

व्याख्यान उन विशेषज्ञों के समूह के द्वारा दिए गए जो नियमित रूप से इस क्षेत्र में कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं।

सभी प्रतिभागियों ने वक्ताओं द्वारा दिए गए पूरे विषयों पर चर्चा की। प्रत्येक भाषण के बाद प्रश्नोत्तर सत्र था जिसका पूरी तरह से सदुपयोग किया गया और यहाँ तक कि निर्धारित समय से पीछे हो जाने के कारण कभी कभी बातचीत को रोकना भी पड़ा।

2. 20 सितम्बर 2013 को गांधी मेडिकल कॉलेज, सिकंदराबाद में आयोजित "यकृत विकृति विज्ञान पर अद्यतन" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. ओ. श्रवण कुमार, आचार्य, विकृति विज्ञान विभाग, गांधी मेडिकल कॉलेज, सिकंदराबाद।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई सत्र का प्रत्याशित परिणाम दैनिक व्यवहार में सामने आने वाले विभिन्न यकृत विकारों के बारे में प्रतिभागियों का ज्ञान प्राप्त करना है:

1. नैश, एनसीपीएफ और दीर्घकालिक यकृत शोथ, आदि के विकृति शरीरक्रिया विज्ञान को समझना।

2. दीर्घकालिक यकृत शोथ के विभिन्न प्रकार पता लगाने के लिए विभिन्न नैदानिक जांचों का आदेश देना।

3. यकृत शोथ की विभिन्न श्रेणी प्रणालियों के बारे में पता करना।

4. बाल आयु समूहों में यकृत बायोप्सी की व्याख्या करना।

5. यकृत प्रत्यारोपण विकृति विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझना।

6. प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी के साथ एक यकृत विकृति विज्ञान स्लाइड संगोष्ठी का आयोजन करने के बाद विशेषज्ञों द्वारा प्रासंगिक चर्चा। यह मामला-दर-मामला आधार पर समस्या को सुलझाने का कौशल विकसित करना था।

प्रतिभागियों को यकृत विकृति विज्ञान में उपरोक्त क्षेत्रों में कौशल प्राप्त होगा। सीएमई विचार-विमर्श के हैंडआउट्स / सॉफ्ट प्रति सतत दीर्घकालिक शिक्षा के लिए प्रदान किए जाएगें।

पर्यवेक्षक (डॉ. बी. सेसिकिरन, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

प्राथमिक उद्देश्य प्रतिभागियों को शिक्षित करना और नैश, एनसीपीएफ और दीर्घकालिक यकृत शोथ, आदि के विकृति शरीरक्रिया विज्ञान के क्षेत्र में चिकित्सा अधिकारियों, मेडिकल कालेजों में विकृति विज्ञान रेजिडेंट और अभ्यासरत विकृति वैज्ञानिकों को ज्ञान और कौशल प्रदान करना, विभिन्न यकृत स्वास्थ्य के मुद्दों और फिर सामाजिक दृष्टिकोण पर उन्हें समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न यकृत विकारों के खोजी और प्रबंधन मानदंड में नवीनतम प्रोटोकॉल का प्रसार करने था। सीएमई कार्यक्रम संयोजक द्वारा उल्लिखित मुख्य उद्देश्यों को पूरा किया गया। आयोजकों ने एक अच्छी तरह से प्रलेखित अधिगम संसाधन सामग्री, स्मृतिचिह्न के रूप में व्याख्यानों के सार, और इसके अतिरिक्त एक सीडी सभी प्रतिभागियों को प्रदान की। कुल 350 प्रतिभागी पंजीकृत थे जिनमें से 200 प्रतिभागी कार्यक्रम के दौरान सामान्यता उपस्थित थे। कार्यक्रम में न केवल शिक्षाप्रद व्याख्यान शामिल थे अपितु इंटरैक्टिव सत्र/ लघु समूह सीखने की गतिविधियाँ भी थीं। प्रतिभागियों को कुछ सत्रों में व्यावहारिक प्रदर्शन / प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अधिकांश व्याख्यान उत्कृष्ट गुणवत्ता के थे। सीएमई

कार्यक्रम के दौरान प्रयुक्त दृश्यश्रव्य व्यवस्था उत्कृष्ट थी। शैक्षणिक सामग्री अच्छी गुणवत्ता की थी और उच्च स्तरीय जानकारी प्रदान की गई।

3. 24-25 अगस्त, 2013 को 92 बेस अस्पताल, 56 एपीओ, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित "आतंकवाद विरोधी/ आतंकवाद विरोधी पर्यावरण में आपात स्थिति और क्रिटिकल केयर" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिवः कर्नल सुब्रतो सेन, वरिष्ठ सलाहकार और क्रिटिकल केयर, 92 बेस अस्पताल, द्वारा 56 एपीओ, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर)।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे-

1. आपात स्थिति और क्रिटिकल केयर में नई रणनीतियों और प्रवृत्तियों और अपने दैनंदिन अभ्यास में उनके अनुप्रयोग की वर्तमान स्थिति के बारे में चिकित्सा अधिकारियों और सशस्त्र बलों के विशेषज्ञों के ज्ञान और कौशल को अद्यतन करना;
2. सशस्त्र बलों और सिविल डॉक्टरों द्वारा सेवित आतंकवाद ग्रस्त और दूरदराज के क्षेत्रों में मरीजों की क्रिटिकल केयर प्रबंधन में ज्ञान और विशेषज्ञता में सुधार करना।
3. परिधि में काम कर रहे चिकित्सा अधिकारियों के साथ ही विशेषज्ञों के मामलों में समय बीतने के साथ अपरिहार्य हो गई खाई को पाटना।

पर्यवेक्षक (डॉ. मोहम्मद इस्माइल कादरी, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई चिकित्सा अधिकारियों के लिए एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला के साथ शुरू हुआ जिसमें आधारभूत जीवन सहायता और हृत्फुफ्फुसीय पुनर्जीवन, घाव प्रबंधन और रक्तस्त्राव नियंत्रण, अस्थिभंग और रीढ़ की हड्डी के स्थिरीकरण, अभिघात में पेट केंद्रित सोनोलॉजी (फास्ट) और श्वासनली प्रबंधन पर स्टेशन शामिल थे। प्रशिक्षण कार्यशाला में

वरिष्ठ संकाय के साथ चिकित्सा अधिकारियों ने भी उत्साह से भाग लिया। स्टेशन ईसीजी व्याख्या पर एक अतिरिक्त स्टेशन के साथ अगले दिन फिर दोहराये गए। सीएमई शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के लिए शहीद बहादुर सैनिकों और नागरिकों को समर्पित की गयी। वैज्ञानिक प्रदर्शनी में क्षेत्र चिकित्सा उपकरणों और कई प्रशिक्षण सहायकों को प्रदर्शित करने के साथ 15 कोर की चिकित्सा स्थापना की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। व्याख्यान के प्रारंभिक सत्र आघात देखभाल के प्रशिक्षण, प्रशासन और रसद पर केंद्रित थे और बाद में डॉ. सतीश धरप, शल्य चिकित्सा के आचार्य, एलटीएमएमसी, सायन, मुंबई द्वारा "अभिघात परिणाम में सुधार" विषय पर मुख्य भाषण दिया गया। बाद के सत्र सीआई / सीटी वातावरण में क्षति नियंत्रण पुनर्जीवन और शल्य चिकित्सा, रक्ताधान, उच्च ऊंचाई चिकित्सा, स्ट्रोक और अचानक हृदय मृत्यु, मैक्सिलोफैशियल की उप-विशेषता प्रबंधन, श्रोणि, यकृत-बाइलरी और हृदयाघात और मनोरोग चुनौतियों के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित थे। वैज्ञानिक प्रदर्शनी अतिथियों के साथ ही प्रतिनिधियों और संकाय के लिए एक प्रमुख आकर्षण थी क्योंकि इसमें 15 वीं कोर में प्रबंधित दिलचस्प मामलों के साथ ही कई क्षेत्र चिकित्सा उपकरणों को प्रदर्शित किया गया था। चिकित्सा अधिकारियों के लिए एक पूर्व कार्यशाला परीक्षण आयोजित किया गया था सीएमई से पहले और बाद दोनों में संकाय और प्रतिनिधियों से प्रतिपुष्टि ली गई थी। इन प्रतिपुष्टि का सार निम्नानुसार है:

(क) आयोजकों ने युवा चिकित्सा अधिकारियों की नियमित आधार पर इस तरह के प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने के लिए आवश्यकता अनुभव की। हालांकि, सेवा स्थितियों की बाध्यताओं के कारण उपस्थिति सीमित रही।

(ख) अधिकांश प्रतिभागियों के पूर्व कार्यशाला परीक्षा में औसतन 50% अंक आए।

(ग) व्यावहारिक प्रशिक्षण के विभिन्न स्टेशनों की अत्यधिक सराहना की गई और बहुत शिक्षाप्रद पाए गए।

(घ) व्यावहारिक प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने से प्रतिभागी और वरिष्ठ संकाय उत्साहित था।

(ड़) कार्यशाला के दौरान आयोजन समिति द्वारा संकलित प्रशिक्षण वीडियो प्रदर्शनों ने प्रशासनिक नियुक्तियों वाले वरिष्ठ चिकित्सा के लिए नए परिप्रेक्ष्य दिए हैं।

4. 27-28 दिसम्बर, 2013 को मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर में आयोजित भारत में "नए जन स्वास्थ्य मुद्दे" पर सीएमई कार्यक्रम

आयोजन सचिव: डॉ ननजुंडा डी. सी., निदेशक, सामाजिक बहिष्कार और समावेशी नीति अध्ययन केंद्र, मानविकी ब्लॉक, मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर, कर्नाटक।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

(क) भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य में उभरती समस्याओं के बारे में चिकित्सा और गैर चिकित्सा अनुसंधान पेशेवरों को संवेदनशील बनाना।

(ख) भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य समुदाय के भीतर महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौतियों का समाधान और समझदारी विकसित करना।

(ग) देश में समावेशी सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य और सार्वजनिक स्वास्थ्य के नए दृष्टिकोण के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालना।

(घ) सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए और आम जनता के स्वास्थ्य के रोगों का इलाज करने के लिए उपलब्ध हालिया ज्ञान और तकनीकों के साथ प्रतिभागियों को प्रशिक्षित, शिक्षित, विकसित और नवीनीकृत करना।

(ङ) बदलते सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य के संबंध में ज्ञान और व्यवहार के बीच के अंतर की पहचान करना।

सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवर शैक्षिक कार्यक्रमों को लागू करने, नीतियों को विकसित करने, सेवाओं के प्रशासन, स्वास्थ्य प्रणालियों और कुछ स्वास्थ्य व्यवसायों को विनियमित करने, और अनुसंधान के संचालन के माध्यम से समस्याओं को होने या फिर से होने से रोकने के लिए प्रयास करते हैं जबकि इसके विपरीत हो डॉक्टरों और नर्सों के रूप में नैदानिक पेशेवर बीमार या घायल होने के बाद व्यक्तियों के इलाज ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल साम्य, समानता और अभिगम्यता के लिए लड़ाई सहित स्वास्थ्य असमानताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य के एक बड़े हिस्से के मुद्दों के बारे में इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा जाना और समझा जाएगा।

पर्यवेक्षक (डॉ. एन. श्रीनिवास मूर्ति, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई प्रख्यात वक्ताओं ने व्याख्यान के साथ शुरू हुआ जिसमें देश में वर्तमान स्वास्थ्य प्रणाली की ताकत, कमजोरी, अवसरों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं द्वारा इस तथ्य पर बल दिया गया कि देश संचारी और गैर संचारी रोगों, कई संक्रामक रोगों के पुनरुत्थान के दोहरे बोझ से जूझ रहा है। ये सभी मुद्दे देश में "नए जन स्वास्थ्य के मुद्दों" के रूप में उभरे हैं और पहले से ही तनावपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक दुर्जेय चुनौती पेश की है। वक्ताओं ने इन चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयुक्त साधनों के चिंतन की आवश्यकता पर बल दिया। इन मुद्दों पर प्रकाश डालने वाले कार्यक्रम को मीडिया द्वारा कवर किया गया।

अनुवर्ती वक्ता बी एल डी इ चिकित्सा विश्वविद्यालय, बीजापुर से डॉ. वीना एस. अलगूर थीं जिन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों के महत्व पर बात की थी। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल के वितरण में स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों के महत्व के बारे में अपने अनुभवों का हवाला दिया। सत्र के बाद एक चर्चा की गई थी। अगली वक्ता श्रीमती वसंथी रीना विलियम्स थीं। उन्होंने "जागरूकता और अभ्यास: दवाओं पर्चे के उपयोग और दुरुपयोग पर फोकस" पर बात की थी। वक्ता ने अपनी प्रस्तुति और मामले के अध्ययन के माध्यम से दवाओं के उचित पर्चे के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रस्तुति का उद्देश्य जागरूकता और व्यवहार के बीच अंतर पर प्रकाश डालना था; दवाएं और डॉक्टर के दवाओं पर्चे के उपयोग और दुरुपयोग पर केंद्रित थी। उन्होंने भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के लिए समर्थक महत्वपूर्ण कारकों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी स्वास्थ्य सेवाओं की उच्च लागत द्वारा मारा जा रहा है और स्वयं या मित्रों/ सहयोगियों की विशेषज्ञ सलाह मान कर इलाज या समाप्ति की तारीख के बाद दवाओं का सेवन कर रहा है। उन्होंने मानव शरीर पर तिथि समाप्त हो गई दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। अंत में, तिथि समाप्त हो गई दवाओं के सुरक्षित निपटान के लिए सुझाव और सिफारिशें प्रदान की गईं। सत्र उच्च इंटरैक्टिव था।

निमहांस से डॉ. विवेक गुप्ता ने "भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य: पीछे देखकर आगे बढ़ना" के लिए मुख्यता बात की। पूरे इतिहास पर नज़र डालकर विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियमों पर प्रकाश डाला गया जिन्होंने समेकित रूप में स्वस्थ वातावरण, शरीर और मन की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य की कुछ सफलताओं और कई असफलताओं के बारे में उल्लेख किया है। भारत जैसे घनी आबादी वाले देश में एक प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य नेटवर्क के अभाव सहित विफलता के लिए कई कारकों पर उनके द्वारा प्रकाश डाला गया। उन्होंने एक और सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कुछ समाधान प्रदान किए। व्याख्यान की अत्यधिक सराहना की गई क्योंकि इसने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य और आबादी की स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के लिए प्रख्यापित कानूनों को समझने में सभी प्रतिभागियों के लिए एक अच्छा परिप्रेक्ष्य प्रदान किया गया है। उन्होंने आगे बढ़ने के लिए ताकत, कमजोरी, अवसर और समाधान पर प्रकाश डाला। यह उच्च इंटरैक्टिव सत्रों में से एक था।

भोजन के बाद का सत्र मैसूर विश्वविद्यालय से डॉ. श्रीवत्स के साथ शुरू हुआ जिसमें उन्होंने "तेजी से बढ़ते जन स्वास्थ्य मुद्दे के रूप में चिरकालिक गुर्दा रोग (सीकेडी)" के बारे में बात की थी। उन्होंने अपने अध्ययन से अद्यतन जानकारी और प्रासंगिक ध्वनि साक्ष्यों पर प्रकाश डाला और इस रोग ने भारत में महामारी का रूप ग्रहण कर लिया है इसका उल्लेख किया। उनके द्वारा विभिन्न मामलों के अध्ययन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि अंतिम चरण वृक्क रोग की मानव और आर्थिक लागत को कम करने के लिए सबसे अच्छी उम्मीद इसकी रोकथाम और सार्वजनिक शिक्षा गतिविधियों में निहित है। स्वास्थ्य संवर्धन ट्रस्ट द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य और एक्शन एड की गतिविधियों पर एक वृत्तचित्र दिखाया गया था। अगले वक्ता डॉ शेखर नाईक ने "भारतीय जनसंख्या में पोषण और स्वास्थ्य के मुद्दे: समस्या और हस्तक्षेपी प्रयास" के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने देश में पोषण और स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला। विभिन्न जारी प्रत्यक्ष पोषण हस्तक्षेप कार्यक्रम और अंतराल पर विस्तार से

चर्चा की गई। प्रतिभागियों के लिए एक अच्छा इंटरैक्टिव सत्र था। प्रश्न और उत्तर सत्र बहुत जानकारीपूर्ण और दिलचस्प था। डॉ. लैंसी डिसूज़ा ने "सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर अपनी बात प्रस्तुत की। वक्ता ने विभिन्न सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी प्रदान की। देश में अपनाए गए कार्यक्रम और उनकी सीमाएँ। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि प्रभावी सेवाओं की एक पूरी सरणी शायद ही कभी अपनायी गयी है और पूरे परिवार के बजाय अक्सर एक सूक्ष्म स्तर को लक्ष्य बनाया गया है।

दूसरे दिन सुबह का सत्र डॉ. सुनीता की "चिकित्सकीय सार्वजनिक स्वास्थ्य में मुख स्वास्थ्य समस्याओं और हाल के अग्रिमों" पर व्याख्या के साथ शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि मुख रोग देश में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य बोझ हैं। तम्बाकू के उपयोग से स्वास्थ्य के खतरों और देश में मुख कैंसर की उच्च व्याप्ति पर प्रकाश डाला गया था। वक्ता द्वारा कि भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का एक भाग दंत चिकित्सा देखभाल होने के बावजूद देश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दंत चिकित्सक की स्थिति के अभाव पर चिंता व्यक्त की गई थी। मुख रोगों की वैज्ञानिक समझ और दंत चिकित्सा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हाल के अग्रिमों पर चर्चा की गई। यह मुख स्वास्थ्य समस्याओं के नियंत्रण के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सक की भूमिका का संकेत देने वाला एक उच्च इंटरैक्टिव सत्र था। वक्ता ने अद्यतन जानकारी पर प्रकाश डाला। एम. ए. आयुर्विज्ञान और अनुसंधान संस्थान, कांची, तमिलनाडु से प्रो. के. देवी, ने "प्रजनन और बाल स्वास्थ्य" से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रजनन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों के महत्व पर एनएफएचएस-III के निष्कर्षों का हवाला देते हुए विचार-विमर्श किया गया था। विभिन्न सरकारी नीतियों / कार्यक्रमों के साथ इस समस्या से संबंधित मुद्दों में सुधार करने के लिए तरीकों पर एक इंटरैक्टिव कार्यक्रम के रूप में विस्तार से चर्चा की गई। जे. एस. एस. मेडिकल कॉलेज, मैसूर से डॉ. सुनील कुमार ने "भारत का राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम: मुद्दे और संभावनाएँ" से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। व्याख्यान की बहुत सराहना की गई और

प्रतिभागियों के साथ अच्छी बातचीत की गई थी। वक्ता द्वारा अत्यधिक साक्ष्य आधारित जानकारी प्रदान की गई थी।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने "स्वास्थ्य संवर्धन में नए दृष्टिकोण" विषय पर बात की थी। वक्ता ने "स्वास्थ्य संवर्धन के साक्ष्य आधारित कार्यों" स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य संवर्धन के बीच अंतर, परिवर्तनीय जोखिम कारकों से निपटने कि स्वास्थ्य हस्तक्षेप के बारे में विस्तार से बताया और भारत सरकार द्वारा हाल ही में प्रारंभ किए गए प्रमुख स्वास्थ्य संवर्धनो के बारे में बताने के बाद सत्र संपन्न हुआ। सभी बिंदुओं एक अत्यधिक निदर्शी रूप में चर्चा की गई। उपयुक्त लाभ नहीं मिलने के कारणों के बारे में एक अच्छी बातचीत की गई। प्रो. जी. वेंकटेश कुमार ने सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या पर व्याख्या की अर्थात "मोटापा, ड्रग्स और एसटीडी समस्याएं"। प्रस्तुतियों व मामलों के अध्ययनों ने उभरते सार्वजनिक स्वास्थ्य और बड़ी चुनौती के रूप में इन मुद्दों की गंभीरता और समस्या के बारे में प्रतिभागियों को अत्यधिक जागरूक किया। व्याख्यान की अत्यधिक सराहना की गई और यह बहुत इंटरैक्टिव था। प्रो. रमेश ने सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के साथ इसके संबंधों के महत्व पर बात की थी। उन्होंने इस संबंध में कई मामलों के अध्ययन का भी आह्वान किया। व्याख्यान अत्यधिक निदर्शी और प्रतिभागियों के साथ इंटरैक्टिव था।

5. 27-28 सितम्बर, 2013 को सरकारी मेडिकल कालेज, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखंड) में आयोजित "न्यायालयीय क्षेत्र में हाल में उन्नति के साथ महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. चंद्र प्रकाश, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, न्यायालयीय चिकित्सा विभाग, सरकारी मेडिकल कालेज, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखंड)।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को निम्न के बारे में समझ प्रदान करना था:

(क) भारत में महिला के खिलाफ अपराध की प्रकृति और सीमा

(ख) आम तौर पर अपराध और हिंसा का शिकार होना वाली महिलाओं की पहचान करना

(ग) अपराध और हिंसा के अपराधी रहे लोग

(घ) अपराध करने अपराधियों या हिंसा का उपयोग करने के लिए उत्पीड़कों को क्या प्रेरित करता है

(ङ) पीड़ितों के वैयक्तिकरण आघात को नियंत्रित करने वाले उपाय

(च) तथ्य यह है कि अपर्याप्त बलात्कार कानून और संकीर्ण परिभाषाओं ने अभियोजन को कठिन बना दिया है।

पर्यवेक्षक (डॉ. संजय चतुर्वेदी, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

वैज्ञानिक कार्यक्रम स्नातकोत्तर छात्रों, फोरेंसिक विज्ञान, न्यायपालिका, प्रांतीय चिकित्सा सेवा के डॉक्टरों, सरकारी मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्यों, हल्द्वानी के निजी परामर्शदाता, पुलिस, विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारी और मीडिया सहित न्यायालयीय चिकित्सा के विशेषज्ञों की भागीदारी का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 201 प्रतिनिधियों की रिपोर्टिंग के साथ शुरू हुआ। प्रारंभ में, प्रतिनिधियों ने पूर्वसीएमई मूल्यांकन प्रश्नावली को पूरा किया। आचार उत्पत्ति पर डॉ. टी. डी. डोगरा के व्याख्यान के साथ वैज्ञानिक सत्र आरंभ हुआ। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रख्यात वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर आमंत्रित व्याख्यान के रूप में अपने विचार डाले गए। डॉ. मुकेश यादव ने "कानूनी मुद्दों और भारत में यौन अपराध में हाल ही में संशोधन" के बारे में बात की थी। डॉ. वी. बी. शाही ने "महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध के कानूनी विचार का विश्लेषण" पर चर्चा की। अगले सत्र में श्री जी. के. शर्मा ने महिलाओं के खिलाफ अपराध को सुलझाने में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका का पता लगाया। डॉ. एस. के. वर्मा ने "यौन उत्पीड़न कानून में परिवर्तन और डॉक्टरों की भूमिका" पर विचार-विमर्श किया। डॉ. अशोक कुमार चन्ना ने "विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में, आज के अपराध परिदृश्य में मीडिया की भूमिका" पर और श्री सुनील शाह ने "यौन अपराध जांच" पर बात की थी। दोपहर के भोजन के सत्र के बाद श्री एम.सी. जोशी ने "सफेदपोश अपराध में उभरते रुझान" पर चर्चा की, डॉ आर. के. गोरिया ने "बाल दुर्व्यवहार" पर चर्चा की, डॉ.

अमनदीप कौर ने "यौन उत्पीड़न मामलों के सामाजिक और निवारक पहलू" पर चर्चा की। वैज्ञानिक सत्र समापन में डॉ. अनुपमा रैना ने "न्यायालयीय अपराध जांच", श्री दयाल शर्मा ने "अपराध जांच में फोरेंसिक विशेषज्ञ की भूमिका" पर विस्तारपूर्वक चर्चा की, डॉ. मृण्मय दास ने "यौन उत्पीड़न के शिकार में मनोवैज्ञानिक-व्यवहार के परिणामों" विषय पर सविस्तार चर्चा की। दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्र डॉ ए. एस. थिंड के "न्यायालयीय मेडिसिन और विष विज्ञान के संबंध में नैनो प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग" पर व्याख्यान के साथ शुरू हुआ। अगले व्याख्यान में डॉ. ए. के. श्रीवास्तव ने "पूर्व स्नातक चिकित्सा शिक्षा में न्यायालयीय चिकित्सा के मूल्यांकन" पर चर्चा की। डॉ. चंद्र प्रकाश ने "रेव पार्टियों के दौरान युवाओं में अपराध के नए पहलुओं" पर चर्चा की। डॉ. दलबीर सिंह ने "मृतविषयक विज्ञान में हाल के रुझान" पर चर्चा की। डॉ. पवन कुमार ने "बलात्कार मामलों की सुनवाई में दो उंगली परीक्षण के महत्व" पर चर्चा की। वैज्ञानिक सत्र के समापन पर सभी प्रतिनिधियों को पश्च-सीएमई मूल्यांकन प्रश्नावली सौंप दी गयी और विधिवत भरे प्रपत्र प्रतिनिधियों से एकित्रत किए गए।

6. 1-2 अक्तूबर, 2013 को सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय, पुणे में आयोजित "गायनीकॉन 2013: देखभाल के मानकों की स्थापना" पर सीएमई कार्यक्रम

आयोजन सचिव: ब्रिगेडियर डॉ आरडी वाधवा वीएसएम, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, प्रसूतिरोग एवं स्त्रीरोग विभाग, सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज, शोलापुर रोड, पुणे।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

सीएमई कार्यक्रम और कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य थेः

(क) सशस्त्र बलों के स्त्री रोग चिकित्सक के साथ-साथ नागरिक प्रतिनिधियों को शिक्षित और अभ्यासरत डॉक्टरों, प्रसूति एवं स्त्री रोग में रेज़िडेंट, कनिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ के साथ-साथ वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञों को ज्ञान और कौशल प्रदान करना;

(ख) श्रोणि और उदरावरण की रचना से फिर से पहचान, जिससे शल्य चिकित्सा के दौरान स्त्रीरोग विशेषज्ञों को ग्रे क्षेत्रों के साथ परिचित करवाया जा सके और उन्हें जान बचाने के लिए सक्षम आंतरिक लाइएक धमनी बंधाव जैसी आपातकालीन सर्जरी का संचालन करने के ज्ञान से लैस करना। इस विशिष्ट उद्देश्य पर शव श्रोणि विच्छेदन कार्यशाला द्वारा पहुंचा जाएगा।

(ग) सीएमई कार्यक्रम जटिल स्थितियों में पालन किये जा सकने वाले प्रोटोकॉल की स्थापना पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह अभ्यासरत स्त्रीरोग विशेषज्ञ के ज्ञान को अद्यतन करने और उनकी रोजमर्रा की समस्याओं के मानक प्रबंधन पर उन्हें सूचित करने की कोशिश भी करेगा।

पर्यवेक्षक (डॉ. वंदना वाल्वेकर, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई कार्यशाला का आयोजन अच्छा था। समय आवंटन भली प्रकार से किया गया था। प्रस्तुति अच्छी तरह से विषय वार समन्वित थी और वक्ता अपने चुने हुए क्षेत्र में अच्छे थे। दर्शकों की भागीदारी पर्याप्त थी। सीएमई जानकारीपूर्ण और अच्छी तरह से समन्वित था। विषयों में नई तकनीकों के एक विस्तृत दायरे को सम्मिलित किया गया था। मानक देखभाल के सिद्धांतों।

मुख्य टिप्पणियाँ: 1) हाल के अग्रिमों और प्रचलित मानदंडों के साथ विभिन्न तरीकों में अंतर्दृष्टि जानकारीपूर्ण थी; 2) इसने जानकारी देने के उद्देश्यों को पूरा किया था। हालाँकि, प्रतिनिधियों के साथ और अधिक बातचीत की सलाह दी जाती है क्योंकि नए तौर तरीकों में स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है; 3) सुझाव: उन्हें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पीजी रेजिडेंट व कनिष्ठ सलाहकारों को शामिल करके गौलमेज विचार-विमर्श आयोजित किया जाना चाहिए; 4) शव कार्यशाला एक शानदार नई मिसाल कायम करने के लिए एक विशेष उल्लेख की हकदार है। सीएमई में थे 1) विशेषज्ञ टेलीविजन प्रदर्शन; 2) प्रतिनिधियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण; 3) मंच से विशेषज्ञों द्वारामार्गदर्शन एवं टिप्पणी 4) मौखिक चित्रण और शल्य प्रदर्शन द्वारा इंटरैक्टिव सत्र ।

सुझाव: मैं समझती हूँ कि उद्दीपन मॉडल सुविधा एएफएमसी में उपलब्ध है। पीजी को सिद्धांत की समझ और शल्य चिकित्सा कौशल में सुधार करने के लिए यह प्रथा बनानी चाहिए।

7. 6-9 नवम्बर, 2013 को जेआईपीएमईआर, पुडुचेरी में आयोजित "नैदानिक सूक्ष्म जीव विज्ञान में निदान विधियाँ" पर सीएमई कार्यशाला

आयोजन सचिव: डॉ. बी. एन. हरीश, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, जेआईपीएमईआर, पुडुचेरी।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

मुख्य उद्देश्य थे कि कार्यशाला के अंत में प्रतिभागी निम्न कार्य करने में सक्षम हो जाएँ:

(क) नियमित गतिविधियों में नैदानिक सूक्ष्म जीव विज्ञान अर्थ कौशल का प्रयोग करें,

(ख) सूक्ष्मजीवों की पहचान करने के लिए सरल नैदानिक परीक्षण करना और एमबीएल और एएमपी सी उत्पादन जैसे रोगाणुरोधी प्रतिरोध का लक्षणप्ररूपी पता लगाना और

(ग) संक्रामक रोगों के लिए आणविक एस्से का प्रारुपण, प्रदर्शन और व्याख्या।

पर्यवेक्षक (डॉ. मैरी वी. जेसुडासन, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

देश भर से 25 प्रतिभागी थे। कार्यशाला की योजना स्पष्ट रूप से बहुत सोचविचार कर बनाई गयी थी; व्यावहारिक सत्र से पहले और उसके दौरान बाद कर्मचारियों और शिक्षकों/ संसाधन व्यक्तियों के साथ चर्चा व लघु समूह शिक्षण गतिविधियों के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। विषयों की एक विस्तृत सीमा को शामिल किया गया - धब्बा रिपोर्टिंग से विशेष धुंधला प्रक्रिया से पीसीआर कदम वार अवलोकन और प्रदर्शन। वर्तमान में प्रासंगिक विषयों पर कुछ शिक्षात्मक व्याख्यान शामिल थे। शैक्षणिक सामग्री अच्छी और अद्यतन थी। समूहों में काम कर प्रतिभागी प्रक्रियाओं के चरणों के पूरा करने में सक्षम थे। रोगाणुरोधी संवेदनशीलता परीक्षण, व्याख्या और रिपोर्टिंग पर सत्र जानकारीपूर्ण और सुनियोजित था।

8. 17 जनवरी 2014 को पीडीयू मेडिकल कॉलेज, राजकोट में आयोजित "मेडिकल कॉलेज में अनुसंधान के अवसर और एक शोधकर्ता के रूप में चिकित्सा संकायों की भूमिका" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. ए. एम. कादरी, आचार्य और विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, पीडीयू मेडिकल कॉलेज, राजकोट (गुजरात)।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

प्रत्याशित परिणाम संकायों को कॉलेज में अनुसंधान गतिविधियों के लिए संवेदनशील होना होगा। संकायाध्यक्ष या वरिष्ठ आचार्य को अपने मेडिकल कॉलेजों में अनुसंधान इकाइयों/ नैदानिक महामारी विज्ञान प्रकोष्ठ की स्थापना और सशक्तीकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। सीएमई के विशिष्ट उद्देश्य निम्न थे।

क) एक शोधकर्ता के रूप में चिकित्सा संकायों की भूमिका को समझना।

ख) मेडिकल कालेजों में और आसपास अनुसंधान के अवसरों के बारे में पता करना।

ग) नैदानिक महामारी विज्ञान और जनसंख्या आधारित अनुसंधान क्या है इस बारे में जानकारी प्राप्त करना।

घ) एक शोध प्रस्ताव तैयार करने और निष्पादित करने के तरीके के बारे में कौशल विकसित करना।

ङ) विभिन्न वित्तपोषण अभिकरणों और उनसे संबद्ध होने के बारे में जानना।

पर्यवेक्षक (डॉ. हरिभाई एल. पटेल, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई कार्यक्रम ने प्रतिभागियों के रूप में अपने निर्धारित उद्देश्यों को पूरा किया:

(i) शोधकर्ताओं के रूप में चिकित्सा संकायों की भूमिका को समझ सकेंगे। (ii) मेडिकल कालेजों में और आसपास अनुसंधान के अवसरों के बारे में पता होगा (iii) नैदानिक महामारी विज्ञान और जनसंख्या आधारित अनुसंधान क्या है इस बारे में जानकारी मिली (iv) शोध प्रस्ताव तैयार करने और निष्पादित करने के तरीके के बारे में कौशल विकसित हुआ (v) विभिन्न वित्तपोषण अभिकरणों और उनसे संबद्ध होने के बारे में पता है।

कुल 189 प्रतिभागियों को पंजीकृत किया गया था जिनमें से 160 किसी भी समय आम तौर पर उपस्थित थे। सभी चिकित्सा विषयों का प्रतिनिधित्व था। हालांकि 66 प्रतिभागियों के साथ सामुदायिक चिकित्सा का बोलबाला था। भेषजगुण विज्ञान (26), विकृति विज्ञान (14) और जीवाणु विज्ञान (14) का अच्छी तरह से प्रतिनिधित्व था। केवल चिकित्सा ऐसा नैदानिक विषय था जिसने 12 प्रतिभागियों को आकर्षित किया। अन्य विषयों का कम प्रतिनिधित्व आत्मनिरीक्षण की ओर इंगित करता है।

9. 17-18 **जनवरी**, 2014 **को यूसीएमसी और जीटीबी अस्पताल**, **दिल्ली में आयोजित "मातृ स्वास्थ्य पहल एवं नागरिक सहित शासन की भागीदारी - नीति से कार्रवाई की ओर" पर सीएमई कार्यक्रम**

आयोजन सचिव: डॉ अनीता गुप्ता, सीएमओ (एनएफएसजी), सामुदायिक चिकित्सा विभाग, यूसीएमसी और जीटीबी अस्पताल, दिल्ली।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

प्रस्तावित गतिविधि के विशेष शिक्षण उद्देश्य थे: कार्यक्रम क्षेत्र(ओं) को इन उद्देश्यों की प्रासंगिकता दिखाना और अपेक्षित परिणाम / प्रभाव की पहचान करना; स्वास्थ्य संकेतकों और सामाजिक निर्धारकों के उपयोग के प्रभाव को समझना; मातृ स्वास्थ्य में करणीय के वेब को समझना; मातृ स्वास्थ्य में सुधार लाने में नागरिक भागीदारी को शामिल करने के लिए नीतियां एवं उपाय सुझाने के लिए क्षमता प्राप्त करना; और मातृ स्वास्थ्य में सुधार लाना और मातृ मृत्यु से बचने के लिए एक संकल्प के साथ समूह में काम उपलब्ध कराना।

पर्यवेक्षक (**डॉ. कृष्णामूर्ति कलेवानी, एफएएमएस**) **की रिपोर्ट की विशिष्टताएं**:

लगभग 200 प्रतिभागियों ने पहले सत्र में भाग लिया; हालांकि, दोपहर बाद के सत्र में लगभग 150 व्यक्ति उपस्थित थे। अगले दिन लगभग 100 व्यक्तियों ने सत्र में भाग लिया। लगभग सभी पंजीकृत प्रतिभागी दोनों दिन सत्र के शुरू से अंत तक उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिक्षाप्रद व्याख्यान और पैनल चर्चा शामिल थी। इंटरैक्टिव सत्र / लघु समूह शिक्षण गतिविधियाँ थीं। पैनल चर्चा बहुत इंटरैक्टिव थी। संकाय द्वारा प्रस्तुति बहुत ही अच्छी था; दृश्यश्रव्य उपकरण उच्च गुणवत्ता के थे वक्ताओं के लिए माइक, एलसीडी प्रोजेक्टर, सवाल पूछने के लिए दर्शकों के लिए माइक आसानी से उपलब्ध थे और प्रयोग किए गए। सभी वक्ताओं ने अच्छी शैक्षिक सामग्री और हाल ही के अनुसंधान और / या कार्यक्रम के दिशा निर्देशों के आधार पर प्रासंगिक अद्यतन जानकारी के साथ प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की सबसे रोचक बात यह थी कि प्रतिभागी प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक देखभाल संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के परिवार कल्याण निदेशालय सबका प्रतिनिधित्व कर रहे थे। सामग्री में सुधार लाने में

प्रत्येक स्तर पर पेश आ रही समस्याओं पर, और हर स्तर पर देखभाल की गुणवत्ता और रेफरल सेवाओं में सुधार लाने स्वतंत्र और विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श था। प्राथमिक और माध्यमिक देखभाल सेवाओं में सुधार करने के तरीकों पर चर्चा में निदेशालय और मेडिकल कॉलेजों से कार्यक्रम अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी बहुत उपयोगी थी। यह आशा व्यक्त की जाती है कि कार्यशाला के दौरान निर्मित नेटवर्क समुदाय में सेवा वितरण में सुधार लाने के मामले में बहुत लाभदायक होगा।

दिनांक **01.04.2013** से **31.03.2014** तक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के तहत अनुदान दर्शाती विवरणी

क्र.सं.	*विषय*	*स्वीकृत राशि (रुपए)*
1.	**"प्रजनन स्वास्थ्य पर अंतःस्रावी का प्रभाव"** पर सीएमई कार्यक्रम। नई दिल्लीः 20 जुलाई 2013	75,000/-
2.	**"यकृत विकृति विज्ञान पर अद्यतन"** पर सीएमई कार्यक्रम सिकंदराबाद; 20 सितंबर 2013	52,500/-
3.	**"आतंकवाद विरोधी / आतंकवाद पर्यावरण में आपात स्थिति और क्रिटिकल केयर"** पर सीएमई कार्यक्रम श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर); 24-25 अगस्त, 2013	49,300/-
4.	**"नए जन स्वास्थ्य मुद्दे"** पर सीएमई कार्यक्रम मैसूर: 27-28 दिसंबर 2013	52,229/-
5.	**"न्यायालयीय क्षेत्र में हाल ही में उन्नति के साथ महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध"** पर सीएमई कार्यक्रम हलद्वानी / नैनीताल (उत्तराखंड); 27-28 सितम्बर, 2013	75,000/-
6.	**"गायनीकॉन 2013: देखभाल के मानकों की स्थापना"** पर सीएमई कार्यक्रम पुणे; 01-02 अक्टूबर, 2013	75,000/-

क्र.सं.	*विषय*	*स्वीकृत राशि (रुपए)*
7.	**"नैदानिक सूक्ष्म जीव विज्ञान में निदान विधियाँ"** पर सीएमई कार्यक्रम पुडुचेरी; 6-9 नवम्बर, 2013	57,000/-
8.	**"मेडिकल कॉलेज में अनुसंधान के अवसर और एक शोधकर्ता के रूप में चिकित्सा संकायों की भूमिका"** पर सीएमई कार्यक्रम राजकोट; 17 जनवरी 2014	72,000/-
9.	**"मातृ स्वास्थ्य पहल एवं नागरिक सहित शासन की भागीदारी - नीति से कार्रवाई की ओर"** पर सीएमई कार्यक्रम दिल्ली; 17-18 जनवरी, 2014	53,442/-

चिकित्सा वैज्ञानिकों का आदान-प्रदान कार्यक्रम (स्वास्थ्य मानवशक्ति विकास)

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के अधीन स्वास्थ्य मानवशक्ति विकास के क्षेत्र में अकादमी द्वारा संवर्धित कार्यकलापों में से एक है-कनिष्ठ स्तरों और मध्यम स्तरों पर "चिकित्सा वैज्ञानिकों का आदान-प्रदान"।

10.	डॉ. आर. मदान, एफएएमएस	सहयोजित सदस्य
11.	डॉ. संजय वधवा, एफएएमएस	सचिव

एनएएमएस के सीमाक्षेत्र में आने वाले सभी मामलों को शैक्षिक समिति और शैक्षिक परिषद् के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्तुत किया जाता है। शैक्षिक समिति और शैक्षिक परिषद् की रिपोर्टें एनएएमएस परिषद् की बैठक में प्रस्तुत की जाती हैं और तदनुसार निर्णयों को कार्यान्वित किया जाता है। इस सामान्य रूपरेखा के होते हुए भी, शैक्षणिक समिति के विशिष्ट कार्यों में शामिल हैं:

दिनांक 26 अप्रैल, 2013 को आयोजित शैक्षिक समिति की बैठक की विशिष्टताएं

अध्यक्ष छह एम्स के निदेशकों के साथ बैठकें कीं और सभी निदेशकों की शैक्षिक सहयोग को मजबूत बनाने के लिए NAMS-अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान कालेजियम में शामिल होने के लिए सहमत हुए थे। प्रत्येक एम्स वर्ष के दौरान एक NAMS संगोष्ठी / सीएमई कार्यक्रम

का आयोजन किया जाएगा। इनमें से पहला 2013/04/24 पर "Spina Bifida करने के लिए एक बहु अनुशासनिक दृष्टिकोण 'विषय पर ऋषिकेश में आयोजित किया गया था। अन्य पांच संस्थानों अस्थायी सीएमई विषयों पर सहमत हो गए हैं। अध्यक्ष आगे चयनित विषयों में 12 वीं पंचवर्षीय योजना में पहचान के रूप में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के आधार पर कर रहे हैं कि सूचित किया।

समिति के अध्यक्ष द्वारा की गई पहल की सराहना की और अध्यक्ष द्वारा की गई सिफारिशों का समर्थन किया: -

अध्यक्ष ने छह एम्स के निदेशकों के साथ बैठकें कीं और सभी निदेशक शैक्षिक सहयोग को मजबूत बनाने के लिए नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल में शामिल होने के लिए सहमत हुए थे। प्रत्येक वर्ष के दौरान एक नैम्स-एम्स संगोष्ठी / सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इनमें से पहला 24.04.2013 को "द्विमेरुता के लिए एक बहु अनुशासनिक दृष्टिकोण" विषय पर ऋषिकेश में आयोजित किया गया था। अन्य पांच संस्थान अस्थायी सीएमई विषयों पर सहमत हो गए हैं। अध्यक्ष ने आगे सूचित किया कि चयनित विषय 12 वीं पंचवर्षीय योजना में पहचाने गए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के आधार पर हैं ।

समिति ने अध्यक्ष द्वारा की गई पहल की सराहना की और अध्यक्ष द्वारा की गई सिफारिशों का समर्थन किया: -

- राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नैम्स के साथ एक अधिशासी मंडल का गठन होगा
- इन संस्थानों और राष्ट्रीय महत्व के अन्य संस्थानों में संगोष्ठियों /सीएमई को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की अंतःसांस्थानिक शैक्षणिक गतिविधियों के रूप में माना जाएगा
- इन अंतःसांस्थानिक कार्यक्रमों के लिए प्रस्ताव राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के लिए सीधे भेजे जाएँगे
- इन प्रस्तावों पर नैम्स के कार्यालय द्वारा प्राप्त करते ही अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति द्वारा विचार किया जाएगा

- अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति इन प्रस्तावों का अध्ययन, अगर किसी भी संशोधन के लिए आवश्यक हैं तो निदेशकों के साथ बातचीत और एक विषय विशेषज्ञ द्वारा तकनीकी समीक्षा निर्देशित करेंगे
- अनुमोदित प्रस्तावों को रुपये 75,000/- / 1 लाख, जैसा भी उपयुक्त होगा, वित्तीय अनुदान प्राप्त होगा।

अध्यक्ष ने समिति को सूचित किया कि भी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नैम्स के प्रतिष्ठित आचार्य को आमंत्रित करेगा जो इन संस्थानों में व्याख्यान देंगे, 2-3 दिनों की अवधि के लिए प्रयोगशाला प्रशिक्षण / नैदानिक प्रशिक्षण का संचालन करेंगे। यात्रा लागत नैम्स द्वारा प्रदान की जाएगी और स्थानीय आतिथ्य संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और नैम्स के संकाय के बीच एक करीबी सहयोग की सुविधा के लिए ये संस्थान नैम्स वार्षिक सम्मेलनों के स्थान भी हो सकते हैं। इस उद्देश्य के लिए निमंत्रण अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशकों की ओर से और राष्ट्रीय महत्व के अन्य संस्थानों की ओर से किया जाएँगे और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी को सीधे भेजे जाएँगे। स्वीकार किए जाने पर राज्य संयोजक को तदनुसार सूचित किया जाएगा।

डॉ हरदास सिंह संधू ने इस प्रकार देश में भविष्य शैक्षिक घटनाक्रम के नाभिक की स्थापना के लिए नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल गठित करने के लिए प्रो. बजाज, अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति को बधाई दी। अध्यक्ष द्वारा समिति के सदस्यों को सूचित किया गया कि नियोजित पहल 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए प्रस्तुत नैम्स प्रस्तावों के अनुसार ही हैं । समिति ने इन कार्यों का समर्थन किया। अध्यक्ष ने समिति को सूचित किया कि इन सभी गतिविधियों की रिपोर्ट की नैम्स परिषद के पास विचार और बेचान के लिए जमा करने से पहले नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल / शैक्षणिक समिति / शैक्षणिक परिषद द्वारा समीक्षा की जाएगी ।

अध्यक्ष ने संगोष्ठियों / सीएमई के विशिष्ट शिक्षण उद्देश्यों के बारे में शैक्षणिक समिति के सदस्यों को याद दिलाया और इनका सीएमई की दिशा-निर्देश पुस्तक के अनुसार भविष्य में सीएमई कार्यक्रम में कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी सदस्यों से अनुरोध किया। अध्यक्ष ने सीएमई / संगोष्ठियों पूर्व और पश्च मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल दिया।

अध्यक्ष ने युवा वैज्ञानिकों के प्रशिक्षण के लिए नैम्स और पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा के बीच भविष्य के सहयोग के लिए उसके द्वारा मसौदा समझौता ज्ञापन प्रस्ताव के लिए डॉ. जयरूप सिंह, कुलपति, पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा को धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सीएसआईआर या आईसीएमआर के तहत जेआरएफ / एसआरएफ के समान उनकी योग्यता के लिए उपयुक्त एक वृत्ति का भुगतान किए जाने का प्रस्ताव किया। वित्तीय प्रावधानों के साथ इस प्रस्ताव के मसौदे को वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। पंजाब से अध्येताओं के लिए धन के स्रोतों में से एक पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए अनुदान से स्थापित कोष हो सकता है। श्री सप्रू पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा अनुदान के बारे में निधि की स्थिति पर एक नोट तैयार करेंगे और इसे वित्त समिति के समक्ष रखा जाएगा। वित्त समिति के अनुमोदन के बाद, एमओयू अपनी अगली बैठक में नैम्स परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और परिषद के अनुमोदन के बाद हस्ताक्षर किए जाएँगे।

5 वर्ष से अधिक तक नियमित रूप से की गयी एक गतिविधि नैम्स-पीजीआई संगोष्ठी को पिछले दो वर्ष से आयोजित नहीं किया जा सका। अकादमी की इस प्रमुख गतिविधि के महत्व को समझते हूए, अध्यक्ष ने निदेशक, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ से संपर्क किया और पारस्परिक रूप से आवश्यकता और अगली संगोष्ठी के विषय पर सहमत हुए थे। तदनुसार, "बच्चों और किशोरों में गैर मदीय वसीय यकृत रोगों" विषय पर नैम्स-पीजीआई संगोष्ठी 10 मार्च, 2013 को आयोजित की गयी थी। संगोष्ठी में पीजीआई में अच्छी उपस्थिति थी और प्रसारण के माध्यम से इंदिरा गाँधी मेडिकल कॉलेज, शिमला और डॉ राजेंद्र प्रसाद सरकारी मेडिकल कॉलेज, कांगड़ा के एजुसैट केंद्र में भी प्रतिभागी थे। अधिगम संसाधन सामग्री और हैंडआउट्स अच्छी शैक्षिक सामग्री के थे। आयोजकों ने उपस्थिति पत्रक, पूर्व और बाद के आकलन प्रारूपों और मूल्यांकन प्रारूपों को नैम्स के लिए भेज दिया है। इनकी समीक्षा की जाएगी और आयोजकों से सांख्यिकीय विश्लेषण के परिणामों को भेजने के लिए अनुरोध किया जा सकता है। उनसे तीनों अधिगम स्थानों के आकलन पूर्व और बाद का डेटा का अलग से विश्लेषण करने और क्या तीनों अधिगम स्थानों के बीच किसी अंतर की रिपोर्ट के लिए अनुरोध किया जा सकता है।

डॉ. प्रेमा रामचंद्रन ने संक्षेप में सूक्ष्म पोषक तत्व की कमी पर संगोष्ठी की रिपोर्ट पेश की। मुख्य भाषण प्रो. बजाज द्वारा दिया गया था। संगोष्ठी में आखिरी सत्र के छोड़कर सभी सत्रों में

लगभग 100 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। मूल्यांकन में प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियों और एलआरएम की सराहना की। प्रतिभागियों ने उपयोगी सुझाव दिए हैं जिन पर विचार दिया जाएगा। यह सुझाव दिया गया था कि भविष्य में प्रस्तुतियों का सार एक शोधपुस्तिका के रूप में उपलब्ध कराया जाना चाहिए और संगोष्ठी पूर्व और बाद के आकलन आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने नैम्स एनएफआई संगोष्ठी को नियमित रूप से वार्षिक किए जाने की सिफारिश की। स्थान की कमी दूर करने के लिए अगली नैम्स एनएफआई संगोष्ठी नैम्स सभागार में आयोजित की जा सकती है ।

दिनांक 19 अगस्त, 2013 को आयोजित शैक्षिक समिति की बैठक की विशिष्टताएं

अध्यक्ष ने समिति को सूचित किया है कि प्रोफेसर बजाज की अध्यक्षता में नैम्स में आयोजित छह एम्स के निदेशकों के साथ बैठक और नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल के गठन के बाद "द्विमेरुता के लिए एक बहु-अनुशासनिक दृष्टिकोण" विषय पर सीएमई कार्यक्रम के रूप में नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल की पहली शैक्षणिक गतिविधि 27.04.2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में आयोजित की गई।

दूसरी नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल गतिविधि 20 जुलाई, 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित 'नैदानिक अनुसंधान में आचार' पर सीएमई कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई थी। डॉ. वी. एम. कटोच, सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, भारत सरकार और महानिदेशक, आईसीएमआर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह भी आंशिक रूप से भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित किया गया। सीएमई कार्यक्रम की एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। आयोजकों को पूर्व और पश्च सीएमई आकलन और मूल्यांकन सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल कार्यक्रम के तहत तीसरी प्रमुख गतिविधि **निद्रा चिकित्सा पर क्षेत्रीय संगोष्ठी** 25 अक्टूबर 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित की जा रही है।

समिति के सदस्यों को सूचित किया गया कि डॉ. जय रूप सिंह, कुलपति, पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा से प्राप्त एक मसौदा समझौता ज्ञापन 17 जुलाई 2013 को आयोजित

परिषद की बैठक के सम्मुख रखा गया था और उसे अनुमोदित किया गया। समझौता ज्ञापन पर डॉ जय रूप सिंह, कुलपति, डॉ सी. एस. भास्करन, राष्ट्रपति, नैम्स और प्रो. जे. एस. बजाज, अध्यक्ष, शैक्षणिक परिषद द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे।

समिति के सदस्यों ने अक्टूबर, 2013 में वार्षिक सम्मेलन के दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में आयोजित होने वाले "निद्रा चिकित्सा" पर संगोष्ठी और "पुनर्योजी चिकित्सा" पर क्षेत्रीय संगोष्ठी की योजना बनाने के संबंध में अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। प्रो. बजाज ने समिति को "निद्रा चिकित्सा" पर उनके और डॉ. वी. मोहन कुमार द्वारा तैयार किए गए विस्तृत वैज्ञानिक कार्यक्रम के बारे में सूचित किया। निद्रा चिकित्सा पर क्षेत्रीय संगोष्ठी के रूप में वैज्ञानिक कार्यक्रम और अंतः सांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम का समर्थन किया गया था। समिति ने सर्वसम्मति से वैज्ञानिक और सीएमई कार्यक्रमों को मंजूरी दे दी और कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने और उनके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोफेसर बजाज को अधिकृत किया।

अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय विकास परिषद ने दिसंबर, 2012 में आयोजित बैठक में 12वीं पंचवर्षीय योजना के दस्तावेज को मंजूरी दी थी। यह दर्ज किया गया है कि नैम्स जैसे अभिकरण देश में सतत चिकित्सा शिक्षा के लिए कार्यक्रमों को विकसित करने में उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं।

समिति ने सिफारिश की कि समिति द्वारा अनुमोदित नैम्स वार्षिक सम्मेलन का विस्तृत कार्यक्रम अकादमी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए ।

प्रोफेसर बजाज ने डॉ संजीव मिश्रा को सुझाव दिया है कि वह जिला चिकित्सा अधिकारियों को सम्मिलित करने का प्रयास करें और यदि उनमें से कुछ रुचि दिखाते हैं तो अकादमी की ओर से सहायता के साथ जिले में भी इसी तर्ज पर शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन में मदद की जानी चाहिए। जोधपुर में नैम्स सम्मेलन में भाग लेने वाले जिला चिकित्सा अधिकारियों को पंजीकरण शुल्क के भुगतान से छूट दी जा सकती है।

अध्यक्ष द्वारा यह भी सुझाव दिया गया था कि राज्य में मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यों/ संकायाध्यक्ष से सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक या दो प्रतिभाशाली इंटर्न्स या अंतिम वर्ष के छात्रों को नियुक्त करने का अनुरोध किया जाना चाहिए। नैम्स रेल भाड़े के रूप में सहायता प्रदान करेगा और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर को होस्टल आवास और नि: शुल्क पंजीकरण प्रदान करना चाहिए। इस पर निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर ने सहमति व्यक्त की और समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

यह सिफारिश की गई थी कि एम्स, जोधपुर में नैम्स सम्मेलन के दौरान वैज्ञानिक कार्यक्रम की एक वीडियो रिकॉर्डिंग तैयार की जानी चाहिए और शैक्षणिक समिति द्वारा अनुमोदन के बाद उसे देश के सभी मान्यता प्राप्त सरकारी मेडिकल कालेजों को भेजा जाना चाहिए जिससे वे छात्र जो रुचि रखते हैं परंतु कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकते वे भी इस से वैज्ञानिक जानकारी और लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह भी सिफारिश की गई थी कि एम्स, जोधपुर में दीक्षांत समारोह का एक अलग वीडियो तैयार करवाना चाहिए और उसे पुस्तकालय में रखा जाना चाहिए।

अध्यक्ष की सक्रिय सलाह और प्रोत्साहन द्वारा सीएमई कार्यक्रमों के रूप में शैक्षणिक गतिविधियों को आयोजित करने के व्यवस्थित आशय के कुछ प्रस्तावों / पत्र के बारे में समिति को सूचित किया गया था। ये समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए:

- पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में 'बच्चों में मिरगी' पर नैम्स-पीजीआई संगोष्ठी के संबंध में एक प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। पहले ही उपरिलिखित विवरण के अनुसार इसे समिति द्वारा सिद्धांत रूप में मंजूरी दे दी गई थी।
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में 'एक्यूट इस्केमिक स्ट्रोक' पर एक सीएमई कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इसे 'सिद्धांत रूप में' समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। समिति ने प्रस्तावित बजट सहित प्रारूप के अनुसार एक उचित प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने की सिफारिश की।
- डॉ. एच. एस. संधू, एफएएमएस, द्वारा 'मादक द्रव्यों के सेवन और मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव' पर बाबा फरीद स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, फरीदकोट में नवंबर,

2013 में एक संगोष्ठी सह सीएमई के आयोजन के आशय का एक पत्र लाया गया। इसे सिद्धांत में समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। समिति ने प्रारूप के अनुसार एक उचित प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने की सिफारिश की।

- डॉ एम. कामेस्वरन, एफएएमएस से 'बच्चों में बधिरता' पर चेंगलपट्टू मेडिकल कॉलेज, चेंगलपट्टू, तमिलनाडु में सीएमई कार्यक्रम / राष्ट्रीय अद्यतन के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त किया गया। इसे 'सिद्धांत रूप में' समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- 'पर्यावरण और स्वास्थ्य: चुनौतियां और समाधान' विषय पर एक सीएमई कार्यक्रम/ कार्यशाला के आयोजन के लिए प्रोफेसर जय रूप सिंह, एफएएमएस, कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा की से एक प्रस्ताव प्राप्त किया गया था। इसे 'सिद्धांत रूप में' समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। प्रोफेसर बजाज ने सुझाव दिया है कि दो महत्वपूर्ण विषयों, अर्थात् (i) पर्यावरण और स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों और (ii) जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य को कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।
- 'बच्चों में क्षय रोग: नए नैदानिक उपकरण और उपचार अद्यतन' पर सीएमई कार्यक्रम के लिए डॉ. राजेश्वर दयाल, एफएएमएस, एस.एन. पर मेडिकल कॉलेज, आगरा से एक प्रस्ताव प्राप्त किया गया था। इसे 'सिद्धांत रूप में' समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था।

यह सूचित किया गया था कि सभी विषय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से चुने गए हैं। समिति ने 'सिद्धांत रूप में' प्रस्तावों को स्वीकार करते हुए, सीएमई गतिविधियों के वित्त पोषण के लिए प्रारूप के अनुसार प्रस्तावों में संशोधन / आशोधन करने के बारे में कुछ सुझाव दिए। अध्यक्ष को आवश्यक कार्रवाई और अंतिम स्वीकृति प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया।

यह भी सिफारिश की गई कि सीएमई गतिविधियों के संबंध में प्राप्त सभी शिक्षण सामग्री को टिप्पणियों के लिए समीक्षकों को भेजा जाना चाहिए। यदि रिपोर्ट अच्छी है तो सीएमई कार्यक्रम के चयनित विषयों पर मोनोग्राफ प्रकाशित करने के लिए अकादमी द्वारा अतिरिक्त धन उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

समिति ने प्रोफेसर योगेश चावला, एफएएमएस और निदेशक, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ को चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के लिए संयोजक मनोनीत करने की और डॉ संजीव मिश्रा, एफएएमएस और निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर, राजस्थान को राजस्थान चैप्टर के लिए संयोजक मनोनीत किए जाने की सिफारिश की।

दिनांक 11 दिसंबर, 2013 को आयोजित शैक्षिक समिति की बैठक की विशिष्टताएं

अध्यक्ष ने समिति को सूचित किया कि नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल के अधीन तीन सीएमई / संगोष्ठियाँ पहले से ही सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं और इस शैक्षणिक गतिविधि को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा और "नैम्स-एम्स अधिशासी मंडल के तहत शैक्षणिक गतिविधियों" के लिए एक अलग कार्यसूची मद बनाने का सुझाव दिया।

प्रो. बजाज ने समिति के सदस्यों को सूचित किया कि तकनीकी समीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक अच्छी तरह से संरचित प्रपत्र अब पत्र में शामिल किया गया है जो कि प्रस्ताव की समीक्षा और सीएमई / संगोष्ठी / कार्यशाला को 1-5 के पैमाने पर ग्रेड करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम के तकनीकी समीक्षक को भेजा जा रहा है । यदि समीक्षक सीएमई प्रस्ताव >90% ग्रेड देते हैं तो यह उत्कृष्ट माना जाता है; इसी प्रकार >80 और <90 बहुत अच्छा है; >70 <80 अच्छा है; >60 और<70 संतोषजनक है लेकिन वित्त पोषण का औचित्य नहीं ठहराया जा सकता; और अगर >50 और <60 तो पर्याप्त संशोधनों की जरूरत है; <50 अंकों को औसत से नीचे माना जाता है और इसकी वित्त पोषण के लिए सिफारिश नहीं की जाती।

पर्यवेक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्रारूप संशोधित किया गया था और पर्यवेक्षकों को सीएमई/ संगोष्ठी/ कार्यशाला को टिप्पणियों के साथ 1-5 के पैमाने पर ग्रेड करना होगा।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में नैम्सकॉन-2013 के शैक्षणिक कार्यक्रम

क) व्याख्यान और पुरस्कार व्याख्यान

अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति ने समिति के सदस्यों को सूचित किया कि नैम्सकॉन-2013 में स्वर्ण जयंती स्मरणोत्सव पुरस्कार व्याख्यान सहित 10 व्याख्यान और 8 पुरस्कार व्याख्यान में से

सत्रह प्रस्तुतियाँ बनाई गईं। कुछ को उत्कृष्ट माना गया। डॉ एम. वी. नटराजन द्वारा केवल कर्नल संघम लाल स्मारक व्याख्यान नहीं दिया जा सका। व्याख्याताओं और विजेताओं की अनुसंधान कार्य की प्रस्तुतियाँ उत्कृष्ट थीं। प्रो. बजाज ने सदस्यों को सूचित किया है कि डॉ. एम. वी. नटराजन ने जोधपुर में सम्मेलन में भाग लेने और व्याख्यान देने के लिए अपनी असमर्थता के बारे में एक पत्र लिखा था और प्रो. बजाज ने सिफारिश की है कि उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में नैम्सकॉन-2014 में अपना व्याख्यान देने के लिए अनुमति दी जा सकती है। इस पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी।

ख) 26 अक्टूबर 2013 को पुनर्योजी चिकित्सा पर नैम्स संगोष्ठी

प्रो. जे.एस. बजाज ने सूचित किया कि 26 अक्टूबर 2013 को पुनर्योजी चिकित्सा पर संगोष्ठी चार वक्ताओं अर्थात डॉ. सुजाता मोहंती, डॉ. बलराम एरन, डॉ. एम. वी. पद्मा श्रीवास्तव और डॉ. गीता के. वेमुगंटी के साथ आयोजित की गई थी। डॉ मोहंती बैठक में उपस्थित थीं और अपनी रिपोर्ट (अनुबंध छ) प्रस्तुत करने के लिए उन्हें अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित किया गया था।

प्रो बजाज ने समिति को सूचित किया कि डॉ. मोहंती के 95 प्रकाशन हैं और उनकी रिपोर्ट एक उत्कृष्ट सारांश था और अनुसंधान कार्य को आयकर छूट प्रयोजनों के लिए दिखाने के लिए इसे वार्षिक रिपोर्ट में शामिल किए जाने के लिए विचार किया जाना चाहिए। इस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी। अध्यक्ष ने उनकी प्रस्तुति के लिए डॉ. मोहंती का आभार व्यक्त किया और डॉ. मोहंती ने उनके मार्गदर्शन और पांडुलिपि तैयार करने में सहायता के लिए प्रो. बजाज को धन्यवाद दिया।

ग) 25 अक्टूबर 2013, शुक्रवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में 'निद्रा चिकित्सा' पर सीएमई कार्यक्रम - नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

प्रो. बजाज ने निद्रा चिकित्सा पर क्षेत्रीय संगोष्ठी के बारे में सदस्यों को सूचित किया। उन्होंने बल देकर कहा कि इंटरैक्टिव सत्र उत्कृष्ट था। छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया। छात्रों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए प्रो. बजाज ने इंटरैक्टिव सत्र में भाग लेने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्र के लिए रुपए 5000/- के पुरस्कार की घोषणा की। अकादमी के तीन वरिष्ठ अध्येता की एक जूरी अर्थात डॉ. वी. मोहन कुमार, डा. के. राधाकृष्णन और डॉ.

एम. वी. पद्मा श्रीवास्तव को इंटरैक्टिव सत्र का निर्णायक बनने के लिए अनुरोध किया गया था। डॉ. अभिजीत सिंह बराथ, द्वितीय वर्ष एमबीबीएस छात्र, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर को सर्वश्रेष्ठ छात्र भागीदार के रूप में आंका गया था और 26-10-2013 को आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. आर. चिदंबरम, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार द्वारा उन्हें रुपये 5000/- के प्रो. बजाज पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विशेष आमंत्रित, डॉ. कुलदीप सिंह ने समिति को सूचित किया कि उन्होंने राजस्थान के मेडिकल कालेजों के प्रधानाध्यापकों / निदेशकों को अपने कॉलेजों से संगोष्ठी में भाग लेने के लिए छात्रों को मनोनीत करने के लिए एक पत्र भेजा था। उन्होंने कहा कि नौ छात्रों ने पंजीकरण करवाया परंतु केवल 6 ही आए। प्रो. बजाज ने छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए अकादमी रेल भाड़े और पंजीकरण शुल्क में छूट देकर छात्रों पर होने वाले खर्च का बोझ कम करने का सुझाव दिया। इस पर सहमति दी गई थी और यह नैम्सकॉन - 2014 में लागू होगा।

डॉ. कुलदीप सिंह, आयोजन सचिव, नैम्सकॉन - 2013, अपर आचार्य, बाल रोग विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर ने "सीएमई कार्यक्रम के मूल्यांकन में एक उपकरण के रूप में संतुष्टि सूचकांक का निर्धारण" और "सीएमई कार्यक्रम की प्रभावशीलता का अनुकूलन: नैम्स अनुभव" प्रस्तुतियाँ दीं। दोनों प्रस्तुतियों की समिति के सदस्यों द्वारा सराहना की गई और बाद में अध्यक्ष द्वारा समीक्षा के बाद प्रकाशन के लिए सिफारिश की गई।

निद्रा चिकित्सा पर संगोष्ठी के रूप में एक शैक्षिक हस्तक्षेप के बाद प्रतिभागियों के ज्ञान में सुधार का आकलन करने के उद्देश्य से एक अध्ययन किया गया था। 30 प्रश्नों की एक प्रश्नावली 103 प्रतिभागियों को दी गई। प्रतिभागियों को सीएमई कार्यक्रम के पूरा होने के बाद इसी तरह के कठिनाई स्तर के आधार पर फिर से प्रश्न दिए गए। परिणाम से 89% प्रतिक्रिया का पता चला है। हस्तक्षेप से पूर्व औसत अंक 11.76 थे जिसमें केवल 26 प्रतिभागियों ने 50% से अधिक अंक प्राप्त किए थे। पूर्व और बाद की दोनों परीक्षाएं देने वाले प्रतिभागियों ने 12.1 औसत अंक की की तुलना में 18.3 औसत अंक प्राप्त कर सुधार दिखाया। सभी 59 प्रतिभागियों ने 11 क्रेडिट से अधिक स्कोर प्राप्त किया व उनमें से 84.7% के 50% (पास कट-ऑफ) से अधिक अंक प्राप्त किए। अध्ययन से निष्कर्ष निकला है कि सावधानी से बनाए गए शैक्षिक हस्तक्षेप प्रतिभागियों के ज्ञान में सकारात्मक लाभ लाते हैं।

रिपोर्ट डॉ कुलदीप सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई थी। उन्होंने नैम्सकॉन 2013, एम्स के अनुभव के आधार पर बताया कि यह महसूस किया गया कि इसके समान गतिविधि डॉ. एस. एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर, एक सहायक संस्था में आयोजित की जाए। उन्होंने समिति को सूचित किया कि डीवीडी में शिक्षण सामग्री के रूप में दर्ज मान्य अधिगम संसाधन सामग्री का उपयोग कर लक्षित दर्शकों के रूप में चिकित्सा छात्रों के शैक्षिक तुलनीय समूह के साथ एक समान सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिजाइन, योजना और रणनीति शैक्षिक उद्देश्य को प्राप्त करने में गैर प्रिंट माध्यम के उपयोग के साक्ष्य की खोज थी। कुल 108 प्रतिभागियों को हस्तक्षेप-पूर्व प्रश्नावली दी गई (30 प्रश्न : कुल अंक 30)। 104 प्रतिभागियों ने प्रश्नावली लौटाई। कार्यक्रम का प्राथमिक परिणाम था कि हस्तक्षेप-पूर्व प्रश्नावली की तुलना में हस्तक्षेप-पश्च प्रश्नावली में प्राप्त अंकों में महत्वपूर्ण सांख्यिकीय वृद्धि हुई थी। लाइव सीएमई (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर) और डीवीडी आधारित सीएमई (एस. एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर) के बीच तुलनात्मक परिणामों में आधारभूत हस्तक्षेप-पूर्व पास% लाइव सीएमई में (एन = 59) 20, वीडियो सीएमई (एन = 89) 8; पश्च-हस्तक्षेप पास% लाइव सीएमई 50 और वीडियो सीएमई 39 थे।

अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति ने सूचित किया कि पहली बार वार्षिक सम्मेलन के एक भाग के रूप में नैम्सकॉन 2013 की एक अनूठी विशेषता 30 पोस्टर प्रस्तुतियों के साथ पोस्टर सत्र था जिसे सुनियोजित रूप में बनाया गया था। यह बहुत सफल रहा था। अध्यक्ष ने इसे नियमित गतिविधि बनाने का प्रस्ताव किया। अब के बाद सम्मेलन पूरे 3 दिनों के लिए होना चाहिए जिससे प्रतिभागियों के अधिकतम शैक्षणिक लाभ के लिए सभी गतिविधियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। सबसे अच्छी पोस्टर प्रस्तुति के लिए एक पुरस्कार दिया जाना प्रस्तावित किया गया था। अध्यक्ष ने यह भी विचार के लिए प्रस्तुत किया कि सबसे अच्छे पोस्टर प्रस्तोता की यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति की जा सकती है यदि वह कहे कि उसकी यात्रा किसी के द्वारा प्रायोजित / समर्थित नहीं की गई है। पंजीकरण शुल्क भी माफ किया जा सकता है। समिति अध्यक्ष के इन प्रस्तावों पर सहमत हुई।

1. **25 अक्टूबर, 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में डॉ. संजीव मिश्रा, एफएएमएस द्वारा आयोजित "निद्रा चिकित्सा"** पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी

25 अक्टूबर, 2013 को एम्स, जोधपुर में डॉ. संजीव मिश्रा, द्वारा आयोजित "निद्रा चिकित्सा" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट आयोजन सचिव डॉ. कुलदीप सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई थी। नैम्सकॉन 2013 में भाग नहीं लेने वाले समिति सदस्यों के लिए सार पुस्तिका प्रदान की गई। प्राप्त ज्ञान का मूल्यांकन करने के लिए सीएमई से पहले और बाद प्रतिभागियों का आकलन किया गया था। कार्यक्रम का संतुष्टि सूचकांक का उपयोग कर मूल्यांकन किया गया था जिसकी सीमा 71-80 से 87.87 तक थी जो बहुत अधिक थी। पहली बार क्रम संख्या के साथ एक प्रपत्र तैयार किया गया था। प्रतिभागियों की सूची भी तैयार की गई थी। प्रतिभागियों को अपने नाम के बिना भरने के लिए कहा गया था। प्रपत्र पर क्रम संख्या की सहायता से प्रतिभागियों को पहचाना जा सकता है।

अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि नए अध्येताओं और सदस्यों के लिए पंजीकरण शुल्क एक रियायती आधार पर होना चाहिए। यह वैज्ञानिक कार्यक्रम में एक बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करेगा और नए अध्येताओं और सदस्यों को सक्रिय रूप से नैम्स की शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

अध्यक्ष ने सूचित किया कि एसएन मेडिकल कॉलेज, जोधपुर में आयोजित सीएमई कार्यक्रम में प्रमाणित डीवीडी को अब मेडिकल कॉलेजों में वितरित किया जा सकता है। व्याख्यान के पुनर्मुद्रण युक्त डीवीडी और पुस्तिका की लागत केवल रुपये 140 थी। हालांकि, इसे रुपये 70/- की सब्सिडी दर पर दिया जा सकता है।

आयोजकों के प्रयासों के कारण नैम्सकॉन 2013 की सफलता व्यापक रूप से प्रचारित की गई है और इसे अच्छी तरह से पहचान मिली है क्योंकि यह यू-ट्यूब और गूगल प्लस पर उपलब्ध है। यह अकादमी को एक जीवंत, व्यवहार्य और जोशपूर्ण शैक्षिक संगठन के रूप में स्थापित करता है और उसकी साख न केवल देश के भीतर अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थापित करता है।

अध्यक्ष ने निम्नानुसार शैक्षणिक गतिविधियों की योजना के बारे में समिति को जानकारी दी:

- एम्स-नैम्स अधिशासी मंडल अब एक अलग कार्यसूची मद होगा क्योंकि 4 सीएमई कार्यक्रम पहले ही आयोजित किए गए हैं और एक और ऋषिकेश में आयोजित होने जा रहा है। प्रो. जी. के. सिंह, निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना ने शैक्षणिक समिति के अध्यक्ष के लिए एक पत्र भेजा है जिसमें सूचित किया गया है कि एम्स-नैम्स अधिशासी मंडल की फरवरी, 2012 की बैठक के एक अनुवर्ती के रूप में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना "आपदाओं और चिकित्सा आपात स्थिति के लिए एक पूर्व अस्पताल प्रतिक्रिया का विकास" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन करने की योजना बना रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यक्रम को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में फरवरी/ मार्च 2014 में आयोजित किया जा सकता है।
- अध्यक्ष ने प्रस्ताव किया कि एम्स-नैम्स अधिशासी मंडल के तहत सीएमई कार्यक्रम/ संगोष्ठियों को अंतःसांस्थानिक माना जा सकता है क्योंकि शिक्षण उद्देश्यों सहित इनकी रूपरेखा, कार्यक्रम की योजना बनाने में अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति की प्रमुख भूमिका होती है। हालांकि इसे प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता की राशि के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए।
- इससे पहले अंतःसांस्थानिक और बाह्यसांस्थानिक कार्यक्रमों को वित्तीय सहायता के आधार पर वर्गीकृत किया जाता था: अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के लिए रुपये 1,00,000/- और बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम के लिए रुपये 75,000/-। अध्यक्ष ने प्रस्ताव किया कि भविष्य में अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम के रूप में उन कार्यक्रमों को परिभाषित किया जाना चाहिए जिनके विषय/ उद्देश्यों/ वैज्ञानिक सामग्री और संगठन शैक्षणिक समिति/ अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति द्वारा उल्लिखित किए गए हैं। चिह्नित संस्था को इस अनुरोध के साथ बुनियादी आवश्यक घटक प्रदान किए गए हैं कि इसे एक उचित समय और तिथि पर नैम्स की सहमति से आयोजित किया जाए। वित्तीय सहायता की ऊपरी सीमा निर्णय के अनुसार होगी, हालांकि, निचली सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है और आवश्यकताओं के आधार पर स्वीकृत राशि का निर्णय लिया जाना चाहिए। यह भी सुझाव दिया गया था कि सीएमई कार्यक्रम के लिए वित्तीय व्यय

स्वीकृत राशि से 15% अधिक है, तो औचित्यपूर्ण होने पर अतिरिक्त राशि की प्रतिपूर्ति के लिए विचार किया जा सकता है । यदि व्यय 15% से अधिक है तो अध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

- बाह्यसांस्थानिक कार्यक्रम पहले की तरह उपलब्ध वित्तीय अनुदान की ऊपरी सीमा रुपये 75,000/- के साथ अध्यक्ष, सीएमई समिति द्वारा देखे जाएंगे। पूरे कार्यक्रम की डीवीडी रिकार्ड होने की स्थिति में अंतःसांस्थानिक और बाह्यसांस्थानिक कार्यक्रमों के लिए रुपये 30,000/- का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।
- शैक्षणिक गतिविधियों की भविष्य की योजनाओं के तहत विशेष मद निम्नलिखित हैं:

नैम्सकॉन 2014

क) व्याख्यान और पुरस्कार

- अध्यक्ष ने व्याख्यान और पुरस्कार समिति द्वारा चयनित वक्ताओं के नाम प्रस्तुत किए।

ख) नैम्सकॉन 2014 वैज्ञानिक संगोष्ठी

- निजीकृत चिकित्सा को 'प्रत्येक रोगी की अलग-अलग विशेषताओं, आवश्यकताओं और वरीयताओं के अनुसार चिकित्सा उपचार को ढालना' के रूप में मान्यता प्राप्त है। पर्याप्त चर्चा के बाद सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया और वक्ताओं आदि की पहचान करने के लिए अध्यक्ष को अधिकृत किया।

ग) सीएमई कार्यक्रम

- अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा कि देश में मद्य के सेवन की बढ़ती व्यापकता और इस तरह के सेवन के साथ जुड़े स्वास्थ्य खतरों को देखते हुए इस विषय पर चर्चा करना उचित होगा। यह इसलिए भी प्रासंगिक है क्योंकि उत्तराखंड राज्य में मद्य के सेवन का उच्च प्रसार भी है जहां नैम्सकॉन 2014 का आयोजन किया जा रहा है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए इसके प्रासंगिक होने के कारण सदस्यों ने प्रस्ताव की

सराहना की। अध्यक्ष को कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए अधिकृत किया गया था। यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को क्षेत्रीय संगोष्ठी बुलाया जा सकता है और पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के मेडिकल कालेजों से मेडिकल छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में यह अंतःसांस्थानिक कार्यक्रम होगा और इसे अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा।

घ) पोस्टर सत्र

- नैम्सकॉन 2013 में पोस्टर सत्र की सफलता को देखते हुए इसी तरह का एक सत्र नैम्सकॉन 2014 में वैज्ञानिक कार्यक्रम में शामिल किया गया है और 6 (डी) के तहत स्वीकार की गई सिफारिशें लागू होगीं।

- अन्य योजनाबद्ध गतिविधियाँ: अध्यक्ष ने समिति को सूचित किया कि उन्होंने राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के बारे में डॉ. आर. चिदंबरम को तीन पृष्ठ का एक पत्र लिखा था। डॉ. आर. चिदंबरम ने इंजीनियर नीरज सिन्हा, वैज्ञानिक एफ को प्रतिनियुक्त किया। प्रो. जे. एस. बजाज और इंजीनियर नीरज सिन्हा के बीच 3 दिसंबर 2013 को एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई और डॉ. एस. वी, राघवन के साथ एक अन्य बैठक 9 दिसंबर, 2013 को प्रो. जे. एस. के बजाज के कार्यालय में आयोजित की गई थी जिसमें मानद सचिव, डॉ. संजय वधवा ने भी भाग लिया। डॉ. राघवन ने आश्वासन दिया कि नैम्स का राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के साथ संपर्क स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के साथ सहयोग की पेशकश की। यह नैम्स के लिए बहुत उपयोगी होगा और उसके बाद सभी केन्द्रों (लगभग। 108 केंद्रों) को राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के साथ जोड़ा जाएगा। शैक्षणिक कार्यक्रमों की वेब कास्टिंग के उद्देश्य के लिए आवश्यक अतिरिक्त उपकरणों की खरीद के संबंध में मानद सचिव परामर्श के अनुसार मामले को देखेंगे। प्रो. जे.एस. बजाज ने "भारत में आचरण पर बंध्याकरण के लिए वैज्ञानिक संचालन प्रक्रिया" नामक पुस्तक में निहित जानकारी साझा की है। वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के कार्यालय को अकादमी कार्यालय में पांच

और प्रतियां भेजने का अनुरोध किया जाएगा जो शैक्षणिक समिति के दो से तीन सदस्यों को भेजी जाएंगी जो शल्यक्रिया और संबद्ध विषयों से जुड़े हैं जहां बंध्याकरण के लिए प्रक्रियाएँ अत्यंत प्रासंगिक हैं। डॉ वधवा राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के साथ संपर्क स्थापित करने और उसके भविष्य के उपयोग के लिए अकादमी द्वारा 2007 में खरीदे गए उपकरणों को अद्यतन करने को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से डॉ राघवन/ डॉ नीरज/ उनके नामिती के साथ बातचीत करेंगे। उपकरणों का डॉ. राघवन द्वारा निरीक्षण किया गया था और सलाह दी गई थी कि उपकरणों को अद्यतन करने की आवश्यकता होगी।

- **भारतीय निद्रा चिकित्सा सोसायटी के साथ सहयोग** डॉ. वी. मोहन कुमार भारतीय निद्रा चिकित्सा सोसाइटी के साथ काम कर रहे हैं। वर्ष 2014 के दौरान हम चेन्नई में प्रस्तावित गतिविधि का समर्थन नहीं कर सकते, लेकिन सहमति होने पर हम 2015 में चेन्नई में भारतीय निद्रा चिकित्सा सोसायटी के सहयोग से एक सीएमई कार्यक्रम के आयोजन पर विचार कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अकादमी वित्तीय सहायता प्रदान कर सकती है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई कॉर्पोरेट / औद्योगिक वित्तपोषण शामिल नहीं है। हालांकि, अनुमोदित विज्ञापनों के साथ एक स्मारिका प्रकाशित की जा सकती है। अध्यक्ष को डॉ. मोहन कुमार से आगे बातचीत करने के लिए अधिकृत किया गया।

  प्रो. बजाज ने सूचित किया कि 100 मेडिकल कालेजों से उनके मेडिकल कालेजों में 'निद्रा चिकित्सा शिक्षण और पाठ्यक्रम योजनाकरण की स्थिति क्या है?' आदि पूछताछ करने के लिए एक प्रश्नावली भेजी जा रही है।

(क) सीएमई कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता के उद्देश्य के लिए अन्य संस्थानों के साथ बराबरी के व्यवहार के लिए निदेशक प्राचार्य, श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर के पत्र के बारे में डॉ. एच. एस. संधू, एफएएमएस के ई-मेल पर सदस्यों ने विस्तार से विचार किया गया था।

डा संधू ने नैम्स द्वारा अनुरोधित सभी तीन स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए: [(1) । इस बात की पुष्टि के लिए सरकार से पत्र कि संस्थान एक गैर लाभदायक अल्पसंख्यक धार्मिक संस्थान है

(2) निधि/ दान धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जा रहे हैं (3) कम से कम दो साल के खातों के लेखा परीक्षित विवरण पुष्टि करने के लिए कि प्राप्त धनराशि पर कोई लाभ अर्जित नहीं किया गया है]। सदस्यों द्वारा स्वीकार कर लिया गया कि यह इस एक धर्मार्थ संस्थान है और सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज, बंगलौर के समान इसे भी सीएमई कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता दी जा सकती है। समिति ने सुझाव दिया कि डॉ. संधू को अच्छी तरह से बनाया गया और सभी मामलों में पूरा सीएमई प्रस्ताव अग्रेषित करना चाहिए। अकादमी श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर में सीएमई कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर सकती है। उसी प्रक्रिया का संबद्ध संस्थानों, अर्थात् श्री गुरु राम दास दंत चिकित्सा विज्ञान और अनुसंधान संस्थान और गुरु राम दास नर्सिंग शिक्षा और अनुसंधान संस्थान द्वारा अनुरोधित सीएमई कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए अनुपालन किया जाएगा।

(ख) अध्यक्ष ने सूचित किया कि डॉ. ई. पी. भरुचा को जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार डॉ. स्नेहलता देशमुख और डॉ. मुकुंद जोशी द्वारा 28 दिसंबर, 2013 को उनके 97वें जन्मदिन पर प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. एस. कामेस्वरन, एफएएमएस को जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार भी निकट भविष्य में मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई में दिया जा सकता है। डॉ. भास्करन से मद्रास मेडिकल कॉलेज का दौरा करने और मद्रास में अकादमी के अध्येताओं की सभा के दौरान पुरस्कार देने के लिए अनुरोध किया गया था। यह सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया था।

(ग) डॉ ए.एस. थांबिया पुरस्कार की स्थापना के संबंध में पत्राचार पहले भी हुआ है। अध्यक्ष, सीएमई कार्यक्रम समिति को पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित करने के लिए पात्रता आवश्यकताओं का मसौदा तैयार करने के लिए अनुरोध किया गया था। पुरस्कार के नामांकन के लिए पात्रता आवश्यकताओं को व्याख्यान और पुरस्कार समिति की मंजूरी और अध्यक्ष द्वारा समर्थन के बाद डॉ. जी. सेंतामिलसेल्वी को, पात्रता और साथ ही नामांकन आमंत्रित करने के लिए नैम्स प्रक्रिया के लिए और व्याख्यान और पुरस्कार समिति की सिफारिशों के आधार पर पुरस्कार के निर्णय के लिए, उनकी सहमति प्राप्त करने के लिए उपयुक्त पत्र भेजा जा सकता है।

दिनांक 14 मार्च, 2014 को आयोजित शैक्षिक समिति की बैठक की विशिष्टताएं

1. **25 अक्टूबर 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में डॉ. संजीव मिश्रा, एफएएमएस, निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित "निद्रा चिकित्सा" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी।**

   नैम्सकॉन 2013 के शैक्षणिक कार्यक्रम की रिपोर्ट का समिति के सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया था। प्रो. बजाज ने सूचित किया कि "निद्रा चिकित्सा" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी का शैक्षिक कार्यक्रम उत्कृष्ट था कि और उन्होंने डॉ संजीव मिश्रा से नैम्स वेबसाइट पर नैम्सकॉन 2013 के वीडियो अपलोड करने का अनुरोध किया। यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त बजट मंजूर किया जाएगा। पहली बार, लाइव दीक्षांत समारोह अभिभाषण के साथ नैम्सकॉन 2013 कार्यक्रम का पूरा वीडियो नैम्स वेबसाइट पर अपलोड किया गया। समिति ने नैम्सकॉन 2013 का स्थायी रिकार्ड बनाने में डॉ संजीव मिश्रा के नेतृत्व और डॉ. कुलदीप सिंह के समर्पण की सराहना की।

2. 6 दिसंबर 2013 को डॉ. एस. एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर में डॉ. कुलदीप सिंह द्वारा प्रस्तुत "चिकित्सा शिक्षा के लिए मान्य गैर प्रिंट माध्यम का उपयोग कर एक मॉडल सीएमई कार्यक्रम के तुलनात्मक प्रभाव का आकलन" पर सीएमई कार्यक्रम।

   प्रो जे.एस. बजाज ने समिति को सूचित किया कि निद्रा चिकित्सा पर संगोष्ठी में बहुत सी वैज्ञानिक घटनाओं पर प्रकाश डाला गया और संगोष्ठी के बाद अच्छी गुणवत्ता की सीडी और डीवीडी को विकसित किया गया है। उन्होंने एक और विशेषज्ञ, डॉ. वी. के. विजयन के साथ संसाधन सामग्री के रूप में डीवीडी की सहायता से प्रायोगिक आधार पर एम्स, जोधपुर की संबद्ध संस्था डॉ एस.एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर, में इसी तरह की संगोष्ठी आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। यह प्रयोग यह पता लगाने के लिए किया गया था कि क्या लाइव संगोष्ठी और डीवीडी के साथ संगोष्ठी से एक समान परिणाम प्राप्त हो सकता है । डॉ एस.एन. मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी की रिपोर्ट का समिति द्वारा अवलोकन किया गया था। छात्रों के तुलनीय समूह के साथ परिणाम दिलचस्प थे। लाइव संगोष्ठी और डीवीडी प्रयुक्त संगोष्ठी के बीच तुलना पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों के ज्ञान का आकलन करने के लिए 50% निर्धारित किया गया था। केवल 8%

छात्रों के 50% से अधिक अंक आए। अंत में, पश्च आकलन स्कोर 43.8% था। 8% से 43.8% छात्रों के स्कोर 50% से अधिक थे जो सराहनीय है ।

लाइव सीएमई और वीडियो सीएमई के स्कोर की तुलना का समितियों द्वारा अवलोकन किया गया था। लाइव सीएमई में आधारभूत पूर्व हस्तक्षेप स्कोर 33.9% था और हस्तक्षेप के बाद के स्कोर 84.7% थे जबकि वीडियो सीएमई में पूर्व हस्तक्षेप स्कोर 8.9 थे और हस्तक्षेप के बाद के स्कोर 43.8 थे। इस तरह के परिणाम के स्पष्ट कारणों से हैं:

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एक व्यापक तरीके से तुलनात्मक आधार पर छात्रों को स्वीकार करते हैं। इसलिए वहाँ दाखिल छात्रों की अच्छे आधारभूत ज्ञान उत्पाद के साथ अवशोषित क्षमता होती है। जबकि एस.एन. मेडिकल कॉलेज में प्रारंभिक कम यानी 8% है, लेकिन 8% से स्कोर 43.8% तक उठाए गए हैं।
- विवरणात्मक विश्लेषण में लाइव सीएमई से 84% छात्रों की "जब मैंने सवाल पूछे तो मेरे संदेहों को स्पष्ट करने के लिए मुझे पर्याप्त समय मिला" पर अच्छी प्रतिक्रिया थी दूसरी तरफ डॉ एस.एन. मेडिकल कॉलेज में 68% छात्रों के कहा कि यह कम संतोषजनक था क्योंकि अधिकतर छात्रों को अपने संदेहों को स्पष्ट करने के लिए संतोषजनक जवाब नहीं मिला। यदि 8 व्यक्ति बैठे थे और प्रत्येक विशेषज्ञ ज्यादा बेहतर तरीके से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दे सकता है तो 84% छात्र संतुष्ट थे। लेकिन एस.एन. मेडिकल कॉलेज में केवल एक विशेषज्ञ संदेहों को स्पष्ट नहीं कर सका क्योंकि वह शायद सभी विषयों में विशेषज्ञ नहीं हो सकता है। इसलिए, डीवीडी कुछ हद तक संभव विकल्प हो सकता है। लागत लाभ की दृष्टि से एस.एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर से प्राप्त परिणाम उल्लेखनीय थे, लेकिन इसे लाइव सीएमई के समान अच्छा बनाने के क्रम में हमें इसे केंद्रीय स्थान के साथ दोतरफा संपर्क बनाना होगा जहां से वेबकास्ट की मदद से वही दूसरे छोर को प्रदान की जा सकती है, जैसा कि नैम्स-पीजीआईएमईआर संगोष्ठी में किया जा रहा है।

- यदि जानकारी को एक व्यापक प्रसार क्षेत्र में सीडी के माध्यम से प्रचारित किया जाना था, तो फिर सहायक प्रोफेसर के स्तर पर स्थानीय संकाय को सीडी के माध्यम से निर्देशित किया जाना चाहिए था जिससे प्रतिभागी अपने संदेहों को स्पष्ट कर सकें।

- लाइव सीएमई में, सामान्य रूप से 60% से ऊपर कुछ भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा संतोषजनक सूचकांक स्वीकार किया जाता है। हमने उच्च अंक, तीन काट अंक के रूप में 80% से नीचे, >80 से 85 और 85% से अधिक, के रूप में तय कर दी है। 85% से ऊपर हमारे पास 4 वक्तव्य हैं क) मैंने प्रदत्त दस्तावेजों को स्वीकार्य गुणवत्ता का पाया एसआई 85.9% ख) पृष्ठभूमि दस्तावेज में शामिल मुद्दों पर स्पष्टीकरण के लिए समय दिया गया था 87.2% ग) संगोष्ठी का सामान्य वातावरण गंभीर काम के लिए अनुकूल था 87.87% और घ) आयोजकों ने मेरे द्वारा संगोष्ठी के दौरान की गई किसी भी महत्वपूर्ण टिप्पणियों का उपयोग किया 85.57% ये चार बिल्कुल शीर्ष पर थे 80% से नीचे कम संतोषजनक अन्यथा अच्छे थे क) संगोष्ठी की विषय सामग्री मेरे दैनंदिन के शैक्षणिक कार्य में आने वाली समस्याओं से संबंधित थी 71% और मेरी अन्य पेशेवर प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखते हुए संगोष्ठी निर्धारण उपयुक्त था 75.4%। 71% स्कोर के लिए कारण था कि जब हम प्रश्नावली बना रहे थे तो हमें आशा थी कि हमारे लक्षित दर्शक स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर और रेजिडेंट और कनिष्ठ संकाय होंगे परंतु संगोष्ठी में भाग लेने वाले 53 प्रतिभागियों में से 86% स्नातकपूर्व थे।

- अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति ने सूचित किया कि निद्रा चिकित्सा पर टंकित दस्तावेज़ 110 पृष्ठों के साथ तैयार था और यह सीधे मुद्रण के लिए मुद्रक को दिया जा सकता है। समिति को सूचित किया गया था कि निद्रा संगोष्ठी पर तैयार दस्तावेज मुद्रण के लिए डॉ कुलदीप सिंह द्वारा जोधपुर ले जाया जाएगा जहां वर्ष वृतांत्त के पहले (पिछला अंक) मुद्रित किया गया है और हम 5000 प्रतियां मुद्रित करने जा रहे हैं जो हमारे सभी अध्येताओं, सदस्यों और डीएनबी

के सदस्यों और मेडिकल कालेजों को दी जाएंगी। अतिथि संपादकों प्रो. जे.एस. बजाज और डॉ. वी.के. विजयन के साथ वर्ष वृतांत्त को निद्रा चिकित्सा विशेष संख्या 49 अंक 3 और 4 जुलाई 2013 का नाम दिया जाएगा।

- अध्यक्ष द्वारा सूचित किया गया था कि यहाँ सभी डेटा गोपनीय था और सदस्यों को बैठक में दिए गए किसी भी सारणी, रेखांकन को नहीं ले जाने का अनुरोध किया गया। एक गोपनीयता समझौते पर भी समिति के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए।

गर्भावस्था में यकृत रोग पर क्षेत्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट पर समिति के सदस्यों द्वारा विचार किया गया और सभी मामलों में अच्छा पाया गया था। यह निर्णय लिया गया कि आयोजक द्वारा प्रस्तुत सीडी की 10 प्रतियां तैयार करके अकादमी के वरिष्ठ अध्येताओं (डॉ योगेश चावला, एफएएमएस, डॉ आचार्य, डॉ गौरदास चौधरी, एफएएमएस और डॉ कमल बक्शी, एफएएमएस) को एक प्रपत्र के साथ भेजी जाएंगी और उनसे पूछा जाएगा कि यदि सीडी मामूली संशोधनों के साथ गर्भावस्था में यकृत रोग पर व्यापक प्रसार पाठ्यक्रम के लिए प्रयोग की जा सकती है।

डॉ मोहन कामेस्वरन ने 5 दिसंबर, 2013 को आयोजित "बाल बधिरता पर क्षेत्रीय अद्यतन" पर सीएमई कार्यक्रम पर रिपोर्ट पेश की। उन्होंने सूचित किया कि वहाँ 120 प्रतिभागी थे। प्रतिभागियों के विषय ज्ञान के मूल्यांकन के लिए पूर्व सीएमई परीक्षण और बाद के सीएमई परीक्षण के लिए एक ही प्रश्नावली का प्रयोग किया गया था। परीक्षा देकर पत्रक देने वाल प्रतिभागियों की संख्या 51 थी। पूर्व सीएमई का औसत 7.1 था और सीएमई के बाद का औसत 12.6 था। रिपोर्ट की सदस्यों के द्वारा सराहना की गई।

डॉ कुलदीप सिंह ने निद्रा चिकित्सा राष्ट्रीय सर्वेक्षण के बारे में समिति को सूचित किया है कि अध्यक्ष, शैक्षणिक परिषद के निदेशानुसार 25 अक्टूबर, 2013 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर में निद्रा चिकित्सा पर नैम्स-एम्स संगोष्ठी में निद्रा चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यान को पावर प्वाइंट प्रस्तुति के रूप में अधिगम संसाधन सामग्री युक्त एक सीडी समीक्षा करने और 2-3 सप्ताह के भीतर विधिवत फीडबैक मूल्यांकन प्रपत्र को भर कर वापस देने के अनुरोध के साथ 100

मेडिकल कॉलेजों को वितरित की गई थी। मेडिकल कॉलेज को यह भी सूचित किया गया था कि प्रस्तुतियों की वीडियो लिपियों के साथ एक डीवीडी विकसित की गई है और मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस डीवीडी को अत्यधिक रियायती दर पर उनके पुस्तकालय के लिए प्रदान किया जा सकता है।

- प्रो. बजाज ने सूचित किया कि मेडिकल कॉलेजों के संयोजकों, प्रधानाचार्य से संपर्क किया गया और 100 मेडिकल कॉलेजों में से 23 मेडिकल कॉलेजों से प्रतिक्रियाएं प्राप्त की गई हैं। यह भी सूचित किया गया कि क्षेत्रीय संयोजकों को अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी लेने और शीघ्रातिशीघ्र उत्तर वापस भेजने का अनुरोध किया गया है। 23 प्रतिक्रियाओं में से केवल एक मेडिकल कॉलेज ने कहा है कि निद्रा चिकित्सा उनके कॉलेज में पढ़ाई जा रही है। प्रो. बजाज द्वारा प्रस्तावित किया गया कि मेडिकल कॉलेजों से संपर्क कर पूछा जाना चाहिए कि निद्रा चिकित्सा के अंतर्गत उनके यहाँ कौन से विषय पढ़ाए जा रहे हैं और इस प्रयोजन के लिए कितना समय आवंटित किया गया है। जिन कॉलेजों ने 'नहीं' जवाब दिया है, उनसे पूछा गया यदि वे जो अपने कॉलेज में निद्रा चिकित्सा पढ़ाना और अपने संकाय को प्रशिक्षित करना चाहते हैं। अधिकतर प्रतिक्रियाएं हाँ थीं।
- यह सुझाव दिया गया था कि यदि 50 मेडिकल कॉलेजों से डेटा एकत्र किया जा सकता है तो इसे प्रकाशित करके अमेरिका के 10 वर्ष पहले एकत्रित आंकड़ों के साथ तुलना की जा सकती है।
- इस सर्वेक्षण के माध्यम से बहुत से परिणाम मिल रहे हैं और यदि निद्रा चिकित्सा के शिक्षण के संबंध में और अधिक डेटा प्राप्त होता है और प्रवृत्ति यही रहती है तो फिर हम शिक्षण के रुझान के बारे में मंत्रालय को लिख सकते हैं। आयकर विभाग को भी लिखा जा सकता है कि हम टीचिंग पैटर्न डिजाइन और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने में लगातार अनुसंधान कार्य में प्रवृत्त हैं।
- इसके अलावा निर्णय लिया गया कि निद्रा चिकित्सा सीडी भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की स्थानीय शाखाओं को क्षेत्रीय संयोजकों के माध्यम से सामान्य

चिकित्सकों के लिए भेजी जाएगी । यदि हमे 1000 सीडी भी वितरित करनी पड़ें तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यदि चिकित्सक का कहना 'हां' है तो डेटा एकत्र करने के बाद निद्रा चिकित्सा पर सामान्य चिकित्सकों के लिए पुस्तिका की 10,000 प्रतियों प्रकाशित करने का फैसला किया गया था। यदि हमें ये निःशुल्क भी देनी पड़ें तो कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि इससे सामुदायिक स्वास्थ्य पर कुछ प्रभाव अवश्य पड़ेगा। इस में एक बाधा यह है कि हमने मानव संसाधनों को प्रशिक्षित नहीं किया है। सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें आगे बढ़ना चाहिए और यदि हम 2 साल की अवधि में अपने तार्किक मुद्दों के साथ एक समस्या पर भी कार्य करें तो कुछ परिणाम मिल सकते हैं। यह भी निर्णय लिया गया कि क्षेत्रीय संयोजक के माध्यम से आईएमए को 100 सीडी भेज कर क्षेत्र में सामान्य चिकित्सकों में प्रसारित करने का अनुरोध किया जा सकता है ।

- सीडी और डाक की तैयारी पर किए गए व्यय के बिल प्रस्तुत करने के बाद अकादमी द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी।

अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति ने समिति के सदस्यों को सूचित किया कि निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना ने 24 मई 2014 को "आपदाओं और चिकित्सा आपात स्थिति के लिए एक पूर्व अस्पताल प्रतिक्रिया का विकास" विषय पर एक नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी का आयोजन करने का प्रस्ताव दिया है।

संगोष्ठी के अधिकतम प्रभाव के लिए अध्यक्ष ने प्राधिकरण के चिकित्सा सदस्यों में से एक डॉ. मुजफ्फर अहमद, एफएएमएस से संपर्क किया और वे भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए संगोष्ठी में भाग लेने के लिए तैयार हो गए थे। वे पूरे दिन वहाँ रहेंगे और देखेंगे कि वहाँ क्या चर्चा की जा रही है। इसके बाद, औपचारिक मसौदा सिफारिश राष्ट्रीय आधार पर इसके कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय प्राधिकरण को वापस भेजी जाएगी।

सीएमई / वैज्ञानिक कार्यक्रम और नैम्सकॉन **2014** सहित शैक्षणिक गतिविधियों के भविष्य की योजना पर विचार करने के लिए।

1. अकादमी संगोष्ठियों / सीएमई का आयोजन करने के लिए प्रो. जे. एस. बजाज को संबोधित निम्नलिखित प्रस्ताव प्राप्त हुए थे:

   - अगस्त/ सितंबर में शासकीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, चंडीगढ़ में डॉ. अतुल सचदेव द्वारा आयोजित "सूजन आंत्र रोग" पर क्षेत्रीय संगोष्ठी।
   - 17 अगस्त 2014 को मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई में डॉ. जी. गणनाथन, निदेशक, मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई द्वारा आयोजित "कर्णतंत्रिका विज्ञान" पर नैम्स क्षेत्रीय संगोष्ठी
   - अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में डॉ. संजीव मिश्रा, एफएएमएस द्वारा आयोजित मोटापे पर संगोष्ठी
   - श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर, पंजाब में "पंजाब में विटामिन की कमी और जनसंख्या के सामान्य स्वास्थ्य पर इसके बुरे प्रभाव" पर सीएमई कार्यक्रम
   - श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर, पंजाब में "सिर और गर्दन के सौम्य और घातक रोग विज्ञान" पर दंत चिकित्सा डाक्टरों के लिए सीएमई कार्यक्रम
   - जून / जुलाई, 2014 में श्री गुरु राम दास आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अमृतसर, पंजाब में "मधुमेह प्रकार - द्वितीय रोगियों के नर्सिंग देखभाल" पर सीएमई कार्यक्रम

   सीएमई / संगोष्ठियों / कार्यशालाओं को समिति के सदस्यों द्वारा सिद्धांत रूप में मंजूरी दी गई थी। शैक्षिक गतिविधि के संचालन के लिए दिशा निर्देशों के अनुसार पूरा प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए एक पत्र आयोजकों के पास भेजा जाएगा।

2. **नैम्सकॉन** 2014

अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति ने सूचित किया कि नैम्स का 54वां वार्षिक सम्मेलन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में 17 अक्टूबर, 2014 को आयोजित किया जायेगा।

क) "मद्य के सेवन के हानिकारक प्रभाव: साक्ष्य के आधार पर राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता" पर नैम्स संगोष्ठी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में 17 अक्टूबर 2014 को आयोजित की जाएगी।*(अनुबंध **II** पृष्ठ 19-21)*

ख) "निजीकृत चिकित्सा" पर क्षेत्रीय संगोष्ठी शनिवार, 18 अक्टूबर, 2014 को आयोजित की जाएगी। प्रस्तावित वैज्ञानिक कार्यक्रम की एक प्रति समिति के सदस्यों के लिए भी प्रदान की गई।*(अनुबंध **III** पृष्ठ 22-25)*

3. **नए व्याख्यान और पुरस्कार की स्थापना**

सदस्यों को सूचित किया गया था कि एक नया व्याख्यान डॉ. जे. जी. जॉली व्याख्यान और एक पुरस्कार डॉ. ए. एस. थांबिया पुरस्कार इस वर्ष से स्थापित किए गए हैं। डॉ. नीरज जॉली से रुपये 5 लाख का चेक प्राप्त किया गया है। इस व्याख्यान के लिए नामांकन इस वर्ष (2014) में आमंत्रित किए जाएंगे और पहला व्याख्यान वर्ष 2015 में दिया जाएगा; व्याख्यान वर्ष 2015-2035 तक केवल 20 वर्ष के लिए प्रभावी हो जाएगा। यह सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया था। (अनुबंध **IV** *पृष्ठ* 26-28)

अध्यक्ष ने आगे बताया कि यदि डॉ. ए. एस. थांबिया पुरस्कार के लिए रुपये दो लाख का चेक प्राप्त होता है तो पुरस्कार के लिए नामांकन इस वर्ष आमंत्रित किए जाएंगे, अन्यथा चेक अकादमी कार्यालय में प्राप्त होने के बाद ही नामांकन आमंत्रित किए जाएंगे।

4. **अन्य गतिविधियां: नैम्स जीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार के लिए नामांकन**, **2013**

12 जुलाई 2008 को आयोजित परिषद की 122वीं बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नैम्स जीवन काल उपलब्धि पुरस्कार के लिए नामांकन शैक्षणिक परिषद

के सदस्यों द्वारा किए जाएंगे जिन पर व्याख्यान और पुरस्कार समिति द्वारा विचार किया जाएगा फिर व्याख्यान और पुरस्कार समिति की सिफारिश को अनुमोदन के लिए परिषद के समक्ष रखा जाएगा।

अध्यक्ष, शैक्षणिक समिति ने जीवन काल उपलब्धि पुरस्कार, 2013 के लिए डॉ हरिभाई एल. पटेल और जीवन काल उपलब्धि पुरस्कार, 2014 के लिए डॉ सी. एस. भास्करन को नामित किया है। जीवन काल उपलब्धि पुरस्कार, 2014 डॉ सी. एस. भास्करन के नैम्स के अध्यक्ष रहने तक प्रास्थगित रहेगा और उनका कार्यकाल समाप्त होते ही उन्हें पुरस्कार दे दिया जाएगा।

